खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 09°C

मुरादाबाद, सोमवार 8 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 114 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 16 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





बाबर कोई मसीहा नहीं, न बने उसके नाम पर कोई मस्जिद : इकबाल अंसारी पेज 2



स्मृति मंधाना-पलाश मुच्छल की शादी कैंसिल खेल टाइम्स



लोकतंत्र में बंदों को गिना करते हैं तौला नहीं करते सम्पादकीय



इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं: पीटीआई पेज 12

# एलओसी पर पाकिस्तान के 68 आतंकी लॉन्च पैड सक्रिय

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्च पैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया एजेंसियों ने ये जानकारी दी है।

सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि आतंकी सीमा के करीब भी न पहुंच सकें। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजे जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए। सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गई है।



**120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में, सुरक्षाबलों को निर्देश, टेररिस्ट सीमा के करीब न पहुंचें**

## ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ: नेवी चीफ

**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने रविवार को कहा कि भले ही ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया है, लेकिन ये अभी भी जारी है।

भारत पर अगर कोई भी अटैक की कोशिश करेगा, तो हमारी सेना उसे मुंहतोड़ जवाब देगी, जैसा ऑपरेशन सिंदूर के समय दिया था। रविवार को दिल्ली में आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंक्शन 2025 में पहुंचे नेवी चीफ ने कहा कि आप जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में केंद्र सरकार ने क्या कदम उठाए थे। मुझे महसूस होता है कि इस देश के नागरिकों को अपनी सेना पर गर्व है।

**त्रिपाठी ने कहा: जो हम पर बुरी नजर डालेगा, उसे करारा जवाब देंगे**

## प्रधानमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने सभी लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने की भी अपील की श्री मोदी ने कहा कि सशस्त्र बलों के जवानों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस राष्ट्र की रक्षा करता है और देशवासियों को सशक्त बनाता है। उनकी प्रतिबद्धता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण का उदाहरण है।

# इंडिगो संकट: छठे दिन 650+ फ्लाइट कैंसिल




शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पिछले 5 दिन से चल रहे इंडिगो संकट के कारण शनिवार को भी 800 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुईं। छठे दिन भी यह सिलसिला जारी है।

हालांकि इंडिगो ने दावा किया है कि उसने 95 फीसदी रूट पर फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल कर दिया है। एयरलाइन ने कहा कि 138 में से 135 डेस्टिनेशंस पर फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। हमें लोगों का भरोसा दोबारा जीतने के लिए काफी वक्त लगेगा। इधर, रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं। कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसम्बर को रात 8 बजे तक पूरा करनी होगी। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा। कंपनी के सीईओ को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा। बाकी एयरलाइंस के बढ़ते किराए पर रोक लगाई। हवाई किराया फिक्स किया। अब -शेष पृष्ठ दो पर

**रात आठ बजे तक पैसा रिफंड करने के निर्देश, सरकार ने पूछा- बताएं आप पर एक्शन क्यों न हो**

### एयरलाइन ने अब तक 610 करोड़ रुपये रिफंड किए

**नई दिल्ली।** इंडिगो ऑपरेशन संकट के बीच रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि रविवार को हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस (ओटीपी) 75 फीसदी रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद मेमोरियल बनाने का ऐलान

**हैदराबाद।** तहरीक मुस्लिम शब्बन ने ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद मेमोरियल और वेलफेयर इंस्टीट्यूशन बनाने के प्लान का ऐलान किया है। यह फैसला मस्जिद गिराए जाने की 33वीं बरसी पर लया गया। संस्था के प्रेसिडेंट मुश्ताक मलिक ने कहा कि हम जल्द ही ऐलान करेंगे कि यह कैसे और कितने समय में बनाया जाएगा। मलिक ने कहा कि बाबर के नाम से किसी को परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि यह मुद्दा पॉलिटिकल प्रोपेगैंडा है। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सस्पेंड एमएलए हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की नींव रखी है। तहरीक मुस्लिम शब्बन के प्रेसिडेंट ने आरोप लगाया कि अगर हम तुलसीदास की रामायण देखें, तो वह बाबरी मस्जिद बनने के 60 साल बाद लिखी गई थी।

### AI व मशीन लर्निंग से बिजली वितरण क्षेत्र में आएगा बड़ा बदलाव : मनोहर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) आधारित तकनीकें भारत के बिजली वितरण क्षेत्र को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने यहां भारत मंडपम में आयोजित बिजली वितरण क्षेत्र में एआई/एमएल तकनीकों के उपयोग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री लाल ने कहा कि एआई/एमएल से संचालित समाधान बुद्धिमान, उपभोक्ता-केंद्रित और स्व-अनुकूलित वितरण नेटवर्क विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

### नाइजीरिया को ब्रिक्स सदस्य बनने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** नाइजीरिया के विदेश मंत्री यूसुफ टुगर ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में वह भी विश्व की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बन जाएगा। श्री टुगर ने कतर में दोहा फोरम में कहा कि 2050 तक नाइजीरिया की आबादी चार करोड़ हो जाएगी। नाइजीरिया को ब्रिक्स से बहुत कुछ सीखना है।

# गोवा के नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट, 25 लोगों की मौत, छह घायल

## क्लब का मैनेजर गिरफ्तार, चार टूरिस्ट समेत 18 लोगों के शवों की पहचान की गई

पणजी, वार्ता

**गोवा के** अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट होने से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हैं। मरने वालों में 4 टूरिस्ट और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि 7 लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। गोवा पुलिस ने क्लब के मैनेजर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक क्लब में करीब 12 बजे सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। यह इतना जोरदार था कि कुछ ही मिनटों में आग पूरे क्लब में फैल गई। फायर ब्रिगेड ने काफी देर की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही सीएम प्रमोद सावंत और स्थानीय विधायक माइकल लोबो मौके पर पहुंचे। सीएम ने बताया कि 3 लोगों की मौत जलने और बाकी की मौत दम घुटने से हुई है। हादसे की पूरी जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया गया था। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और फोरेंसिक (एफएसएल) टीम आग की असली वजह की जांच कर रही है। पणजी से करीब 25 किमी दूर अरपोरा गांव में यह पापुलर पार्टी वेन्यू पिछले साल खुला था। आग आधी रात के बाद रोमियो लेन के पास बिर्च में लगी। गोवा के डीजीपी -शेष पृष्ठ दो पर



**फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू | तीन की मौत जलने और बाकी की मौत दम घुटने से हुई : सीएम**

### राष्ट्रपति और पीएम ने दुख जताया अनुग्रह राशि देने का ऐलान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा के अरपोरा में हुए भयावह अग्निकांड पर रविवार को गहरा दुख और शोक प्रकट किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उत्तरी गोवा जिले में आग लगने की दुखद घटना से बहुत दुख हुआ। इसमें कई कीमती जानें चली गईं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। भगवान उन्हें इस मुश्किल समय में हिम्मत दे। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख जताते हुए घायल लोगों के जल्द ठीक होने की भी कामना की। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने स्थिति के बारे में गोवा के मुख्यमंत्री डा. प्रमोद सावंत से बात की है। केंद्र सरकार इस त्रासदी से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दे रही है।

# SIR अभियान पर सतर्क दृष्टि रखें कार्यकर्ता: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम सहारनपुर मंडल के भाजपा के जनप्रतिनिधियों से कहा कि वह मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पर सतर्क नजर रखें। सरकार की मंशा है कि कोई भी घुसपैठिया या अवैध नागरिक इस अभियान से बचना नहीं चाहिए। योगी ने एसआईआर अभियान पूरा होने के बाद नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया।

बैठक में शामिल राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने बताया कि सहारनपुर मंडल में पुनरीक्षण अभियान सही तरीके से चल रहा है। बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, विधायक राजीव गुंबर, एमएलसी विरेंद्र चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, पश्चिम प्रांत मेरठ के अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, तीनों जिलों के भाजपा अध्यक्ष और पार्टी की ओर से एसआईआर के कार्य देख रहे संयोजकगण आदि शामिल रहे।

**कहा: कोई भी घुसपैठिया या अवैध नागरिक अभियान से बचना नहीं चाहिए**

### एसआईआर में लोगों के नाम काटे जा रहे हैं : अखिलेश यादव

**सहारनपुर।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि एसआईआर के अंदर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। एक निजी समारोह में शिरकत करने पहुंचे श्री यादव ने कहा कि चुनाव आयोग का काम मतदाता प्रतिशत को बढ़ाने का था लेकिन आयोग वोटों को काट रहा है। बीएलओ फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं, फाइनल लिस्ट जारी होने के बाद कितने नाम काटे गए। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं कर रही है। खुद को खड़ा करने के लिए दूसरे देशों का सहारा लेना पड़ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया गिर गया है। इस समय डॉलर की कीमत 90 रुपये हो चुकी है और रुपया नीचे गिर गया है।

### एमपी में शीतलहर, 24 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों से बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ गई है। मध्य प्रदेश में रविवार को शीतलहर का अलर्ट है। शनिवार को प्रदेश के 24 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम रहा। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी से राहत मिल सकती है। अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। वहीं, शनिवार को जोधपुर, जैसलमेर समेत कुछ जिलों में बादल छाए रहे, हालांकि बारिश नहीं हुई। इधर, उत्तराखंड में रविवार को बद्रीनाथ-केदारनाथ समेत अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। वहीं, उत्तरकाशी समेत 3 जिलों में बारिश की संभावना है।

# बांग्लादेश में दो महीने भूखे-प्यासे भटके: सोनाली खातून

**नई दिल्ली।** यदि पुलिस घर आए और कहे कि आप बांग्लादेशी हैं। सामान समेटिए, आपको बांग्लादेश डिपोर्ट कर रहे हैं। अपने बचाव में आप आधार, राशन कार्ड दिखाएं, लेकिन पुलिस एक न सुने और आंख पर पट्टी बांधकर सीधे बांग्लादेश बॉर्डर भेज दे। ऐसा फरमान किसी की भी जिंदगी को पलभर में उजाड़ देगा।

26 साल की सोनाली खातून की जिंदगी ऐसे ही एक फरमान ने नरक बना दी थी। गर्भवती खातून के साथ उसके 8 साल के बेटे ने भी इस नरक को भोगा। शुक्र है कि 3 दिसम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने मानवीय आधार पर सोनाली को भारत लाने का आदेश दिया। सोनाली अब पश्चिम बंगाल में हैं। कुपोषण का इलाज करा रही हैं। इनकी लड़ाई लड़ रहे प. बंगाल माइग्रेट बोर्ड -शेष पृष्ठ दो पर

**बीएसएफ ने आंख पर पट्टी बांधकर बांग्लादेश भेजा, बोले- पीछे मुड़े तो गोली मार देंगे**

### यूनेस्को का अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली।** अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के सम्मेलन का आयोजन पहली बार भारत में किया जा रहा है। यूनेस्को की अंतरसरकारी समिति का यह 20वां सत्र दिल्ली के लाल किला परिसर में आठ से 13 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता विशाल वी. शर्मा करेंगे।

# राजनाथ ने बीआरओ के 125 इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन

लेह, वार्ता

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने रविवार को लद्दाख में बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइज़ेशन (बीआरओ) के 125 इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे बीआरओ और केंद्र के बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि अच्छी सड़कों, रियल टाइम कम्युनिकेशन, सेटेलाइट स्पोर्ट, सर्विलांस नेटवर्क व लॉजिस्टिक स्पोर्ट से देश की सीमाओं पर आज हमारे सैनिक मजबूती के साथ खड़े हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में मजबूत कनेक्टिविटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्होंने लद्दाख में दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड पर बनी 920 मीटर लंबी श्योक टनल, गलवान मेमोरियल, कश्मीर, राजस्थान, चंदीगढ़ समेत अन्य राज्यों के 5000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि ये प्रोजेक्ट्स सेना के बहादुर सैनिकों और बीआरओ के उन जवानों को श्रद्धांजलि हैं, जो देश के लिए बिना थके काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले बीआरओ के इतने सारे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कभी नहीं हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि श्योक टनल इंजीनियरिंग का कमाल है। इस इलाके में हर मौसम में भरोसेमंद कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा, और यह टनल कड़ाके की सर्दियों के दौरान तेजी से तैनाती की क्षमता को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आज हम लद्दाख में दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड पर बनी 920 मीटर लंबी श्योक टनल का उद्घाटन कर रहे हैं। दुनिया के सबसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण इलाकों में से एक में बनी यह इंजीनियरिंग की अनोखी मिसाल, इस स्ट्रेटेजिक इलाके में हर मौसम में भरोसेमंद कनेक्टिविटी पक्का करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि लद्दाख के साथ-साथ आज जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी दूसरे प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में, जिस तेजी और कुशलता से बीआरओ ने बॉर्डर इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है, उससे देश के

**रक्षा मंत्री ने कहा: ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में मजबूत कनेक्टिविटी ने अहम भूमिका निभाई**



## संक्षिप्त समाचार

### संविधान को सही तरीके से लागू करे सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर ने करोड़ों गरीबों, दलितों, शोषितों और वंचितों को सामाजिक न्याय व अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके मिशनरी विचार बहुजन समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। डा. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस (6 दिसम्बर) पर देशभर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए समर्थकों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए कहा कि देश आज महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, वायु प्रदूषण, रुपये की गिरती कीमत और आर्थिक अस्थिरता जैसे गंभीर संकटों से जूझ रहा है। एयरलाइंस संचालन में अव्यवस्था से लेकर आम लोगों की प्रतिदिन की समस्याओं तक हर ओर चिता का माहौल है।

### यूपी में एसआईआर का कार्य प्रगति पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर के कार्यों में तेज प्रगति है। उन्होंने बताया कि बीएलओ को चिन्हित अनुपस्थित, शिफ्टेड तथा मृत मतदाताओं का एक बार पुन: अपने स्तर पर गहन जांच करने तथा इस कार्य में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए का पूर्ण सहयोग लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। राजनीतिक दल भी बूथों पर नियुक्त बीएलए को अपने स्तर से सहयोग करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम दर्ज हों सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक प्रदेश में 34 विधानसभा क्षेत्रों में तथा 91,441 बूथों पर शत प्रतिशत कार्य बीएलओ द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

# बाबर कोई मसीहा नहीं, न बने उसके नाम पर कोई मस्जिद: इकबाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/अयोध्या।** बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद के पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने पश्चिम बंगाल के बेलडांगा में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा कथित रूप से बाबरी मस्जिद के नाम पर निर्माण की नींव रखे जाने को लेकर कहा कि यह कदम पूरी तरह चुनावी राजनीति से प्रेरित है और उनका मानना है कि बाबर के नाम पर कोई मस्जिद नही बननी चाहिए, क्योंकि बाबर कोई मसीहा नहीं था। अंसारी ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 9 नवम्बर 2019 को उच्चतम न्यायालय ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद पर अपना अंतिम फैसला सुनाया था, जिसके बाद देशभर के मुसलमानों ने न्यायालय के निर्णय का सम्मान किया और अमन बनाए रखा। कोर्ट ने फैसला किया और पूरे देश में एक पत्ता भी नहीं हिला। यही इस बात का सबसे बड़ा सबूत है कि आज देश में इस मुद्दे को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव नजदीक आते देख कुछ नेता फिर से मंदिर-मस्जिद की राजनीति शुरू कर रहे हैं।

### केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार विफल साबित: अखिलेश

**लखनऊ/सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर कड़ा प्रहार किया है। रविवार को सहारनपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों ही जगह भाजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। जनता महंगाई की मार झेल रही है, नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा और थानों में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। अखिलेश यादव ने भारतीय मुद्रा में लगातार गिरावट पर चिता जताते हुए कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले तेजी से कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि रुपया गिरते-गिरते 90 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच चुका है।

# यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं में हुए बदलाव

प्रयागराज, वार्ता

■ परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित होगी

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में इस बार उत्तर पुस्तिकाओं में दो अहम बदलाव किए गए हैं। अभी तक उत्तर पुस्तिका में महज एक कवर पेज होता रहा है, जिस पर परीक्षार्थी अपना पूरा विवरण लिखता था, लेकिन पहली बार इस परीक्षा में दो कवर पेज किया जा रहा है।

पहला कवर पेज परीक्षार्थियों के लिए होगा तो दूसरा कवर पेज परीक्षकों के लिए होगा। दूसरे कवर पेज पर परीक्षक अंक लिखेंगे कि किस पेज पर कितने अंक परीक्षार्थी को मिले हैं। अभी तक परीक्षक कापियों के मूल्यांकन के समय उसी कवर पेज पर अंक भी लिख देते थे, जिस पर परीक्षार्थी अपना विवरण भरा होता था। इससे कई बार कन्फ्यूजन भी होता था। इसी तरह दूसरा बदलाव कापियों की साइज में किया गया है। कापियां अब वर्टिकल साइज में की गई है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित होगी। यूपी बोर्ड की 2026 की परीक्षा में 52,30,297 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल में 27 लाख 50 हजार 945 और इंटरमीडिएट में 24 लाख 79 हजार 352 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जबकि यूपी बोर्ड की 2025 की परीक्षा में 5438597 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। हाईस्कूल में 2740151 और इंटर मीडिएट में 2698 446 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 2025 में कुल 8140 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, लेकिन इस बार परीक्षार्थियों की संख्या लगभग दो लाख घटी है, जिससे प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की संख्या भी 209 तक कम हुई है।

### देश भर में क्लैट-2026 परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**लखनऊ।** देश के विभिन्न लॉ कॉलेजों में प्रवेश के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट)-2026 का आयोजन रविवार को पूरे देश में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। परीक्षा का आयोजन दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक किया गया। इस वर्ष की परीक्षा का आयोजन कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज द्वारा डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयोग से किया गया। देशभर के 173 टेस्ट केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 92,344 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें 75,008 अभ्यर्थी स्नातक पाठ्यक्रम तथा 17,336 अभ्यर्थी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सम्मिलित हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में हुई। लखनऊ क्षेत्र में कुल 5,365 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 5,212 ने परीक्षा दी, जबकि 153 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार क्षेत्र में 97 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जो उल्लेखनीय मानी जा रही है। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था की निगरानी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष रूप से की गई।

## आंशिक रूप से भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा लाभ: शर्मा

# बिजली बिल राहत योजना में करा सकेंगे पंजीकरण

शाह टाइम्स ब्यूरो



ऊर्जा मंत्री के आदेशों के बाद अब 30 नवम्बर 2025 तक भुगतान करने वाले सभी आंशिक बकाएदार उपभोक्ताओं को विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। इस फैसले से प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ होने जा रहा है और उनके आर्थिक बोझ में बड़ी कमी आएगी।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आम उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ऊर्जा मंत्री एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना के दायरे को विस्तारित करने का बड़ा निर्णय लिया है।

अब वे उपभोक्ता भी योजना का लाभ प्राप्त करेंगे, जिन्होंने 31 मार्च के बाद भी आंशिक रूप से बिजली बिलों का भुगतान किया है, लेकिन अब भी बकाया शेष है। इससे पहले केवल 31 मार्च 2025 तक भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को ही योजना में शामिल किया गया था, जिसके कारण हजारों परिवार लाभ से वंचित रह जा रहे थे। विभिन्न जनपदों में भ्रमण व विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मंत्री से अपनी व्यथा रखी। उन्होंने बताया कि अप्रैल, मई, जून सहित बाद के महीनों में उन्होंने कुछ-न-कुछ भुगतान किया है, फिर भी वे योजना के पात्र नहीं बन पाए थे। इन शिकायतों के मद्देनजर ऊर्जा मंत्री ने अत्यंत संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति वाले उपभोक्ताओं को योजना में सम्मिलित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिले। जिन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार भुगतान किया है, उन्हें लाभ से वंचित नहीं रखा जा सकता। फिलहाल सरकार का यह कदम उपभोक्ता हितों के संरक्षण, संवेदनशील प्रशासन और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण माना जा रहा है।

### क्या कहते हैं पावर कारपोरेशन के एमडी

पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि दो किलोवाट तक के घरेलू नेवर पेड उपभोक्ता और एक किलोवाट तक के कामर्शियल नेवरपेड उपभोक्ता भी अब इस बार लागू हुई बिजली बिल राहत योजना में रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। अभी तक उन्हें इस योजना में लाभ न देने का फैसला लिया गया था, लेकिन ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर अब उन्हें भी शामिल कर लिया गया है। 11 दिसंबर से अन्य उपभोक्ताओं की तरह ही नेवर पेड उपभोक्ता भी इस योजना में लाभ पाने के लिए अपना पंजीकरण करा सकें,उनके लिए भी व्यवस्था लागू कर दी गई है। प्रदेश में नेवर पेड 5412443 उपभोक्ता हैं, जिन पर मूल धनराशि के रूप में 16105 करोड़ रुपया बकाया है। लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता 9145985 हैं, जिन पर मूल धनराशि के रूप में 15100 करोड़ रुपया बकाया है। इस तरह कुल 14558428 उपभोक्ता हैं, जिन पर मूल धनराशि 31205 करोड़ रुपया बकाया है। सरचार्ज मिलाकर यह राशि 45980 करोड़ रुपये है, जिसमें 24775 करोड़ रुपये सरचार्ज के रूप में है।

### 11 दिसम्बर से पंजीकरण होगा शुरू

यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की तरफ से सभी डिस्काम को निर्देशित किया गया है कि अब 11 दिसंबर से नेवरपेड उपभोक्ताओं का भी बिजली बिल राहत योजना में पंजीकरण कराना शुरू किया जाए। विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

# अलीगढ़- मुजफ्फरनगर में सबसे अधिक फर्जी वोटर

शाह टाइम्स संवाददाता



■ कार्यकर्ता सब काम छोड़कर एसआईआर का काम कराएं

**अलीगढ़।** सीएम योगी ने रविवार को अलीगढ़ पहुंचकर कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक घंटे तक समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने मंडल में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति पर जानकारी ली। सांसद और विधायक भी बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) सबसे महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव सिर्फ प्रशासन के भरोसे नहीं जीते जाते। पार्टी कार्यकर्ताओं को खुद मैदान में उतरकर एसआईआर के काम में पूरी गंभीरता से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा फर्जी वोटरों के मामले अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर में मिल रहे हैं, इसलिए यहां विशेष सावधानी की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि वे खुद निगरानी करें और किसी भी पात्र मतदाता को सूची से छूटने न दें। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों की रणनीति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी गंभीरता के साथ मतदाता सूची में अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है और साइलेंट रूप से काम कर रहा है।



सेंसेक्स 85712.37
निफ्टी 26146.45



सोना रु. 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 179025
प्रति किलो



# खुदरा महंगाई पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के बाद अब निवेशकों की नजर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक और खुदरा महंगाई के आंकडत्रें पर रहेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक 9 और 10 दिसम्बर को होने वाली है। वहीं घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई के नवम्बर के आंकड़े 12 दिसम्बर को जारी होंगे।

डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में उतार-चढ़ाव का असर स्पष्ट रूप से बाजारों पर दिखेगा। औद्योगिक उत्पादन के कमजोर आंकड़ों के बाद पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही। रुपये की गिरावट से भी निवेश धारणा कमजोर हुई। हालांकि सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से बाजार में रौनक लौट आई, विशेषकर बैंकिग कंपनियों में। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 5.70 अंक की नगण्य बढत्र के साथ 85,712.37 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 26,186.45 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव जयादा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.23 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.80 प्रतिशत लुढ़क गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 16 में साप्ताहिक गिरावट रही, जबकि अन्य 14 में तेजी दर्ज की गई। इटनरल को सबसे अधिक 2.58 प्रतिशत का नुकसान हुआ। टाइटन का शेयर 2.42 फीसदी, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.75 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.66 प्रतिशत टूट गया। सप्ताह के दौरान ट्रेंट का शेयर 1.45 फीसदी, सनफार्मा का 1.44, बीईएल का 1.18 और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.10 फीसदी लुढ़क गया। एनटीपीसी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी और अडानी पोर्ट्स में 0.50 फीसदी की गिरावट रही। इनफोसिस का शेयर 3.61 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। टेक महिंद्रा में 3.49 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 3.39, एशियन पेंट्स में 3.26 और टीसीएस में 3.16 प्रतिशत की गिरावट रही।

# 300 महिला उद्यमियों ने दिखाया आजीविका मिशन का प्रभाव


**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आयोजित हुए सरस फूड फेस्टिवल 2025 में दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सफलता तब स्पष्ट रूप से दिखाई दी जब इस साल मेले में 25 राजयों से लगभग 300 'लखपति दीदी' और स्वयं सहायता समूह उद्यमी भाग लेने पहुंचीं। इतनी बड़ी संख्या में इन महिला उद्यमियों का भाग लेना ग्रामीण भारत में आजीविका और सशक्तिकरण की एक बड़ी सफलता है। मेले के आकर्षण का केंद्र मोहाली, पंजाब की वंदना भारद्वाज रहीं। श्रीमती भारद्वाज अपनी आकर्षक और खास तरह की कढ़ाई 'फुलकारी' को लेकर आई थीं। उन्होंने साल 2018 में मात्र दस महिलाओं के एक छोटे स्वयं सहायता समूह से शुरुआत की थी। वह आज 25 गांवों में 500 से अधिक स्वयं सहायता समूह का नेतृत्व करती हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय से मिली सिलाई मशीनें और 30,000 की कार्यशील पूंजी जैसी मदद ने उनके उद्यम को बदल दिया। उनके नेतृत्व में ये समूह अब स्वेटर, स्कूल यूनिफॉर्म और उच्च गुणवत्ता वाले फुलकारी कपड़े बनाते हैं। इनकी खरीद सरकारी विभाग राष्ट्रीय और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को उपहार देने के लिए होती है। ओडिशा के 'मां' नाम के स्वयं सहायता समूह की एक सदस्य ने बताया कि इस समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आसान कर्ज और सरकारी अधिकारियों से नियमित मदद मिली। उन्होंने गर्व से बताया कि उन्होंने पिछले सरस मेले में पांच लाख के इकत सूती कपड़ों की बिक्री दर्ज की थी। इकत ओडिशा की खास छपाई का नाम है।

# गेहूं, चीनी मजबूत, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव स्थिर रहे। ग्राहकी आने से गेहूं और चीनी में तेजी रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत कमोबेश कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं हुआ और सप्ताहांत पर यह 3,823.09 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

गेहूं छह रुपये बढ़कर 2,844.45 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत 13 रुपये फिसलकर 3,288.75 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 83 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 44 रुपये और सूरजमुखी तेल की 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सोया तेल 11 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में चार रुपये और पाम ऑयल में दो रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। दाल-दलहनों में सप्ताह के दौरान मसूर दाल की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं चना दाल 20 रुपये सस्ता हुआ। तुअर दाल और मूंग दाल 14.14 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई।



उड़द दाल भी तीन रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 28 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। चीनी भी 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7812.14 रुपये, मसूर काली 8116.37 रुपये, मूंग दाल 10089.27 रुपये, उड़द दाल 10356.15 रुपये, तुअर दाल 10525.12 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.45 रुपये और चावल 3823.09 रुपये प्रति क्विंटल, आटा (गेहूं) 3288.75 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुडत्र: चीनी एस 4335.25 रुपये और गुड़ 5024.90 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17705.97 रुपये, मूंगफली तेल 17654.54 रुपये, सूरजमुखी तेल 15699.01 रुपये सोया तेल 13781.16 रुपये, पाम ऑयल 12440.97 रुपये और वनस्पति 14461.12 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**गोवा के...** आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब में काम करने वाले कर्मचारी थे। डीजीपी ने कहा कि आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर में बनी रसोई से क्लब के दूसरे हिस्सों में फैली। इसलिए सबसे ज्यादा शव किचन एरिया से मिले हैं। भागने की कोशिश में दो लोगों की मौत सीढ़ियों पर हुई। चश्मदीद फातिमा शेख के मुताबिक, आग लगते ही अंदर जोरदार भगदड़ मच गई। उस समय क्लब में वीकेंड पार्टी चल रही थी और करीब 100 लोग डांस फ्लोर पर थे। जैसे ही धुआं और लपटें दिखीं, कई लोग घबराकर नीचे की ओर भागे और गलती से ग्राउंड फ्लोर के किचन में पहुंच गए। वहां पहले से मौजूद स्टाफ भी फंस गया। कई लोग जैसे-तैसे बाहर निकले, लेकिन कुछ अंदर ही रह गए। सीएम सावंत ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आज का दिन गोवा के लिए बहुत दुखद है। अरपोरा में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई। मैं बेहद दुखी हूं और इस कठिन समय में सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने मौके पर जाकर हालात देखे और इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**इंडिगो संकट:...** कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपये, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपये से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी। एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18 हजार रुपये तय किया गया है। हालांकि ये किराया सीमा बिजनेस क्लास के लिए लागू नहीं होगी। रविवार को कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो की 76 उड़ानें रद्द हुई हैं। इनमें 53 फ्लाइट उड़ान भरने वालीं और 23 फ्लाइट लैंड होने वालीं कैंसिल हुई हैं।

**बांग्लादेश में...** के अध्यक्ष समीरुल इस्लाम और सुप्रीम कोर्ट में वकील संजय हेगड़े ने सोनाली की पूरी कहानी बताई। सोनाली खातून, उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने 18 जून 2025 को रोहिणी इलाके से हिरासत में लिया था। पुलिस ने सोनाली, पति दानिश, बेटे साबिर, स्वीटी बीबी और उनके दो बेटों को 18 जून को दिल्ली के रोहिणी इलाके से उठाया था। पुलिस उस वक्त गृह मंत्रालय के आदेश पर बांग्लादेशियों को पकड़ रही थी। लेकिन, पुलिस ने मंत्रालय का सर्कुलर ठीक से पढ़ा ही नहीं था। सोनाली कबाड़ बीनती है। उसने पुलिस को आधार, वोटर आईडी दिखाए।

1952 के जमीन के कागजात और साबिर का जन्म प्रमाण पत्र दिखाया था। लेकिन, किसी ने गुहार नहीं सुनी। पुलिस ने सोनाली, साबिर, स्वीटी बीबी और तीन अन्य सदस्यों को गृह मंत्रालय की टीम को सौंपा था। यहां से बीएसएफ की टीम सभी को प्लेन से पश्चिम बंगाल में मालदा जिले की महादी सीमा चौकी पर ले गई थी। बीएसएफ की एक टीम ने रात के अंधेरे में इनकी आंखों पर पट्टी बांधी और बांग्लादेश बार्डर की ओर धकेल दिया था। चेतावनी दी कि पीछे मुड़े तो गोली मार देंगे। सोनाली बेटे और गर्भ को लेकर बांग्लादेश में शारीरिक और मानसिक यातनाएं झेल रही थी। फिर बांग्लादेश पुलिस ने इन्हें भारतीय घुसपैठिया कहकर पासपोर्ट एक्ट और फॉरेनर्स एक्ट में गिरफ्तार किया, क्योंकि उनके पास भारतीय दस्तावेज थे इन्हें चापैनवाबगंज की जिला जेल भेज दिया गया, जहां दो वक्त का खाना भी नहीं मिला। इससे सोनाली कुपोषण का शिकार हो गई थी।

# उप्र में सड़क परिवहन होगा और सुरक्षित

लखनऊ, वार्ता

■ सरकार ने दी आधुनिक तकनीक को मंजूरी

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ट्रैफिक प्रबंधन को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने और नागरिकों को सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय द्वारा प्रस्तुत कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दे दी गई है।

इन योजनाओं के तहत राजय के प्रमुख शहरों और हाई-रिस्क जिलों में अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइस, इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क, के-इन-मोशन सेंसर और इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद की जाएगी। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानों पर भी विशेष बल दिया जाएगा। राजधानी लखनऊ और मुरादाबाद में सड़क सुरक्षा निगरानी को और मजबूत बनाया जाएगा। सरकार ने लखनऊ के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन के लिए 4.96 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसी प्रकार मुरादाबाद और बलिया जनपदों में भी इंटीग्रेटेड सीसीटीवी व्यवस्था के लिए 3.10 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। साथ ही बीटीटीई इकाइयों के लिए ट्रक सिमुलेटर और तकनीकी उपकरणों की खरीद के लिए 1.28 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर हाई-रिस्क जिलों में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट प्रणाली को तेजी से लागू किया जा रहा है। इसके तहत 25 जिलों में 1 करोड़ रुपये प्रति जनपद की दर से कुल 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त शेष जनपदों के लिए 50 लाख रुपये प्रति जिला की दर से 25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यातायात निदेशालय की ओर से बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत राशि से 70 इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद हो चुकी है। साथ ही 18 के-इन-मोशन सेंसर स्थापना के लिए 14.05 करोड़ रुपये की राशि पहले ही भेजी जा चुकी है।परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के लिए 2.10 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व योजनाओं को भी मंजूरी दी है। इसके तहत प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों के अलावा साइनेज बोर्ड, ई-चालान प्रणाली, वाहन व उपकरणों का रख-रखाव, इंटरनेट सेवा और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं संचालित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये की लागत से 4,500 आयरन बैरियर, 4,525 फोल्डिग बैरियर, 7,200 सेफ्टी हेलमेट, 8,000 फ्लोरोसेंट जैकेट, 270 ब्रेथ एनालाइजर, 85 स्पीड लेजर गन, 15 चारपहिया और 62 दोपहिया इंटरसेप्टर वाहन खरीदे जाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महिलाओं सहित ग्यारह घायल

## चार महिलाओं की हालत नाजुक, कार न मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** सुबह सवेरे हादसे में तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी। जिससे चार महिलाओं सहित ग्यारह लोग घायल हो गए। महिलाओं की हालत नाजुक बनी हुई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मौहम्मपुर राजौरी निवासी ई-रिक्शा चालक अशरफ (45 वर्ष) पुत्र धन्नू हर रोज अपनी ई-रिक्शा से बबली (35 वर्ष) पत्नी ब्रह्मपाल व रूपा देवी (32 वर्ष) पत्नी पुखराज निवासीगण ग्राम भूतपुरी, राजवती (36 वर्ष) पत्नी नरेश निवासी गांव सुआवाला, बेबी रानी (36 वर्ष) पत्नी अजय कुमार निवासी ग्राम पैगंबरपुर, सावित्री देवी (38 वर्ष) पत्नी पवन कुमार निवासी ग्राम मकसूदाबाद व पूनम (35 वर्ष) पत्नी मनोज कुमार निवासी ग्राम चतरपुर को जसपुर के नादेही शुगर मिल में ले जाता है। सभी महिलाएं वहां मजदूरी करतीं हैं। रविवार सुबह सभी महिलाएं ई-रिक्शा से नादेही शुगर मिल जा रहीं थीं। सुबह लगभग साढ़े सात बजे जसपुर - भूतपुरी स्टेट हाईवे पर अल्हैपुर बार्डर के पास स्विफ्ट डिजायर कार ने सामने से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से ई-रिक्शा में मौजूद सवारियां दूर जा गिरी। अनियंत्रित कार भी पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा की सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कार चालक मौहम्मद आसिफ (25 वर्ष) पुत्र शाहिद हुसैन, मन्नू (70 वर्ष) पुत्र नारायण, इनकी पत्नी रामवती (65 वर्ष) और पुत्रवधू रेखा (32 वर्ष) पत्नी रोहताश निवासीगण गांव अभयराजपुर भी घायल हो गए। कार सवार बीमार रामवती देवी (65 वर्ष) पत्नी नारायण निवासी ग्राम अभयराजपुर का उपचार करा कर काशीपुर से वापस अपने घर लौट रहे थे। अल्हैपुर बॉर्डर के पास सड़क पर बने गड्ढे से बचने के चक्कर में दोनों वाहनों में आमने-सामने से भीषण टक्कर हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी, उपनिरीक्षक रहीस पाल, राघवेंद्र सिंह, बलवीर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कुछ घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ और कुछ को सीएचसी जसपुर भिजवाया। जबकि कुछ घायलों को स्वजनों ने जसपुर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया है। हालत नाजुक होने पर बबली पत्नी ब्रह्मपाल निवासी भूतपुरी व ई रिक्शा चालक अशरफ निवासी ग्राम मौहम्मदपुर राजौरी को सीएचसी से बिजनौर मेडिकल कॉलेज, कार चालक मौहम्मद आसिफ व रेखा पत्नी रोहताश निवासी ग्राम अभयराजपुर को जसपुर से काशीपुर रैफर किया गया है, जबकि रूपा, पूनम, बेबी रानी और सावित्री सीएचसी जसपुर में भर्ती हैं।





# शराब पीकर ड्यूटी करने की शिकायतें भी आ रही सामने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शराब पीकर ड्यूटी करने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। शराबी कर्मचारियों की वजह से नागरिकों को बेवजह अपमानित होना पड़ता है।



प्राप्त समाचार के अनुसार जिन अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी सरकार की नीतियों को लागू करते हुए जनता को स्वच्छ व पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराते हुए उनकी हिफाजत की जिम्मेदारी होती है, अगर वही कानून को तोड़ने लगे, तो हालात बिगड़ना स्वाभाविक हैं। मौजूदा दौर में जनता का शोषण कुछ ज्यादा ही बढ़ता जा रहा है। जनता के साथ कुछ अधिकारी व कर्मचारी इस तरह से पेश आ रहे हैं, जैसे जनता के न तो मौलिक अधिकार होते हैं और न ही उनका कोई मान-सम्मान हैं। मौजूदा सरकार की नीतियों की वजह से प्रशासनिक तंत्र जनता पर हावी हो रहा है।

### शराबी कर्मचारियों की नकेल कसने में अफसर नाकाम

जनप्रतिनिधि भी जनता के मान-सम्मान की रक्षा नहीं करा पा रहे हैं।

जनता की कही भी सुनवाई नहीं हो रही है। जनता व समाज के जिम्मेदारों के साथ अशोभनीय व्यवहार करने वालों के साथ कार्रवाई नहीं की जाती है। जिसकी वजह से यह सिलसिला लगातार चल रहा है।

पूर्व में जनता का हित सर्वोपरि होता था और सिर्फ कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियम के विरूद्ध कार्रवाई की जाती थी। लेकिन आज हालात यह हो गए है कि कब किस चौराहे पर किस की बेईज्जती हो जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता है।

सूत्रों का कहना है कि जहां आम आदमी को दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं हो पा रही है और उन्हें मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं रिश्वतखोर सुबह से ही गला तर कर लूट-खसौट के लिए तैयार हो जाते हैं।

जुबान में इतनी कड़वाहट और तल्खी होती है कि सामने वाला बिना किसी कसूर के अपने साथियों के बीच अपमा. नित महसूस करता है। ड्यूटी के दौरान शराब पीने वालों के खिलाफ न तो प्रभावी कार्रवाई होती है और न ही उनकी जांच की जाती है। सरकार की छवि पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है।

जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में गम्भीरता के साथ चिंतन करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि कहीं अफसरशाही के हावी होने से लोकतंत्र की आत्मा पर चोट तो नहीं पहुंच रही है।

# पचास घंटे में ही बदला हीरोईन बनने का इरादा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** फिल्मों में काम कर नामचीन हीरोईन बनने के लिए घर से निकली युवती पचास घंटे में ही ठोकर खा कर वापस लौट आई।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय निवासी एक समाज सेविका की पुत्री अपनी खूबसूरती व लंबाई की वजह से फिल्मों में काम कर देश की नामचीन हीरोईन बनने की तमन्ना पाले हुई थी। देहरादून में स्नातक की पढ़ाई के दौरान साथी युवक व युवतियां अक्सर यह कह कर उसका हौसला बढ़ाते थे कि अगर आप फिल्मी दुनिया में चली गई, तो दौलत के साथ खूब शौहरत भी मिलेगी। लॉकडाउन के दौरान घर में कैद रहते हुए वह सोशल मीडिया के माध्यम से मुम्बई के कुछ फिल्मी कलाकारों के संपर्क में वह आ गई। जो उसे मुम्बई बुलाने लगे। एक कलाकार ने तो उसे सलमान खान व अजय देवगन से मुलाकात करा कर फिल्मों में काम दिलवाने का वादा भी किया। जिससे उसका हौसला भी बढ़ गया। युवती ने मां से जिद करते हुए अपना इरादा बताया। मां ने उसे समाज का वास्ता देते हुए सुशांत सिंह की मौत के बारे में बताया। लेकिन युवती परिजनों को गुमराह कर देहरादून जाने की बात कह कर मुम्बई के लिए निकल गई। गुरूवार की सुबह घर से गई युवती जब रात तक देहरादून नहीं पहुंची, तो

### मुम्बई जाने के दौरान छेड़छाड़ बनी वजह

परिजनों को चिंता हुई। युवती ने अपनी मां को सच्चाई बता कर बिजनौर का नाम रौशन कर वापस लौटने की बात कही। मगर रास्ते में उसके साथ जिस तरह की घटनाएं हुई, उससे खौफजदा हो गई। हवस की भूखी शैतानी नजरों से कोमल मन व सुंदर तन की मालिक टूट गई। वह ठोकर खा कर पचास घंटे के अंदर ही घर वापस लौट आई। भाई ने उससे सख्ती के साथ बात की, लेकिन परिजनों ने पूरे घटनाक्रम पर पर्दा डाल कर उसे समझा दिया। इससे पूर्व भी एक मौहल्ले की युवती फिल्मों में काम करने के लिए मुम्बई गई थी। एक रेस्टोरेंट स्वामी के पुत्र से उसके अंतरंग संबंध थे। जिसने अपना पीछा छुड़ाने के लिए उसे मुम्बई भेजा था। वहां पर भी युवती को धोखा मिला।

शारीरिक शोषण के बाद वह दिल्ली वापस लौट आई। वर्तमान में वह नेताओं के संपर्क में है। कुछ नाटकों में भी वह काम कर चुकी है। अब रेस्टोरेंट भी उजड़ गया है और मालिक के शराबी पुत्र की भी मौत हो चुकी है।

# प्राइवेट बस नचना नदी में गिरी

## पन्द्रह यात्री गंभीर रूप से घायल, चीख-पुकार मची







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** जसपुर मार्ग पर प्राइवेट बस नचना नदी में जा गिरी। बस यात्रियों से भरी हुई थी। बस में लगभग 23 यात्री बैठे हुए थे। हादसे से मौके पर चीख पुकार मच गई।

सूचना मिलते ही मौके पर राहगीर और 108 एंबुलेंस टीम पहुंच गई और वहां से घायलों को अफजलगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कासमपुर गढ़ी पहुंचाया गया।

डॉक्टर सर्वेश निराला प्रभारी चिकित्सक के अनुसार अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती 12 घायलों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गया है। वहीं पीएचसी कासमपुर गढ़ी से तीन घायलों को हायर सेंटर भेजा गया। शेष आठ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस काशीपुर से नगीना जा रही थी। जैसे ही बस रहमान टाइल्स एंड मार्बल्स के पास पहुंची। अज्ञात चालक के तेज रफ्तार एवं लापरवाही के चलते वाहन अनियंत्रित होकर खड्डे में जा गिरा, जिससे बस में बैठे यात्री ग्राम निवासी कासमपुर गढ़ी सोफिया पुत्री मौहम्मद शाकिर, अनीता पत्नी राम किशन, रामकिशन (45 वर्ष) निवासी नवादा हल्दौर, रिहान (18 वर्ष) पुत्र शहजाद निवासी ग्राम कासमपुर गढ़ी, सानिया पुत्री फिरोज अहमद ग्राम निवासी रायपुर उत्तराखंड, बालक आफरीन (10 वर्ष) निवासी ग्राम कासमपुर गढ़ी, आदिल पुत्र इकरार निवासी गढ़ी, शमीम अहमद निवासी शेरकोट, मौहम्मद आकिब निवासी धामपुर, शाजिया परवीन निवासी गढ़ी, मदन सिंह निवासी धामपुर, पुरोतिक पुत्र प्रशांत कुमार ग्राम निवासी वादीगढ़ आदि सभी यात्री घायल हो गए।

थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा अज्ञात बस चालक दोषि के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बिलाई मिल के पास दो बाइकों की टक्कर, तीन युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नहटौर रोड पर बिलाई मिल के निकट आज दोपहर अचानक दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन युवक घायल हो गए।


### एंबुलेंस व पुलिस की तत्परता से घायलों को मिली समय पर मदद

सूत्रों के अनुसार अवनीश (25 वर्ष) पुत्र बिजेंद्र एवं उसका साथी संदीप (26 वर्ष) पुत्र मुन्नू सिंह, दोनों निवासी ग्राम गाड़ना, सुपर स्प्लेंडर पर नहटौर की ओर जा रहे थे। इसी बीच सामने से आ रहे पीयूष (22 वर्ष) पुत्र भूर सिंह निवासी नांगल जाट, जो एचएफ डीलक्स चला रहा था, उनकी बाइक से टकरा गया।

टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पीएचसी नांगल जट की टीम ने अवनीश व संदीप को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया, वहीं पीयूष को 108 एंबुलेंस द्वारा बिजनौर जिला अस्पताल रैफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्थित कर शांति बनाए रखी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### राहुल गांधी से मिले कुणाल



**धामपुर।** युवा कांग्रेस कार्यकर्ता कुणाल गांधी एड. ने दिल्ली में जननायक राहुल गांधी के साथ संवाद किया। यह मुलाकात सिर्फ एक औपचारिक भेंट नहीं, बल्कि समानता, न्याय और युवा भागीदारी की उस सोच की जीत है। जो हर कार्यकर्ता को राष्ट्रीय नेतृत्व से जोड़ती है। कुणाल गांधी ने बेबाकी से युवाओं के लिए नि:शुल्क शिक्षा, रोजगार के अवसर और उनकी राजनीति में अनिवार्य हिस्सेदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान, राहुल गांधी ने उन्हें जुजुत्सु एक संपूर्ण आत्मरक्षा प्रणाली जो फिटनेस, अनुशासन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देती है का ज्ञान भी दिया। एक सामान्य परिवार से राष्ट्रीय मुख्यधारा तक पहुंचा यह सीधा संवाद लाखों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### हादसे में तीन घायल



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर कलाली निवासी हेमंत (30 वर्ष), खानचंद (32 वर्ष) व जतिन (22 वर्ष) अपने घर से नहटौर की ओर ओमनी वैन में बैठकर आ रहे थे। धामपुर मार्ग पर गांगन पुल की रेलिंग की दीवार से उनकी ओमनी वैन अनियंत्रित होकर टकरा गई। जिसमें वैन क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों घायल हो गए। तीनों घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। हल्का दरोगा हरि प्रकाश का कहना है कि घायलों का उपचार चल रहा है।

### युवती ने प्रेमी के घर जाकर खाया जहर

**बिजनौर।** शहर कोतवाली के एक ग्राम निवासी युवती का पिछले करीब चार सालों से ग्राम शेखपुरा निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक जेल सिपाही है और सहारनपुर जेल में तैनात है। युवती का आरोप है कि सिपाही ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। इस मामले में युवती ने पहले ही मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में सिपाही के परिजन शादी के लिए राजी हो गए थे और अदालत में युवती ने भी सिपाही के पक्ष में बयान दे दिए थे। इधर रविवार को अचानक सिपाही की शादी दूसरी जगह तय होने और गोद भराई हो जाने की जानकारी युवती को को मिली। आहत होकर वह सीधे शेखपुरा में सिपाही के घर पहुंची और वहीं जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर सिपाही के परिजन उसे गांव के बाहर स्थित मंदिर के पास छोड़ आए। ग्रामीणों ने युवती को बेसुध पड़ा देखकर तुरंत यूपी-112 पर सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी नाजुक हालत देखते हुए उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी अभिषेक झा व एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

# सुमित अग्रवाल-शोभा के विवाह में उमड़ी शुभकामनाओं की बौछार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** तहसील प्रभारी शाह टाइम्स (मण्डी धनौरा) सुमित अग्रवाल व शोभा का पावन परिणय संस्कार हर्षोल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के बीच सम्पन्न हुआ। विवाह समारोह में क्षेत्र के सम्मानित अधिकारियों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में मौजूद शुभचिंतकों ने पहुंचकर नवदंपती को शुभाशीष दिया।

### अधिकारियों, पत्रकारों एवं शुभचिंतकों ने दिया नवदंपती को आशीर्वाद

सुमित अग्रवाल झालू के वरिष्ठ पत्रकार विकास अग्रवाल के भांजे हैं, जिसके चलते पत्रकार जगत से जुड़े अनेक साथियों ने पहुंचकर उन्हें हार्दिक बधाई दी। सभी ने वर-वधू के सुखमय, समृद्ध और सौहार्दपूर्ण वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाएं कीं।

समारोह स्थल पर दोनों परिवारों के मिलन से उत्साह, आनंद और पारिवारिक सद्भाव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। अंत में नवदंपती ने सभी आगंतुकों, अधिकारियों, पत्रकार बंधुओं और शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# झालू में झंडा दिवस का भव्य आयोजन

## स्वतंत्रता सेनानी परिजनों व पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** दयानन्द बाल विद्या मंदिर (आर्य समाज) में झंडा दिवस समारोह अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और सम्मान के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों और पूर्व सैनिकों को सम्मानित करना रहा। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेन्द्र चौधरी ने राष्ट्रसेवा में योगदान देने वाले परिवारों को सम्मानपत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी ने कहा-हमारे स्वतंत्रता सेनानी देश की आत्मा हैं और उनके परिजन हमारे लिए सम्मान का विषय हैं। पूर्व सैनिकों ने सीमाओं पर देश की रक्षा कर समाज को सुरक्षित भविष्य दिया है। ऐसे महान व्यक्तित्वों को सम्मानित करना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। दयानन्द बाल विद्या मंदिर द्वारा दिया गया यह सम्मान समाज में देशभक्ति की भावना को और प्रबल बनाता है।





कार्यक्रम में पूर्व सैनिक राजीव कुमार तोमर ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान हमारे गौरव और प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे आयोजनों से समाज में देशभक्ति और सेवा भावना मजबूत होती है। दयानन्द बाल विद्या मंदिर द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने आर्य समाज मंदिर को भेट स्वरूप 500 रुपये प्रदान किए और मंदिर समिति को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यालय परिवार तथा कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी नगर पंचायत समाजहित और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों को पूरा समर्थन देगी। समारोह में गिरीराज सिंह, जयपाल आर्य, नैपाल सिंह, दिनेश कुमार, पूर्व सभासद कामेंद्र सिंह, मनोज कुमार, भूपेंद्र सिंह, छोटे विजयपाल सिंह, मास्टर चंदरपाल सैनी, सुरेश वर्मा, मुकेश वर्मा, सर्वेश शर्मा, राकेश अग्रवाल, ऋषिपाल, ममता वर्मा, धनवंती शर्मा, राजीव कुमार तोमर फौजी, समरपाल फौजी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी सम्मानित सदस्य प्यारे लाल, डॉ. सुन्दर लाल अग्रवाल (स्वतंत्रता सेनानी के प्रपौत्र), राजू अग्रवाल तथा मोहित अग्रवाल को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उपस्थित परिजनों ने विद्यालय परिवार द्वारा दिए गए इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जयपाल सिंह आर्य तथा सुरेश वर्मा ने संयुक्त रूप से कुशलता के साथ किया। जबकि अध्यक्षता गिरीराज सिंह ने की। झंडा दिवस का यह आयोजन राष्ट्रभक्ति, कृतज्ञता और प्रेरणा का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

## फर्जी वीजा व टिकट देकर की गई धोखाधड़ी, एसपी से कार्रवाई की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम रायपुर गढ़ी निवासी युवक के साथ विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने युवक को विदेश भेजने के नाम पर फर्जी वीजा और फर्जी टिकट थमा दिया। पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

थाना बढ़ापुर के गांव रायपुर गढ़ी निवासी अंकुर कुमार पुत्र अशोक कुमार ने एसपी को दिए पत्र में कहा है कि कुछ माह पहले मोहसिन पुत्र सत्तार निवासी ग्राम दुल्लापुर पट्टी जट ने अंकुर को सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। मोहसिन ने उसे 2000 रियाल प्रतिमाह की नौकरी का प्रस्ताव दिया और इस प्रक्रिया में कुल 1.70 लाख रुपये खर्च होने की बात कही। उसकी बातों पर भरोसा कर अंकुर ने उसे 10 फरवरी 2024 को सलमान व अंकुल के सामने 62,000 रुपये नकद दे दिए।

इसके बाद मोहसिन ने दो मार्च 2024 को 'सफारी ग्रुप कंपनी लिमिटेड सऊदी' का एक कथित अपॉइंटमेंट लेटर अंकुर को सौंपा और शेष 1,18,000 रुपये फ्लाइट टिकट व अन्य खर्च के नाम पर मांगे। भरोसा करते हुए अंकुर ने 21 फरवरी 2024 को अपने मोबाइल से यूपीआई के माध्यम से राशि भेज दी। सभी पैसे देने के बाद मोहसिन ने अंकुर को 25 मई 2024 की इंडिगो फ्लाइट का टिकट दिया और कहा कि एयरपोर्ट पर उनके आदमी मिल जाएंगे जो उसे कंपनी तक पहुंचा देंगे। लेकिन जब 25 मई 2024 को अंकुर अपने परिजनों और साथियों के साथ एयरपोर्ट पहुंचा और वीजा व टिकट दिखाया, तो एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने दोनों को फर्जी करार दे दिया। आरोप है कि फर्जी वीजा और फर्जी टिकट के आरोपों के चलते उसे हिरासत में लेकर जेल भेजने की तैयारी भी हुई, लेकिन पूरी घटना सामने आने पर उसे छोड़ दिया गया।

इसके बाद अंकुर अपने परिजनों के साथ दिल्ली के जाकिर नगर, गली नंबर 20, महारानी बाग स्थित मोहसिन के घर पहुंचा और पैसे वापस करने की मांग की। आरोप है कि मोहसिन ने उसे जातिसूचक गालियां दीं, मारपीट पर उतारू हो गया और उसे घर से धक्के देकर बाहर निकाल दिया।

एसपी के आदेश पर बढ़ापुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में दंपति घायल

## गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर से सहसपुर मार्ग पर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपत्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रीतु (35 वर्ष) पत्नी कपिल पाल एवं कपिल (38 वर्ष) पुत्र बनपाल बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान रोज बैंकट हॉल के पास सहसपुर रोड पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गए।



स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें उपचार के लिए सीएचसी स्योहारा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर भेज दिया गया। अज्ञात वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## एक नजर

### सत्संग एवं भंडारे का आयोजन



**बढ़ापुर।** ग्राम इस्माइलपुर दमी उर्फ नकीपुर में ओम नारायण परमात्मा परम शक्ति आध्यात्मिक जीवन मानव कल्याण सोसाइटी की ओर से विशाल सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष अंशु रानी द्वारा कराए गए विशाल सत्संग में आध्यात्मिक गुरु प्रदीप कुमार ने बताया कि मानवता का मार्ग परमात्मा के वचन हमें मानवता और धर्म का पालन करने के लिए प्रेरित करते है। उनके ध्यान, भक्ति और सेवा से जीवन में आनंद और शक्ति प्रदान होती है जो मनुष्य प्रतिदिन परमात्मा की स्तुति करता है और अपने अंतरात्मा में सनातन ज्योति का अनुभव करता है। उसका जीवन सदैव परमात्मा की ओर अग्रसर रहता है। मनुष्य को हमेशा प्रार्थना करनी चाहिए कि परमात्मा हमारी आत्मा को इतना प्रकाश मान कर दे कि हम दूसरों के दुख दूर कर सके। हमारा जीवन ईश्वर के तेज से तेजस्वी बना रहे और हम प्राणी मात्र के कल्याण में लगे रहे। उन्होंने सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया और राष्ट्रीय प्रेम के प्रति लोगों को जागृत किया। कार्यक्रम में भाजपा के पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष तिलक राज सैनी, रंजीत चौधरी एव संस्था के सदस्य राजवीर, संसार सिंह, बीरबल, सोनू, हरिचंद आदि उपस्थित रहे।

### बसपा कार्यालय में खड़ी वैन में आग लगी



**बिजनौर।** आज सुबह लगभग आठ बजे कहचरी रोड स्थित बहुजन समाज पार्टी के कार्यालय में खड़ी एक वैन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक बसपा कार्यालय के बाहर जूस का ठेला लगाने वाले पप्पू की वैन कार्यालय परिसर में खड़ी हुई थी। आज सुबह पप्पू ने गाड़ी स्टार्ट की तो उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और वैन धू-धू कर जल गई। गनीमत रही कि पप्पू सकुशल बच गया। पप्पू ने बताया कि वैन से गैस लीक हो रही थी। चाबी लगाते ही स्पार्किंग होने से आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आर पर काबू पाया।

### दिव्यांग बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**नजीबाबाद।** नगर की सामाजिक संस्था चावरा सेवा समाज की ओर से जागो-थर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह व सीओ नितेश प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दिव्यांगजनों के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में 110 दिव्यांगजनों ने भाग लेकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चावरा सेवा समाज के अध्यक्ष फादर डेविस, निर्देशक फादर सीरियक थॉमस, उपनिर्देशक फादर अज्जो, फादर पॉली, सिस्टर मारिया, सिस्टर अनीता, सिस्टर स्मिता तथा ग्राम प्रधान राजवीर सिंह उपस्थित रहे।

### होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर

**बिजनौर।** वामा सारथी उ. प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर में 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए स्त्री रोग परामर्श, पैप स्मीयर और मेमोग्राम टेस्ट हेतु स्वास्थ्य परीक्षण कूपन कार्ड वितरित किए गए, जिनकी वैधता 31 मार्च 26 तक रहेगी। रविवार को आयुष विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त पहल पर पुलिस लाइन में आयोजित शिविर का संचालन वामा सारथी की अध्यक्षा रिया, पत्नी एसपी अभिषेक की देखरेख में किया गया। सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चले शिविर में पुलिस परिवारों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया गया। शिविर में 90 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इनमें से 20 महिलाओं को उन्नत स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कूपन कार्ड प्रदान किए गए। शिविर के संचालन में सीओ अपराध आकांक्षा गौतम, प्रतिसार निरीक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार, दरोगा अशोक तोमर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. तैय्यब, फार्मासिस्ट विकास व प्रमोद का सहयोग रहा।

### उधार के पैसों को लेकर मारपीट

**कासमपुर गढ़ी।** कमेटी के पैसों के लेनदेन को लेकर दो व्यक्तियों में पहले कहासुनी हुई और फिर सरेआम मारपीट हो गई। जिसमें शिक्षक का हाथ तोड़ कर घायल कर दिया। घायल शिक्षक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण के हायर सेंटर बिजनौर भेज कर कार्यवाही का भरोसा दिया है। शनिवार की अपराह्न कासमपुर गढ़ी-सीरवासुचंद के संयुक्त मुख्य बाजार में सीरवासुचंद निवासी सरताज पुत्र शमशुलहई एवं शिक्षक महबूब अली के बीच पहले कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते सरेआम मारपीट शुरू हो गई। जिसमें शिक्षक महबूब अली घायल हो गया। मौके पर मौजूद तमाम ग्रामीणों ने किसी तरह मामला रफा दफा किया। महबूब अली के परिजन घायल महबूब अली को अफजलगढ़ थाने लेकर पहुंचे। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना पत्र में महबूब अली ने बताया कि वह अपने 20,000 रुपए लेने के लिए सरताज की दुकान पर गया था और सरताज के द्वारा पैसे न देने की बात पर उसने पंचायत करने को कहा तो आरोप है कि सरताज ने महबूब अली के साथ मारपीट की। जिसमें महबूब अली के हाथ में चोट आई। आरोप है कि सरताज ने महबूब अली को जान से मारने की धमकी भी दी। अफजलगढ़ पुलिस ने घायल महबूब अली का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में मेडिकल परीक्षण कराया, जहां से महबूब अली को हायर सेंटर रैफर किया गया है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। सरताज की दबंगई के चलते लोगों में तरह-तरह की चर्चाए है कि जरूरत के समय महबूब अली ने पैसा दिया। उसके बावजूद महबूब ने पैसा मांगा, तो उसका हाथ तोड़ दिया। वही समाजिक कार्यकर्ताओं सरताज के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## एक नजर

### प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर में भंडारा




**झालू।** प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर परिसर में आस्था और भक्ति से परिपूर्ण माहौल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में भक्तों ने कतारबद्ध होकर महादेव के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य महसूस किया। यह भव्य आयोजन मनी मेडिकोज के स्वामी मणीकांत शर्मा तथा उनके भाई डॉ. नीतूकांत शर्मा द्वारा पूरे श्रद्धाभाव के साथ किया गया। दोनों भाइयों ने सेवा और परोपकार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्वयं व्यवस्था संभाली तथा आए हुए सभी भक्तों का विनम्रतापूर्वक स्वागत किया। मंदिर परिसर में भक्ति संगीत, हर-हर महादेव के जयघोष और प्रसाद वितरण की सुगंध ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। नगर व आसपास के क्षेत्रों से लोगों ने पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गईं, जिससे किसी को भी कोई असुविधा न हो। स्थानीय लोगों ने बताया कि झारखंडी शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन हर वर्ष की भांति इस बार भी अत्यंत शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हुआ, जिसका श्रेय आयोजकों के साथ-साथ सहयोग देने वाले सभी भक्तों को जाता है।

### व्यापारी हाजी शमशुद्दीन अंसारी का इंतकाल



**नूरपुर।** नगर के वरिष्ठ और सम्मानित व्यापारियों में शुमार हाजी शमशुद्दीन अंसारी का शनिवार दोपहर इलाज के दौरान इंतकाल हो गया। वह पिछले चार दिनों से मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। शनिवार दोपहर उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके इंतकाल की खबर फैलते ही पूरे नगर के व्यापारिक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। हाजी शमशुद्दीन अंसारी का नाम शहर के सक्रिय और मिलनसार व्यापारियों में शामिल था। जिसके चलते उनके निधन से व्यापारी समाज ही नहीं, बल्कि आम लोगों में भी गहरा दु:ख व्याप्त है। देर शाम जब उनका पार्थिव शरीर नूरपुर स्थित उनके निवास स्थान पहुंचा, तो परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। परिजनों के अनुसार रविवार शाम चार बजे स्थानीय कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज अदा की जाएगी, जिसके बाद उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। नगर के विभिन्न संगठनों व व्यापारिक मंडल ने हाजी शमशुद्दीन अंसारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### दिल्ली रैली में बिजनौर से जाएंगे ढाई सौ कांग्रेसी



**बिजनौर।** शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक एवं दिल्ली रैली हेतु तैयारी बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पर शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग की अध्यक्षता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजाकत अल्वी के संचालन में हुई। बैठक में शहर के सभी वरिष्ट नेताओं एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से दिल्ली रामलीला मैदान में कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने हेतु विचार विमर्श किया गया। शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने बताया कि शहर कांग्रेस कमेटी कम से कम 200 से 250 लोगों को लेकर दिल्ली रैली में पहुंच कर बिजनौर शहर की उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। जिसमें पूरी शहर कांग्रेस कमेटी का पूर्ण सहयोग रहेगा। हुमायूं बेग ने एसआईआर में मजबूती से काम कर रहे सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए आगे भी पूरी मजबूती के साथ काम करने की अपील की। कांग्रेस सेवादल यंग ब्रगेड के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुनिबुर्रह्मान का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, पूर्व प्रदेश सचिव नीरज चौधरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष/पी सी सी सदस्य नजाकत अल्वी, वरिष्ठ नेता इकबाल अहमद, जिला सचिव अब्दुल समद आजद, शहर महासचिव मौहम्मद हनीफ, शहर महासचिव जफर हसनैन, गुलसिताब एड., आसिफ कुरैशी, मौहम्मद खालिद, शरीक अली, मौहम्मद अहसान, अनिल त्यागी, कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रगेड के जिलाध्यक्ष मुनिबुर्रह्मान, मौहम्मद शरीक, मौहम्मद सुजात, अर्जत अली खान, समीर अली, नदीम अहमद, अरबाज अली खान, सलमान अली, नवेद अली उर्फ चांदु, अरफात अली खान, अर्श अली खान, हमजन शानू, मौहम्मद फैज, मौहम्मद शाहवेज खान आदि मौजूद थे।

### पिंजरे में कैद हुआ गुलदार का शावक

**नगीना।** ग्राम बघाला में 15 दिन पूर्व वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में गुलदार का आठ माह का शावक कैद हो गया, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। उधर शावक के खो जाने से उसकी मां के हिंसक होने की भी आशंका है। वन विभाग ने शावक को सुरक्षित स्थान पर भेजने के प्रबंध किए।

### ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर युवक झुलसा

**बिजनौर।** कोतवाली अफजलगढ़ के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिक्रीवाला में पति-पत्नी में झगड़े को लेकर शराब के नशे में धुत युवक ने ट्रांसफार्मर के तारों को पकड़ लिया, जिसमें युवक बुरी तरह झुलस गया। जिसको डायल 112 पुलिस की जीप पीआरबी की मदद से अफजलगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बिजनौर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिसको पूर्व ग्राम प्रधान मनोज कुमार द्वारा एंबुलेंस की मदद से बिजनौर ले जाया गया है।

## साहू जैन में बाबा साहब को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** नगर के साहू जैन महाविद्यालय में परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा, सम्मान व अनुशासन के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य बीएस तोमर द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्राचार्य ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों, उनके संघर्ष व देश के लिए किये गये कार्यों को समझकर जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. सरोज बाई एवं डॉ. सूर्यकांत भारती के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण प्रो. परमिल, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. रीना, प्रो. हरविंद्र, प्रो. नीलम बालियान, डॉ. दीपक त्रिपाठी, डॉ. जयेश, डॉ. नवीन, डॉ. मोनिका सागर, डॉ. अनिल राजपूत, डॉ. उमेश, डॉ. मनोज, डॉ. देवेन्द्र मौर्य, डॉ. आशुतोष, डॉ. शिवम राय आदि उपस्थित रहे।

# एक माह से लापता युवती का सुराग न मिलने से परिजन परेशान

## पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम पैजनिया की एक युवती के करीब एक माह से लापता होने के मामले में पुलिस की कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों और हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि युवती की खोजबीन में पुलिस लापरवाही बरत रही है। जबकि परिजन लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं। पुलिस द्वारा शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर धरना समाप्त किया गया।

बताया गया कि गांव पैजनिया निवासी उक्त युवती 29 अक्टूबर को बिना किसी को जानकारी दिए घर से लापता हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के तहत कई लोगों से पूछताछ भी की,



परंतु अब तक युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

रविवार को हिंदू जागरण मंच के पूर्व प्रांत महामंत्री जितेंद्र बैस ग्राम और पैजनिया चौकी पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एक माह बीत जाने के बावजूद युवती का पता न लगना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि चार दिन के भीतर युवती की बरामदगी नहीं होती है, तो संगठन पैजनिया चौकी का दोबारा घेराव कर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। जितेंद्र बैस ने बताया कि युवती की सुरक्षित वापसी तक संगठन का संघर्ष जारी रहेगा। इसके लिए एक संघर्ष समिति गठित की गई है, जो आंदोलन की आगामी रणनीति तैयार करेगी तथा प्रशासन पर दबाव बनाए रखेगी। धरना-प्रदर्शन में सिद्धांत त्यागी, अमित उर्फ नीटू, रोहित त्यागी, विवेक त्यागी, हिमांशु त्यागी, सचिन त्यागी, रामस्वरूप सिंह, सरदार रौनक, भूपेंद्र शर्मा, जगवीर सिंह, मलखान सिंह, ब्रजेश त्यागी, रक्षित त्यागी, हिमांशु शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुस्लिम फंड ने बांटे कम्बल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 250 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गये। मुस्लिम प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी साईम राजा ने शिक्षा की महत्ता पर रोशनी डालते हुए मौजूद लोगों एवं महिलाओं से कहा कि वह अपने बच्चों को शिक्षा के लिये स्कूल भेजें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम फंड हमेशा से गरीबों, जरूरतमंदों की मदद करता रहा है और आगे भी यह सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा।

मुस्लिम फंड कार्यालय पर आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में 250 विधवाओं, जरूरतमंदों एवं असहायों को ठिठुरती ठंड से बचाव के लिये गर्म कंबल दिये गये। साइम राजा ने कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों की हमेशा मदद करना है। मुस्लिम फंड की सभी ब्रांचों में 600 से अधिक कंबल बाटें जायेंगे। साईम राजा ने लोगों को आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षा दिलाएं। मुस्लिम फंड द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में काम करते हुए मौलाना मौहम्मद अली जौहर संस्थान की वे मौलवी सुल्तान हाई स्कूल की स्थापना की गई है। मुस्लिम फंड प्रबंध समिति के अध्यक्ष साईम राजा की अध्यक्षता एवं मौ. याकूब के संचालन में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में अल्हाज यामीन अंसारी, शेख अकीलुद्दीन, राशिद हुसैन एडवोकेट, वजाहतुल्लाह खां, मरगूब हुसैन, रियाजुद्दीन अंसारी, जुबैर खां, शिराज उर्फ पप्पू खां, शमीम अहमद, हुमायूं खां, सलीम अहमद, फुरकान अहमद, वरिष्ठ पत्रकार दिलशाद अलवी, शमीम अंसारी, मुसैब सिद्दीकी, शरीफ मलिक आदि शामिल रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली ही होगी डॉ. रामाशीष सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि: चंद्रहास सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर जनपद शाखा बिजनौर द्वारा डॉ. रामाशीष सिंह 9वी पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत एवं महिला विंग जिला अध्यक्ष वसीम बानो की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में आयोजित की गई।

इस अवसर पर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 7 दिसंबर 2016 को लखनऊ में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन पर हुए पुलिस लाठीचार्ज में डॉ. रामाशीष सिंह की शहादत भी थी। डॉ. रामाशीष सिंह की शहादत ने इस आंदोलन को राष्ट्रव्यापी बनाया है। पुरानी पेंशन वाली ही डॉ. रामाशीष सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजेश कुमार रवि, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, राजकीय वाहन चालक स्वास्थ्य परिवार कल्याण संघ जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की जिला संगठन मंत्री अल्फिया जावेद, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद जावेद, आकाश दीप, कौशल गौतम, गीता रानी, रीवा सिंह, रजनी सिंह, सुधीर कुमार, रविन्द्र कुमार, दुष्यंत कुमार, हेमराज सिंह, खड़क सिंह, पवन चौधरी आदि ने संबोधित किया।

# घर में लगी आग तीन बकरियां और अन्य सामान जला

**मंडावर।** घर में आग लगने से तीन बकरियां और घर में रखा अन्य कीमती सामान जल गया। बामुश्किल आग पर काबू पाया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम करीमपुर बमनौली उर्फ नंगली निवासी रफीक पुत्र हैदर का छोपड़ीनुमा कच्चा मकान था। जिसमें उसने बकरियां भी पाल रखी थी। शनिवार की रात्रि किसी समय अज्ञात कारणों से उसके घर में आग लग गई। जिसमें वही खड़ी एक बिक्की टीवीएस और तीन बकरियां तथा घर का अन्य सामान जल गया। बामुश्किल आग पर काबू पाया गया। मगर जब तक सब कुछ जल गया। घर में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया।



# श्री नामदेव समाज की विशेष बैठक



**बिजनौर।** आज चार बजे श्री नामदेव धर्मशाला शिव मंदिर में नामदेव समाज की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। जिला शामली से पधारे आगंतुक रजनीश टॉक ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 21 दिसंबर को जिला शामली में एक विशाल कार्यक्रम श्री नामदेव समाज का होने जा रहा है, जिसमें भारी संख्या में नामदेव समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से समाज के लोगों से संपर्क किया जा रहा है।आगामी 21 दिसंबर को कार्यक्रम में पहुंचने के लिए बैठक में मौजूद सभी लोगों से अपील की गई कि व भारी से भारी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दें। बैठक में श्री नामदेव कमेटी नजीबाबाद प्रधान मदन गोपाल टोंक, सुशील टोंक, पीयूष, सतीश नामदेव, मनोज नामदेव, सुरेश टॉक, आत्माराम, संजय, अतुल रोहिल्ला, सोनू आदित्य, प्रशांत, सोनू, सचिन, अजय, सुनील टांक, उज्जवल, सुधांशु, अमित वेद प्रकाश, अमित, तरुण शंकर, संजीव, वासु नामदेव आदि काफी संख्या में नामदेव समाज के लोग उपस्थित रहे।

# युवक बिजली के करंट से झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** सर्दी लगने पर आग जलाने के लिए कवाड़ निकालते समय युवक ट्रांसफर से नीचे लटके तार से टच हो गया। जिसमें वह बुरी तरह झुलस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत को नाजूक देखते हुए मेरठ के लिए रैफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम मोहडिया निवासी विकास (17 वर्ष) पुत्र बिज.ेंद्र शहवाजपुर अड्डे पर सुलेमान नाई की दूकान पर हेयर कटिंग का काम सीख रहा था। आज रविवार की सुबह जब वह दूकान पर आया, तो ठंड लगने के कारण आग जलाने के लिए मोहडिया रोड की ओर कुछ कवाड़ लेने के लिए चला गया। पास में ही एक ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। जिसके नीचे से वह कवाड़ निकाल रहा था। ट्रांसफार्मर से नीचे एक बिजली का तार लटका हुआ था। जिसमें वह कवाड़ के साथ तार से टच हो गया और बुरी तरह झुलस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने झुलसे युवक को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मगर हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया है।



**सम्बंध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौहम्मद दानिश पुत्र मोहम्मद असलम चमन सराय सम्भल का व्यवहार मेरे व मेरे परिवार वालों के प्रति अच्छा नहीं है। इसलिए मैंने व मेरे परिवार वालों ने मोहम्मद दानिश से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। पिछले छह माह से मौहम्मद दानिश से मेरा व मेरे परिवार का कोई रिश्ता नहीं है। वह अपने अच्छे व बुरे के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैंने अपनी चल व अचल सम्पत्ति से भी बेदखल कर दिया है। **मोहम्मद असलम, निवासी मौहल्ला चमन सराय, तहसील व जिला सम्भल।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम ALI RAZA CHAND MIYAN से बदल कर ALI RAZA कर लिया है। भविष्य में मुझे ALI RAZA नाम से ही पहचाना जाये।

**अली रजा पुत्र दिलावर हुसैन निवासी ग्राम पेदी पोस्ट फरीदपुर भोगी, तहसील व जिला बिजनौर।**

# सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता अभियान

## ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से धामपुर पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार के नेतृत्व में यह अभियान नगीना चौराहे पर चलाया गया, जहां बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे बिना नंबर प्लेट के वाहन सड़क पर न चलाएं। पुलिस ने चालकों को अपनी ई-रिक्शाओं का विधिवत पंजीकरण कराने, वाहन पर पंजीकरण नंबर स्पष्ट रूप से अंकित कराने तथा वाहन के अंदर चालक का फोटो, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

पुलिस की सक्रियता देख ई-रिक्शा चालकों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई चालक अपनी ई-रिक्शा लेकर मौके से हटते हुए नजर आए। पुलिस द्वारा स्पष्ट कहा गया कि यह अभियान केवल कार्रवाई के लिए नहीं बल्कि चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि यातायात नियमों का पालन सभी वाहनों के लिए अनिवार्य है। यदि कोई चालक नियमों की अनदेखी करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की मांग

**कोतवाली देहात।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्राम निजामपुर में योगेश प्रधान के आवास पर संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि उमरी से मुकरपुर सत्ती तक नहर पर सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की मांग काफी समय की जा रही है। प्रशासन द्वारा नहर पर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया गया, लेकिन पिछले वर्ष बनाई गई सड़क पर निर्माण नहीं किया गया। पिछले वर्ष लगभग 3 किलोमीटर बनाई गई सड़क टूट गई है। टूटी हुई सड़क पर शीघ्र निर्माण कार्य करने की मांग की गई। जिले में गुलदार के हमलों की कई दर्जन घटनाएं भी हो चुकी है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा गुलदार की समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, मुस्तकीम अंसारी, विजेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, विजयपाल सिंह, नितिन कुमार, मोहित कुमार, आकाश कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## 'संवर्धन' प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो पराविधिक स्वयंसेवक सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आयोजित कलस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम 'संवर्धन' का आयोजन श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ, मुजफ्फरनगर में किया गया। कार्यक्रम में जनपद बिजनौर के जयवीर सिसौदिया एवं कुमारी ज्योति को परा. विधिक स्वयंसेवकों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर में कार्यरत पीएलवी जयवीर सिंह एवं कु. ज्योति को उत्कृष्ट कार्य के लिए 'सर्वश्रेष्ठ पराविधिक स्वयंसेवक' के सम्मान से नवाजा गया। दोनों को प्रमाण पत्र एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पराविधिक स्वयंसेवकों को तकनीकी सत्रों में सरकारी योजनाओं से आम लोगों को जोड़ने, उनकी शिकायतों के निराकरण एवं विधिक सहायता उपलब्ध कराने के विषय में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर श्रेय शुक्ला (एडीजे, बिजनौर), प्रवोध वर्मा (एडीजे, मुजफ्फरनगर), सिविल जज, शामली सहित विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी एवं श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ के प्रवक्ताओं ने प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य डॉ. पूनम शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### एक नजर

## कृष्णा कालेज में प्रतिभा खोज परीक्षा




**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप आफ कॉलेजेस, बिजनौर द्वारा 'प्रतिभा खोज परीक्षा' का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त जनपद के विभिन्न कॉलेजो से आये 8354 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के मेधावी विजेताओं को क्रमश: प्रथम पुरुस्कार 51,000 रुपये, द्वितीय पुरुस्कार 21000 रुपये, तृतीय पुरुस्कार 11000 रुपये तथा दक्षता सूची में स्थान पाने वाले विभिन्न छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरुस्कार भी दिये जायेंगे एवं स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी जो कि उन्हें किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का है जो प्रतिस्पर्धा के अनुसार स्वयं को नहीं ढाल पाया, वह पीछे रह जायेगा। कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी प्रवेश परीक्षाओं की इतनी अधिक जानकारी नहीं होती तथा उनका पाठ्यक्रम भी सरकारी एवं गैर सरकारी प्रवेश परीक्षाओं के इतना अनुकूल नहीं है। प्रतिभा खोज परीक्षा में सम्मिलित होकर छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा के प्रारुप से अवगत हो सकेंगे और भविश्य में लाभांवित होंगे। इस परीक्षा के आयोजन का उद्देश्य इण्टरमीडिएट स्तर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सामान्य ज्ञान, तार्किक दक्षता को परखना भी है, ताकि भविष्य में वे सरलता से किसी भी सरकारी व गैर सरकारी परीक्षा में प्रतिभाग कर सफलता पा सकें। परीक्षा का आयोजन शान्तिपूर्ण रहा। महाविद्यालय के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भाकियू का धरना दूसरे दिन भी जारी



**चांदपुर।** वन क्षेत्र अधिकारी चांदपुर दुष्यंत सिंह के कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए जाने, किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करने व किसानों का उत्पीड़न समाप्त किए जाने की मांग को लेकर किसान यूनियन ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं का धरना आज दूसरे दिन भी जारी रहा। आज धरने पर उपस्थित युवा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी युवा मंडल महासचिव प्रिंस चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि वन रेंजर कार्यालय चांदपुर में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा किसी कार्य को कराए जाने पर भी बिना लेनदेन के कुछ नहीं किया जाता। विरोध करते हैं तो अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ता है। हमारी किसान यूनियन अपने किसान भाईयों के साथ ऐसा कभी नहीं होने देंगी, चाहे इसके लिए हमें धरना प्रदर्शन लंबा ही खींचने पड़े। जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नामधारी ने कहा कि वन रेंजर कार्यालय चांदपुर में कर्मचारी तो क्या रेंजर भी किसी किसान की बात सुनना पसंद नहीं करते। इस मौके पर फरीद खान, मैंराजू प्रधान, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ, राम सिंह प्रजापति, छोटू तोमर ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। दूसरे दिन धरने पर सरजीत सिंह, सरदार शमशेर सिंह, चौधरी राजपाल सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, शादाब सैफी, फरमान खान, परवेज आलम आदि उपस्थित रहे।

## परिनिर्वाण दिवस पर निकाली प्रभातफेरी



**बिजनौर।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 6 दिसंबर को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के70वी परिनिर्वाण दिवस पर प्रभातफेरी का बुध विहार बुखारा में आयोजन किया गया। प्रभातफेरी अंबेडकर प्राइमरी विद्यालय बुखारा प्रधानाध्यापिका रुचि रानी, सरिता रानी, अंशु तथा नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ डीएवी इंटर कॉलेज, एसआरएस, पोस्ट ऑफिस होते हुए, विकास भवन में पहुंची। प्रभातफेरी में भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष तिलक राज बौद्ध, प्रांतीय संरक्षक गुरु दयाल सिंह बौद्ध, प्रांतीय संरक्षक प्रो. धन सिंह रवि, नरेंद्र सिंह बौद्ध, देश दीपक, जेपी सिंह, धर्म सिंह मैनेजर साहब, बुखारा मौहल्ला के सभासद प्रभाकर, करण सिंह, तीरथ राम, महासभा के कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार एडवोकेट, भारतीय बौद्ध महा सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष चंदू सिंह, राजवीर सिंह आदि ने प्रभात फेरी में शामिल होकर विकास भवन में पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को आदरणीय निवेश गौतम, प्रोफेसर धन सिंह रवि, सीपी सिंह, लखपत सिंह, इंजीनियर मणिकांत, डॉ. योगेंद्र कुमार, गुलशन सिंह, हरीराज सिंह, आरएस कोठारी, एडवोकेट देव प्रकाश एवं शिवकुमार वाल्मीकि ने अपने-अपने विचार रखें। सभा का संचालन नरेंद्र जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष तिलक राज बौद्ध ने की।

## डीएम ने तहसील दिवस में सुनी समस्याएं



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि तहसील दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुन: प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। आज तहसील दिवस के मौके पर कुल 23 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिनमें 03 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कौशलेंद्र सिंह, सीओ सिटी संग्राम सिंह, सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

### एक नजर

## सामाजिक समरसता दिवस मनाया



**मंडावर।** अखिल भारतीय परिषद प्रांत मेरठ विभाग बिजनौर इकाई मंडावर के तत्वावधान में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 'सामाजिक समरसता दिवस' बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माला पहनाकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगठन के युवा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दीपांशु अग्रवाल, पवन कुमार, आदित्य पाल, आकाश पुष्पक, वंश पराशर एवं ऐश अत्री सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष एवं भारतीय संविधान में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही सामाजिक समरसता, बंधुत्व और समता पर आधारित समाज की स्थापना का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने एवं सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने का प्रण लिया।

## समाजसेवी झड़िया सिंह की पुण्यतिथि मनाई



**नगीना।** पूर्व विधायक सतीश गौतम एवं हरिद्वार से भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ के पिता स्व. झड़िया सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। मौहल्ला लाल सराय स्थित पूर्व विधायक सतीश गौतम के आवास पर दलित समाज में अपनी अलग पहचान रखने वाले समाजसेवी व रेलवे कोयले के ठेकेदार झड़िया सिंह के चित्र पर क्षेत्र के लोगों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया एवं हवन पूजन आदि कराकर उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। स्व. ठेकेदार झड़िया सिंह ने समाज के कई लोगों को अपने घर पर रखकर उनकी पढ़ाई में सहयोग किया तथा कई लोगों की सरकारी नियुक्ति कराने में मदद की एवं रोजगार दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश गौतम, भाजपा नेता रोहित रवि, शिवप्रताप उर्फ लक्की, संजय कुमार, अविनाश कुमार, संदीप रवि, दीपक कुमार, रविंदर कौर, संतोष देवी, अमिता रानी, ममता देवी, लता देवी, आशीष कुमार, अमोल कुमार, वीरेंद्र सिंह, शुगमचंद, चंद्रपाल सिंह, बाबू मदन पाल सिंह, राजकुमार सिंह, मास्टर राजाराम, ओम प्रकाश अमीन, संजय कुमार, डॉ. उदय राज, प्रकाश सिंह, लेखपाल कोमल सिंह, अनवारुल अजीज, प्रकाश सिंह तथा स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जयंत चौधरी से मिले अशोक चौधरी



**चांदपुर।** रालोद के अशोक चौधरी के लगातार जनसेवा कार्यों और विधानसभा क्षेत्र की मौजूदा जरूरत को पूरा करने का प्रयास करते हुए आज अशोक चौधरी दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात की और क्षेत्र की स्थिति के बारे में विस्तार से अवगत कराया। गौरतलब है कि चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ आने पर सबसे पहले प्रभावित गांवों में पहुंचे थे और लगातार 28 दिनों तक राहत कार्यों में जुटे रहे। साथ ही किसान ट्रस्ट की राहत सामग्री उन्होंने टीम के साथ मिलकर जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई। अब वह गंगा खादर क्षेत्र की तटबंध निर्माण की समस्या को लेकर इसकी पहल के तहत उन्होंने सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गंगा किनारे निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिंचाई विभाग द्वारा क्षेत्र का ड्रोन सर्वे भी कराया गया, ताकि बाढ़ से प्रभावित इलाकों का सही आंकलन हो सके। इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर सैकड़ों कंबलों का वितरण किया गया, जिससे ठंड से राहत मिल सके। आज दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक में अशोक चौधरी दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने क्षेत्र की बाढ़ समस्या, तटबंध निर्माण की जरूरत, अधिकारियों की रिपोर्ट और ड्रोन सर्वे के निष्कर्षों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। फिर बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान से वार्ता हुई एवं विस्तार से अवगत कराया। अशोक चौधरी ने तटबंध निर्माण कार्य को शीघ्र स्वीकृति, आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और कार्य में तेजी लाने हेतु विशेष अनुरोध किया, ताकि भविष्य में बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जनता की माने तो रालोद के अशोक चौधरी विधानसभा क्षेत्र चांदपुर की जनता के हीरो बने हुए हैं।

# लग्न रिश्ते के कार्यक्रम में प्रेमिका का हंगामा

## प्रेम-प्रसंग में शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** फेसबुक पर हुई दोस्ती प्रेम प्रसंग में बदलने के बाद शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले रेलवे में स्टेनो युवक द्वारा दूसरी युवती से लग्न रिश्ता जोड़ने पर हंगामा खड़ा हो गया। प्रेमिका ने बैंकट हॉल में पहुंच कर हो रहे लग्न रिश्ते कार्यक्रम हंगामा करते हुए रिश्ते को रूकवा दिया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों पक्ष थाने पहुंच गए है। बाद में वार्ता होने पर युवक का तय रिश्ते की रस्म की अदायगी हुई।

जानकारी के अनुसार नूरपुर मार्ग स्थित बैंकट हॉल डीवी गार्डन में एक ग्राम निवासी युवक का नजीबाबाद के क्षेत्र के एक गांव से लग्न रिश्ता आया था। शादी 10 दिसंबर को तय थी। रविवार को लग्न रिश्ते के कार्यक्रम में शेरकोट क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पहुंचकर बैंकट हॉल में हंगामा खड़ा कर दिया। उसने आरोप लगाया कि युवक का पिछले तीन वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा है। शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण किया गया। शादी से इंकार करने पर उसने इस मामले में शेरकोट थाने में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी,जिसके बाद युवक ने उससे सामा. जिक तरीके से शादी करने का आश्वासन देकर समझौता कर लिया था। दर्ज रिपोर्ट में उसके बयान आदि कराकर क्लीन चिट ले ली थी। जब उसने किए गए वायदे के अनुसार शादी करने को कहा तो दोबारा से शादी से मुकर गया। इस पूरे मामले में उसने दोबारा से 4 दिसंबर को नहटौर थाने में भी कोर्ट के आदेश पर युवक व उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बावजूद भी आरोपी युवक ने दूसरी जगह शादी तय कर ली। रविवार को लग्न रिश्ता करने की सूचना पर युवती ने बैंकट हॉल में पहुंचकर लग्न रिश्ते को रूकवा दिया। पुलिस मौके पर पहुंची। वार्ता होने के बाद तय रिश्ते की रस्म शाम के समय पूरी हो गई। हल्का दरोगा हरि प्रकाश का कहना है कि तीनों पक्षों को थाने बुलाया गया था। तीनों में वार्ता हुई। उसके बाद लग्न रिश्ता हो गया है।

## गंगा एक्सप्रेस-वे विदुर की धरती से निकालने की मांग



### भाकियू की मासिक पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक पंचायत ग्राम अली नगर पालनी में की गई। जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र सिंह ने एवं संचालन सुरेश कुमार ने किया।

धामपुर तहसील क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में मांग की गई कि गंगा एक्सप्रेसवे को महात्मा विदुर की धरती बिजनौर से होकर निकाला जाए तथा जनपद बिजनौर में एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए।

बैठक में किसानों से जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की गई। साथ ही शुगर मिल धामपुर द्वारा किसानों को मैली खाद (प्रेसमड) नि:शुल्क उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई, ताकि किसानों की फसल की उपज में वृद्धि हो सके।

इसके अलावा प्रशासन से आवारा पशुओं और बंदरों से किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि लेखपालों द्वारा अंश निर्धारण का कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक आंदोलन करने को मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, संगठन मंत्री सुरेश राणा, न्याय पंचायत अध्यक्ष भानु प्रताप राणा आदि किसान मौजूद रहे।

## बीएलओ ने एएसडी वोटरों को लेकर बीएलए के साथ की बैठक



### डुप्लीकेट मतदाताओं के विषय में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर क्षेत्र के बूथ संख्या 296, 297, 298 व 299 में कार्यरत बीएलओ ने सभासद असलम सिद्दीकी के आवास पर राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ बैठक की। इस बैठक में बीएलओ ने प्राप्त मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित और डुप्लीकेट मतदाताओं के विषय में जानकारी दी।

तहसील निर्वाचन कार्यालय के सुपरवाइजर मौहम्मद शाहनवाज के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में बताया गया कि यदि किसी मतदाता का नाम त्रुटिवश इन सूचियों में शामिल हो गया है, तो वह स्वयं उपस्थित होकर संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। मतदाता 11 दिसंबर से पहले अपना गणना पत्रक डिजिटलाइज कराकर सुधार करवा सकते हैं। चुनाव आयोग ने इस सुधार प्रक्रिया के लिए 11 दिसंबर को अंतिम तिथि निर्धारित की है। सुपरवाइजर मौहम्मद शाहनवाज ने बताया कि अगली बैठक 12 दिसंबर को सभी बूथों पर बीएलओ व बीएलए के मध्य संबंधित बूथों पर आयोजित की जाएगी, जिनका उद्देश्य एएसडी वोटरों की जानकारी कर मतदाता सूची को त्रुटि रहित करना है। इस अवसर पर बीएलओ परवेज कमर, रेशमा परवीन, मौहम्मद शरफुद्दीन, सुहेल इकबाल, नवाब अहमद, डॉ. नईम, सलाउद्दीन अहमद, नसीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# शीतलहर से बचाव की तैयारियों की समीक्षा



### एडीएम ने जारी की एडवाइजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शीतलहर से बचाव हेतु बैठक आयोजित की गयी।

अपर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, पशुपालन विभाग, लोनिवि सहित सभी संबंधित अधिकारियों से शीतलहर के बचाव के दृष्टिगत विभागीय तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने कार्यों के अन्तर्गत शीतलहर से संबंधित शेष रह गयी तैयारियों को तत्काल पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शीतलहर के प्रकोप से आमजन मानस की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य करें।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा शीत लहर के बचाव के दृष्टिगत एडवाइजरी जारी भी जारी की जो निम्न प्रकार है-गन्ना तथा भूसा ढोने वाले गाडियों जैसे-ट्रॉली, ट्रक, बैलगाड़ी पर क्षमता से अधिक गन्ना न लादें। सर्दियों में गाड़ियों में फॉग लाईट का इस्तेमाल करें। भार ढोने वाले वाहन के चालक इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पीछे से आ रही एम्बुलेंस को रास्ता दें। दोपहिया वाहन चालक शीतलहर/ठंड में बहुत आवश्यक होने पर ही घर से वाहन लेकर बाहर निकलें, दोपहिया वाहन चालक शीतलहर/ठंड में बाहर निकलते समय गर्म कपड़े, दस्ताने, चश्मा, हेलमेट पहन कर निकलें।

उन्होंने बताया कि कोयले की अंगीठी, मिट्टी तेल का चूल्हा, हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें तथा कमरें में शुद्ध हवा का वायु-संचार बनायें रखें। ठंड लगने के लक्षणों जैसे हांथ-पांव सुन हो जाना, हाथ पैरों की उंगलियों में सफेद या नीले रंग के दाग उभर आने पर नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। हाइपोथर्मिया (शरीर के असामान्य तापमान) के लक्षण जैसे याददास्त का कमजोर पड़ना, असी. मित ठिठुरना, सुस्ती, थकान, तुतलाना तथा कार्य में भटकाव इत्यादि के लक्षणों महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।

उन्होंने पशुओं के लिए जानकारी देते हुए बताया कि ठंड के मौसम में पशुओं को थनैला मिल्क फीवर नेमोटाइटिस आदि रोग होने का खतरा रहता है, इसलिए पशुओं को समय-समय पर चिकित्सक को दिखाते रहें पशुओं को रात में खुले पेड़ के नीचे अथवा घर से बाहर ना निकालें। पशुओं को ठंड के समय में गुड़ व कैल्शियम टॉनिक पिलाएं पशुओं को ठंड के मौसम में जूट की बोरी अथवा घर में पड़ा पुराना कंबल उढाएं। प्रेगनेंट पशुओं को ठंड लगने की ज्यादा संभावना होती है, उनके पास अलाव जलाकर रखें लेकिन यह भी ध्यान में रखें कि अलाव पशुओं से कुछ दूरी पर ही जलाएं, जिससे पशुओं को कोई नुकसान ना पहुंचे।

उन्होंने बताया कि शीत लहर और पाला फसलों को काला रतुआ, सफेद रतुआ, पछेती झुलसा आदि बीमारियों सहित बीमारियों के कारण नुकसान पहुंचाता है। शीत लहर अंकुरण, विकास, फूल, उपज और भंडारण जीवन में विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यवधानों का भी कारण बनती है। ठंड प्रतिरोधी पौधों, फसलों, किस्मों की खेती करें। सर्दियों के दौरान नर्सरी और युवा फलों के पौधों को प्लास्टिक से ढककर या छप्पर बनाकर विकिरण अवशोषण को बढ़ाएं और गर्म तापीय व्यवस्था प्रदान करें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेन्द्र सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव सहित पशु पालन, पीडब्लूडी, परिवहन विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# सनातनी भक्तों के आवागमन को रेलवे लाइन का विस्तारीकरण ज़रूरी

**०विस्तारीकरण को बजट जारी करने की पीएम से की मांग**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गजरराला तक रेलवे लाइन विस्तारीकरण की मांग को चल रहे प्रयास ओर तेज कर दिये गए हैं।विस्तारीकरण की मांग में जुटे लोगो ने कल्कि सेना अध्यक्ष से मिलकर प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखवाकर बजट जारी कराने की मांग करायी गयी।

सम्भल से गजरोला तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग पांच दशक पुरानी है। पूर्ववर्ती सरकार में रेलमंत्री ममता बनर्जी ने बजट में रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को मंजूरी प्रदान की थी, लेकिन राजनैतिक कारणों से बजट जारी नहीं हो सका था। जबकि स्वयं सेवी संस्थायें और अन्य लोग निरंतर रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को बजट जारी करने की मांग उठाते चले आ रहे हैं। समाज सेवी अधिवक्ता रविराज चाहल ग्राम प्रधानों और अन्य संगठनों व हिंदूवादी नेताओं से प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखवाकर रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को बजट जारी करने की मांग करते आ रहे है। इसी कड़ी में रविवार को श्रीकल्कि सेना निष्कलंक दल के अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता व राष्ट्रीय महामंत्री गगन वार्ष्णेय ने पीएम के नाम पत्र लिखा। पत्र में कहा ग या कि कलिक भगवान की अवतार स्थली के रूप में जाना जाता सम्भल एक प्राचीन नगरी है। जिसका उल्लेख पौराणिक ग्रंथो में भी किया गया है और देश-विदेश से हिंदू पर्यटकों का सम्भल आवागमन लगा रहता है लेकिन रेल आवागम की व्यवस्था न होने से लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा सम्भल की 24 कौसीय परिक्रमा भी की जाती है ओर इसमें सहभागिता के निए देश-दुनिया के सनातनी भक्तों का आवागमन होता है। जबकि अनेक उद्योगों के लिए भी सम्भल अपनी एक विशेष पहचान रखता है। रेल सुविधा न होने से यह उद्योग सही प्रकार से संचालित नहीं हो रहे है। इसलिए रोजगार की तलाश में लोग दूसरे प्रदेशों को पलायन करते है। पत्र में जिनहित में रेलवे लाइन के वस्तारीकरण को बजट जारी करने की मांग की।



सम्भल- रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग को कल्कि सेना के अध्यक्ष व महामंत्री से पीएम के नाम पत्र भिजवाते

# आरटीई के तहत 25 प्रतिशत गरीब परिवार के बच्चों को प्रवेश देने की व्यवस्था

**०जागरूकता के अभाव में पात्रों को नहीं मिल पाता है लाभ**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** जन शिक्षा विकास समिति की बैठक में वक्ताओं ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर लोगों को जागरूक किया। वक्ताओं ने कहा कि इस अधिनियम मे निजी स्कूलों मे 25 प्रतिशत प्रवेश गरीब परिवारों के बच्चों देने की व्यस्था की गई है।

रविवार को नगर के देहली दरवाजा मुहल्ले में सम्पन्न हुई जन शिक्षा विकास समिति की बैठक में समिति के प्रबंधक/सचिव चौधरी सुआलेहीन रजा ने कहा कि सरकार ने गरीब परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों मे शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निःशुल्क शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया है। लेकिन इस अधिनियम से आच्छादित अभिभावकों को जागरूकता के अभाव मे इसका लाभ नहीं मिल पाता। समिति के फराज खान एडवोकेट ने कहा शिक्षा एक अधिकार अधिनियम के तहत जरूरत मंद परिवार अपने बच्चों को निजी स्कूलों मे दाखिला दिला सकते हैं। बैठक में उपस्थित अन्य व्यक्तिओं ने भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान खालिद हुसैन एडवोकेट, मोहम्मद ताबिश खान, शमशाद हुसैन, सूरज, सुहेल आदि उपस्थित रहे।

# ठंड के तेवर होने लगे तीखे

**०धूप के साथ हवा कर रही सूर्य की तपिश को कम**
**०बाज़ारों में भी ठंड का जल्दी दिखायी दे रहा असर**
**०सांय को मुंह और हाथ पांव ढके निकलना दूभर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ठंड अपने चरम पर होती जा रही है। सुबह से लेकर शाम तक हवा के चलने से गर्म वस्त्र भी ठंड को रोक पाने में नाकाम हैं। जबकि तेज कड़क धूप में भी हवा के झोंके ठंडक का अहसास करा रहे हैं।

नवम्बर माह में ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी थी, लेकिन धीमी गति से बढ़ी ठंड की रफतार से इसका अहसास नहीं हो पा रहा था। इसलिए लोग सांय को भी हल्के वस्त्रों में ही देर रात तक घर से बाहर चहल कदमी आसानी से करते आ रहे थे। लेकिन दिसम्बर माह की शुरूआत होते ही ठंड ने अपना पूरा असर दिखाना शुरू कर दिया है। अब तक मंद गति से पड़ रही ठंड की रफ्तार तीखी हो गयी है। सुबह से लेकर शाम तक ठंड का असर काफी हो रहा है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए ठंडक एक खतरा बनती जा रही है। जबकि हृदय रोगियों के लिए ठंड अभिशान होने लगी है। हालांकि अभी कोहरे ने अपनी कोई खास दस्तक नहीं दी है लेकिन सुबह सवेरे सूर्य निकलने से पूर्व धुंध से कोहरा जैसा मंज़र नज़र आने लगा है। है। हालांकि दिन का परा चढ़ने के साथ सूरज निकलते ही धूप भी तेज कड़क होने लगती है,लेकिन ठंडी हवा के चलते ही सूरज की तपिश को ठंडा कर देती है। धूप से अलग हटते ही ठंडक का अहसास पूरी तरह होने लगता है जबकि सांय को बिन गर्म वस्त्रों के निकला दूभर हो जाता है। इसी के साथ ठंड के बढ़ते असर के कारण बाज़ारों में भी चहल-पहल कम हो रही है और दुकानदार भी जल्दी ही दुकानों के शटर गिराकर अपने-अपने घरों को प्रस्थान कर लेते हैं। माना जा रहा है कि जैसे-जैसे ठंड की रफ्तार बढ़ रही है उसकी गति ओर भी तेज होगी। जबकि कोहरे की मार और पछुआ हवा ठंड के असर को ओर भी तीखा बना देगी।इसके अलावा जिलों में शीतलहर का असर दिख रहा है एवं आगे आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने के पूरे आसार हैं।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई सुबह-शाम की गलन

शाह टाइम्स,संवाददाता

**गवाॅं।** पूर्णिमा के बाद और दिसंबर माह के पहले सप्ताह में चल रही हवाओं ने गवां क्षेत्र में सुबह शाम ठिठुरन बढ़ा दी है। लोग दृश्यता का प्रभाव समझकर मौसम के अनुसार ही प्रतिस्पर्धा पर अडिग हैं। दिन में कुछ देर के लिए धूप निकलती है तो आमजन को राहत मिलती है। आए दिन सुबह से ही सर्द हवाओं का असर लगातार बन रहा है, जिससे ठिठुरन बढ़ती जा रही है। दिन निकलते ही लोग घरों से बाहर निकलना पसंद नहीं करते तापमान में गिरावट के साथ ठिठुरन बढ़ गई अतिरिक्त लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। बाजारों में पैदल निकलने वाले लोगों की रफ्तार शाम होते-होते धीमी हो रही है जरूरी काम निपटाकर लोग घरों की ओर जल्द लौटने की उम्मीद करते हैं।

# आवारा कुत्तों ने मचा रखा है आतंक

**०नगर पालिका प्रशासन की अंदेखी से हो सकती है बड़ी घटना**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शहर भर और उप नगरी सराय तरीन में आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है। आवारा कुत्ते झुंड बनाकर गली, मुहल्ले में घूमकर हमलावर हो रहे हैं। जबकि छोटे बच्चों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। झुंड के रूप में कुत्तों का रहना खतरनाक बनता जा रहा है।

शहर के गली मौहल्लों के साथ उप नगरी सराय तरीन के कई मौहल्लों में आवारा कुत्तें का आतंक चरम पर है। दिन हो या रात निकलना बड़ा मुश्किल हो गया है। गलियों में झुंड बनाकर कुत्ते टहलते नजर आ रहे हैं। जबकि सर्वोच्च न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार कुत्तों को जल्द पकड़वाना चाहिए। जिससे कोई दुर्घटना ना घटे। लोगों ने नगर पालिका से कुत्ते पकड़ने की अपील की है। कुत्ते अधिक परेशान करने लगे हैं, आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। नगर के मौहल्ला चमन सराय में कुत्तों का बढ़ता आतंक मांस दुकानों के आसपास और गलियों में तथा उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला भूड़ा, होज कटोरा, दरबार, चकली आदि मुहल्लों में कुत्ते पड़े रहते हैं और उसके आसपास कचरा पड़ा रहता है। कुत्ता काट लेता है, तो समय पर आसानी से वैक्सीन भी नहीं मिल पाती है। कुत्ते जल्द अगर नहीं पकड़े गए तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। मु.सुहैल ने बताया कि कुत्ते झुंड के झुंड रूप में निकल रहे हैं और गलियों में रातों को घूम रहे हैं। महिलाओं और बच्चों का निकलना दूश्वार बनता चला जा रहा है। यह किसी भी वक्त मौका पाकर हमला कर देते हैं। बड़ी घटना होने से पहले जल्द इनको पकड़वाया जाए। जिससे नागरिकों को राह चलने में भी आसानी हो और बिना भयभीत हुए वह अपने गंतव्य तक पहुंच सके। आवारा कुत्ते जंगल में गधो का भी शिकार कर रहे हैं। यह आवारा कुत्ते जंगल से कस्बे की गलियों में घूमने लगे हैं, इनका जल्द इंतजाम न हुआ तो यह मौका देखकर लोगों पर भी हमला कर सकते हैं, जिससे बड़ी दुर्घटना भी घट सकती है छोटे बच्चे इसका शिकार हो सकते हैं। कुत्तों को जल्द पकड़वाया जाए और लोगों को इनसे निजात दिलाने का कार्य किया जाए



सम्भल- उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ले में घरों सामने जमा आवारा कुत्तों का झुंड।

# बेमानी साबित हो रहे यातयात नियम

**०डग्गामार वाहनों पर नहीं कोई अंकुश**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुरक्षित यातायात के लिए सरकार ने नवंबर को यातायात माह घोषित किया। लेकिन क्षेत्र में कहीं भी इसका असर दिखाई नहीं दिया। न तो कहीं लोगों को जागरुक करने के लिए बैनर पोस्टर ही लगे दिखाई दे रहे हैं और न ही नियमों का पालन करवाने के लिए कोई कार्यवाही ही नजर आ रही है। इसके लिए जिम्मेदार नहीं सोच रहे हैं तो वाहन चालक भी अपने में मस्त है। हर तरफ यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं । नगर में वाहन चालक भी सीख लेने के स्थान पर अव्यवस्था फैला रहे हैं। डग्गामार वाहन चालक हो या दुपहिया चार पहिया वाहन चालक हर वाहन चालक यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। पुलिस प्रशासन का चेकिंग अभियान भी चल रहा है और जनता को जागरुक किया जा रहा है। लेकिन सड़क और चौराहों पर देखा जाए तो लोगों को जागरूकता नजर नहीं आ रही है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभियान कितना सफल रहेगा। डग्गामार वाहन बहुत तेज गति से चल रहे हैं। इन पर किसी प्रकार का अंकुश नहीं लग पा रहा है। यात्री जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। प्रशासन की आँखों के सामने यह वाहन फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। नगर के व्यवसायी नीरज वार्ष्णेय ने कहा कि वाहनों चालकों को जागरूक करने साथ ही डग्गामार वाहनों के चालकों को भी यातायात के नियम समझाये जाएँ।ताकि यह वाहनों की गति और सवारियों को बैठने के मानकों का पालन कर सकें। व्यवसायी सुरेश गुप्ता ने कहा कि अनट्रेंड वाहन चालकों को लाइसेंस ही नहीं दिए जाने चाहिए। तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लानी चाहिए। गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि वाहनों के चालकों को यातायात के नियम के बारे में बताया जा रहा है। यातायात पुलिस भी लोगों को जागरूक कर रही है। वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानी की पत्नी के निधन पर 13वीं का भोज नहीं करने का निर्णय

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** संत जोगा सिंह चाहल स्मारक स्थल पर शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी महिपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती रामादेवी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

चौधरी महिपाल सिंह ने कहा कि अब से 13 दिन पूर्व मेरी अर्धांगिनी रामादेवी का निधन हो गया। सभी खापों की सामूहिक पंचायत में सामूहिक निर्णय लिया गया कि आरिष्टी और 13वीं का भोज परिवारों में नहीं होना चाहिए। भोज प्रथा समाज को प्रतिबंधित करना चाहिए। इस प्रस्ताव का पूर्णत्या पालन करते हुए मेरे परिवार ने आरिष्टी 13वीं का भोज नहीं किया बल्कि संत जोगा सिंह स्मारक स्थल पर आकर गुरुद्वारे में प्रसाद भोग का आयोजन किया गया। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु निश्चित है और जिसकी मृत्यु होती है उसका जन्म निश्चित है। परमपिता परमात्मा के यहां यह आवागमन का सिद्वांत अटल है।

# ठंड से बचाव को हल्की ज्यादा गर्माहट देने वाली फर की रज़ाइयां बनी पहली पसंद

**०ठंड से बचाव को गर्म वस्त्रों की खरीद बढ़ी**

शाह टाइम्स संवाददता

**बबराला।** सर्दी बढ़ते ही लोगों ने गर्म कपड़ों व बिस्तरों का इंतजाम शुरू कर दिया है। इस बार बाजार में खरीदारी का रुझान पूरी तरह बदल चुका है। हल्की, मुलायम और ज्यादा गर्माहट देने वाली फाइबर के फर वाली रजाइयों को लोग खूब खरीद रहे हैं। आकर्षक और हल्के कंबल भी ग्राहकों की पहली पसंद बन गए हैं। इसमें भी ब्रांडेड कंपनियों को प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में लोग ठंड से बचने के इंतजाम में जुट गए हैं।

बाजार में विभिन्न डिजाइन, रंग और क्वालिटी की फाइबर रजाइयों व कंबलों की अच्छी खासी रेंज उपलब्ध है। ठंड शुरू होते ही कारोबारियों ने बड़ा स्टॉक जमा कर लिया है। बिक्री में तेजी दिखाई दे रही है। ग्राहकों का रुझान कपास और सिंथेटिक रुई की जगह फाइबर के फर वाली रजाइयों पर अधिक है। ये न सिर्फ हल्की होती हैं बल्कि अधिक गर्म भी होती हैं। देखने में भी आकर्षक लगती हैं। वहीं रंग-बिरंगे आकर्षक कंबल भी लोग उत्साह से खरीद रहे हैं। व्यापारी बताते हैं कि इस बार मांग पहले की तुलना में काफी अधिक है। ठंड की शुरुआत के साथ ही बाजारों में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। फाइबर रजाइयों की बढ़ती लोकप्रियता का कारण उनकी टिकाऊ बनावट, कम वजन और बेहतर गर्माहट है। ब्रांडेड फाइबर की रजाइयां अधिक गर्म, मुलायम और देखने में सुंदर होती हैं। इसलिए ग्राहक सर्द हवा से बचाव के लिए इन्हें ही खरीद रहे हैं। निर्दोष वार्ष्णेय उर्फ बोबी वस्त्र विक्रेता ने बताया कि ब्रांडेड कंपनियों के कंबल लोगों की पसंद बने हुए हैं। यह हल्के होने के साथ अधिक गर्म होते हैं। अच्छी मांग निकल रही है

# उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल बोर्ड की रही एतिहासिक उपलब्धि

**०95 प्रतिशत से अधिक सम्पत्तियां दर्ज होने का दावा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वक्फ सम्पत्तियों का ब्यौरा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने में जहां सुन्नी सैन्ट्रल वक्फ बोर्ड के मुतवल्ली काफी पिछड़े वहीं शियरा सैन्ट्रल वकफ बोर्ड ने सम्पत्तियों को दर्ज कराने में ऐतिहासक उपलब्धि हासिल की है।

नये वक्फ कानून के अनुसार देश भर में वक्फ सम्पत्तियों का ब्यौरा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराया जाना ज़रूरी कर दिया गया है। जिसकी समय सीमा 6 दिसम्बर नियत की गयी थी। उत्तर प्रदेश सुन्नी सैन्ट्रल बोर्ड से जुड़ी वक्फ सम्पत्तियां पोर्टल पर दर्ज कराने को अभियान चलाया गया लेकिन अंदेखी से वक्फ सम्पत्तियों को पूरी तरह दर्ज कराने में काफी पीछे रहा, वहीं शिया सैन्ट्रल बोर्ड ने पोर्टल पर सम्पत्तियां दर्ज कराने में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। शिया सैन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चैयरमेन अली ज़ैदी के नेतृत्व में पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए चले कार्य में 95 प्रतिशत से अधिक सम्पत्तियां उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराये जाने का दावा किया गया है। इस कार्य में वक्फ नोडल अधिकारी सम्भल डा. वसीम रज़ा, एम. हसन जावेद बाकरी, ने चैयरमेन अली ज़दी की सराहना की और वक्फ बोर्ड में निरंतर इसी तरह कार्य करते रहने का भरोसा जताया।

## हार्ट बीट सिटी सोसाइटी में क्लब हाउस का शुभारंभ

नोएडा। सेक्टर-107 स्थित हार्ट बीट सिटी सोसाइटी में क्लब हाउस कम कम्युनिटी सेंटर की रविवार से शुरुआत हुई। रविवार को इसका शुभारंभ भारत के अटॉर्नी जनरल और उच्चतम न्यायालय की तरफ से आम्रपाली परियोजना के नियुक्त कोर्ट रिसीवर आर वेंकटरमणी ने किया। यह क्लब हाउस 5200 वर्ग मीटर में बनाया गया है। यह भूतल के अलावा दो मंजिला भवन बनाया हुआ है। इसमें 400 वर्ग मीटर में कम्युनिटी हॉल, स्क्वैश कोर्ट, क्रेच, रसोईघर, मल्टी पर्पज हॉल बनाया गया है। प्रथम तल पर एक जिम, योग और एरोबिक्स के अभ्यास एक कमरा है। द्वितीय तल पर छह गेस्ट रूम, लाइब्रेरी, इनडोर गेम्स एरिया, रिसेप्शन, किचन कम रेस्टोरेंट आदि सुविधाएं हैं। इसके शुभारंभ के मौके पर कोर्ट कमेटी के सदस्य रवि भाटिया, डीके मिश्रा, केपी महादेवस्वामी, एनबीसीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक केपी महादेवस्वामी और हार्ट बीट सिटी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संगठन की मजबूती से बढ़ेगी विधायकों की संख्या



सम्भल- अपना दल एस की बैठक लेते जिलाध्यक्ष जावेद अशरफ।

**०अपना दल एस की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिले में तेजी से पांव पसार रहा अपना दल एस संगठन की मजबूती के लिए जुट गया है जबकि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूत करने के साथ जिला और ग्राम पंचायत चुनाव की तैयारियां कर दी है।

उप नगरी सराय तरीन स्थित अपना दल एस के नवाब खेल स्थित जिला कैम्प कार्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष जावेद अशरफ ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर ज़ोर दिया। इसके अलावा जिला पंचायत चुनाव व 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार मे स्वास्थ्य मंत्री दीदी अनुप्रिया पटेल व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के निर्देश अनुसार संगठन को मजबूत करने का काम करें। संगठन मजबूत होगा तो हमारा एक-एक कार्यकर्ता मजबूत होगा और हम उत्तर प्रदेश में अपने विधायकों की गिनती बढ़ा कर दीदी अनुप्रिया पटेल को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बना पाएंगे। इस मौके पर जिला सचिव हसन खान,जिला अध्यक्ष महिला मंच बबीता भारद्वाज, विधानसभा अध्यक्ष नाजिम खान, उमर, फहीम, सलीम, जीशान, शोएब सैफी, बिलाल सैफी, अकरम सैफी, इमरान, हाजी जमील, शाखा जाटव, जीतू जाटव, राहुल सैनी, शावेज सिद्दीकी, शाहद एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# शटडाउन के बाद भी दौड़ा करंट पोल पर झुलसा लाइनमेन



**०चिंताजनक हालत में मेरठ किया गया रैफर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से पोल पर काम करने चढ़े लाइनमेन की जान पर बन गई। शट डाउन लेने के बाद फैले करंट लाइनमेन झुलस गया। उसे चिंता जनक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र गांव शाहबाजपुर सूरा नगला में बीती सांय बिजली विभाग की नई लाइन बनाई जा रही थी। लाइन निर्माण में प्राइवेट लाइनमैन और ठेकेदार वहां पर काम कर रहे थे। लाइन पर काम करने से पूर्व लाइनमैन ने शट डाउन ले रखा था। लेकिन जैसा ही लाइनमैन अशीश निवासी सोनपुर पोल पर काम करने चढ़ा उसके तुरंत थोड़ी देर में ही लाइन पर करंट दौड़ने लगा। 11000 का करंट लगने से लाइनमेन बुरी तरह झुलस गया। शाहबाजपुर सुरा नगला के प्रधान के बेटे जीशान ने लाइनमैन को चंदौसी रोड स्थित बिछौली मेडिकल कालेज में भारती कराया। उसकी चिंता जनक हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। लाइनमेन की हालत चिंता जनक बनी हुई है।

# जमीनी स्तर पर पार्टी की मजबूती को भरा जोश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनता शासन पार्टी की बैठक में जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने को पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

कैलादेवी क्षेत्र के ग्राम ठाटी में जनता पार्टी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रसैन यादव का पार्टी कार्यकर्ताओं व स्थानीय नेताओं ने भारी उत्साह से स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं पार्टी के जिला अध्यक्ष राम रहीस उर्फ राजेश यादव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में जैगम उल इस्लाम पूर्व लोकसभा प्रत्याशी तथा प्रदेश महासचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने के काम करेगा। जबकि राम रहीस यादव ने सभी कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कंधे से कंधा मिलाकर जनता शासन पार्टी को मजबूत बनाने का काम करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रसेन यादव ने कहा कि जनता शासन पार्टी पिछले कुछ समय से उत्तर प्रदेश में तेजी से उभरती हुई क्षेत्रीय राजनीतिक शक्ति के रूप में पहचान बना रही है और इस दौरे से सम्भल व आसपास के इलाकों में पार्टी की जड़ें और भी गहरी होंगी।इस अवसर पर चंदौसी विधानसभा के अध्यक्ष डा. रामखिलाड़ी सहित पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।



सम्भल-ग्राम ठाटी में जनता शासन पार्टी की बैठक में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष।

# आत्मा अजर अमर बदलती है सिर्फ शरीर: हरेन्द्र सिंह रिंकू

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पत्रकार के पिता के निधन पर श्रृद्वांजलि सभा में सामूहिक प्रार्थना की गयी।

ग्राम महमूदपुर कुंज स्थित पत्रकार मनीष चौधरी के आवास पर आयोजित में श्रृद्वांजलि कार्यक्रम वक्ताओ ने श्रीमद् भगवत गीता के अनेक उद्वरण सुनाकर विदा हुई आत्मा को प्रभु चरणों में स्थान प्राप्त होने की ईश्वर से प्रार्थना की। भारतीय इतिहास संकलन समिति की ओर से आयोजित श्रृद्वांजलि कार्यक्रम में उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता जयंत प्रकाश ने कहा कि ईश्वर राजपाल सिंह की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। चौधरी चंद्रपाल सिंह पूर्व एमएलसी, किरन पाल सिंह, अरविंद सिंह, रणवीर सिंह, डी एन सिंह, प्रवीण रस्तोगी, धर्मवीर सिंह राणा, संजीव कुमार शर्मा, आदि ने 81 वर्षीय चौधरी राजपाल सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। वक्ताओं ने चौधरी राजपाल सिंह की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की सामूहिक प्रार्थना की। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि आत्मा सदैव अजर अमर है। वह केवल शरीर रुपी वस्त्र बदलती है। अर्थात जीवन मरण का चक्र निरंतर चलता रहता है। ईश्वर की इस व्यवस्था में कोई दखल नहीं दे सकता। इस अवसर पर चाहल चौबीसी, सहित सभी मीडिया जगत से जुड़े पत्रकार और अनेक समाजसेवियों ने श्रृद्वांजलि सभा में भाग लेकर दो मिनट मौन धारण कर चौधरी राजपाल सिंह की आत्मा की चिर शांति के लिए तथा चौधरी परिवार को धैर्य प्रदान करने की सामूहिक प्रार्थना की। इस अवसर पर गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया गया और सभी ने स्वर्गीय राजपाल सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। श्रृद्वांजलि कार्यक्रम का संचालन चौधरी हंसराज सिंह एवं भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने किया।



सम्भल- ग्राम महमूदपुर कुंज में पत्रकार मनीष चौधरी के पिता को श्रद्धांजलि देते।

# मसेबी रसूलपुर में ईख के खेत से महिला के क्षत-विक्षत अवशेष मिले, क्षेत्र में दहशत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** थाना मैनाठेर क्षेत्र के गांव मसेबी रसूलपुर में रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब ईख के खेत से एक अज्ञात महिला की खोपड़ी, बाल और अन्य मानव अंग बरामद हुए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार मझोली निवासी जर्रार पुत्र इंशाद का खेत मसेबी रसूलपुर में स्थित है। रविवार को मजदूर ईख छील रहे थे तभी उन्हें खेत के एक हिस्से में मानव अवशेष दिखाई दिए।

शोर मचने पर ग्रामीण जुट गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचीं। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने खेत में गड्ढा खुदवाकर शव के बाकी हिस्सों की तलाश की तथा आसपास के खेतों की भी सघन जांच की। ग्रामीणों का कहना है कि महिला की हत्या कर उसके शरीर के टुकड़े अलग-अलग स्थानों पर फेंके गए होंगे, ताकि पहचान छुपाई जा सके। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि सभी अवशेषों को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# काली मंदिर मार्ग पर नाले का निर्माण शुरू



**चन्दौसी।** नगरपालिका द्वारा स्वीकृत नाले का निर्माण कार्य अब आधिकारिक रूप से शुरू हो चुका है, जिससे कॉलोनीवासियों में राहत की उम्मीद बढ़ गई है। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने रविवार को सभासद उमेश सैनी और संजय सैनी के साथ आवास विकास काली मंदिर क्षेत्र में पहुँचकर नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर नाले की लंबाई की मैपिंग की गई, जो लगभग 715 मीटर पाई गई। सभासदों ने बताया कि नाले के निर्माण से क्षेत्र में वर्षों से बनी जलभराव की समस्या समाप्त होगी और दोनों ओर स्थित मकानों तथा कॉलोनीवासियों को साफ और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा। बताया जा रहा है कि इस नाले के निर्माण पर लगभग 1 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत आएगी। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि कार्य तेजी से चल रहा है और निर्धारित समय के भीतर पूरा कर क्षेत्रवासियों को इसका लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

## एक नजर

### पुलिस ने अलग-अलग मामलों में किया चार का चालान



**कांठ ( शाह टाइम्स )** उमरी कला के मोहल्ला नसीराबाद निवासी युसुफ पुत्र इदरीश और जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव शेरपुर रैनी निवासी संजीव कुमार पुत्र राम सिंह का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। जबकि 4 तारीख को सिरसा गांव में हुई मारपीट के आरोपी संजय पुत्र जगदीश और सुनील पुत्र जगदीश को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान किया। बताया गया कि दोनों लोगों ने सिरसा गांव में खेत से घर आ रहे ग्रामीण को रास्ते में खींचकर मारपीट की थी जिसमें उसके काफी चोट आई इस मामले में पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया पुलिस ने आज इन चारों का चालान किया है।

### भारतीय किसान यूनियन की किसान भवन पर बैठक आज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** किसानो और गांव की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन की पंचायत का आयोजन आज किसान भवन में किया जाएगा उक्त जानकारी जिला महासचिव चौधरी यशपाल सिंह ने दी उन्होंने बताया कि डॉक्टर नो सिंह एवं उनके नेतृत्व में आयोजित बैठक में गन्ना घटतौली जमीन अधिग्रहण बिजली समस्या और गांव-गांव जल निगम द्वारा तोड़ी गई सड़कों का मुद्दा प्रमुख रहेगा। उन्होंने कहा कि जल निगम ने गांव-गांव सड़कों को तोड़कर खराब कर दिया है और यदि कहीं पर सड़क ठीक की भी है तो उसको भी गलत तरीके से मरम्मत कराई गई है जिससे ग्रामीणो का गांव की सड़कों पर निकलना दूभर हो गया है और कोई भी अधिकारी इस संबंध में कदम उठाने के लिए तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा की भारतीय किसान यूनियन इन मुद्दों को लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखेगी और यदि इस पर ध्यान नहीं दिया जाता तो फिर कड़े कदम उठाए जाएंगे उन्होंने क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों से इस बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने का आह्वान किया है।

### बच्चों ने परिनिर्वाण दिवस पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**मूंढापांडे।** शनिवार को प्राथमिक विद्यालय टाहनायक,विकास खंड मूंढापांडे में संविधान के शिल्पकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परि निर्वाण दिवस मनाया गया, कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर डॉ अर्चना किशोर के द्वारा श्रद्धा के सुमन अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगराज सिंह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय और संविधान की प्रस्तावना एवं उनके द्वारा दिए गए योगदान के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम में सभी बच्चों को अपने अंदर छिपी प्रतिभाओ के माध्यम से बच्चों को शैक्षिक प्रभावित किया। कार्यक्रम मे समस्त स्टाफ एवं बच्चों द्वारा उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर याद किया गया। और उनके द्वारा बताए गए संवैधानिक रास्तों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम में अर्चना किशोर अभिजीत मालिक, पूनम चौहान, सुमन रानी, मनोहरी देवी, वीर बाला आंगन वाडी , मालों, श्यामवती देवी, द्वारिका प्रसाद, बच्चें आदि उपस्थित रहे।

### 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला, मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** रविवार को पुलिस ने 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में संजु नाम के युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी गई तहरीर में गांव मंजरा त्रिलोकपुर निवासी नंदराम ने कहा है कि शनिवार को पत्नी के साथ खेत पर पशुओं का चारा लेने गया था। घर पर नाबालिग बेटी अकेली थी। करीब ग्यारह बजे संजू नाम का युवक घर आया और बेटी को बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### मौलाना पीर बरकत अली शाह मदारी रहमतुल्ला अलैह के तीन रोजा 14वां उर्स आज शुरू

**कुंदरकी।** नगर के सीलपुर ढकिया संपर्क मार्ग पर स्थित हजरत अली मौलाना पीर बरकत अली शाह मदारी रहमतुल्ला अलैह के तीन दिवसीय 14 वें उर्स का आयोजन सोमवार से हो जाएगा पहले दिन मीलाद शरीफ और मंगलवार की रात नातिया मुशायरा का आयोजन किया जाएगा जिसमें उस्ताद शायर जमीर सालकी साहब शिरकत करेंगे और पीरे तरीकत सैयद तहसीन मियां साहब मकनपुर शरीफ से शिरकत फरमाएंगे यह जानकारी दरगाह के सज्जादानशीन बब्बू मियां मदारी ने दी बुधवार की सुबह 9:30 बजे है कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

# जनता इंटर कॉलेज को जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण की मांग, 20 वर्ष से टूटी पड़ी है सड़क , मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव गोपीवाला के ग्रामीणों ने गांव से जनता इंटर कॉलेज को जाने वाली क्षतिग्रस्त पड़ी सड़क के निर्माण की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कीगई है । इससे पूर्व ग्रामीणो ने एसडीएम प्रीती सिंह व खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान कोशिकायती पत्र देकर स्कूल जाने वाली सड़क निर्माण की मांग की लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया । बरसात के दिनों में उबर खाबर सड़क में पानी भर जाने के कारण स्कूली बच्चों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है । बताते चले की 20 वर्ष पूर्व गांव से लेकरजनता इंटर कॉलेज तक खरंजा लगाकर एक सड़क का निर्माण किया गया था 24 साल के बाद सड़क सतिग्रस्त होनी शुरू हो गई जिससे बढ़ते बढ़ते सड़क का बुरा हाल हो गया स्थिति यह है कि वहां चलना तो दूर पैदल चलने वालों का भी अप सड़क पर चलना दुश्वार है । ग्रामीणों ने बताया कि गांव से जनता इंटर कॉलेज को जाने वाली लगभग 400 मीटर लंबी सड़क पिछले 20 वर्षों से खराब है। कई बार शिकायतें देने के बावजूद सड़क का मरम्मत कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, ग्राम प्रधान और वर्तमान जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति से भी शिकायत की गई थी, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते से गोपीवाला, असलेमपुर, कालेवाला, माधोवाला और फौलादपुर सहित कई गांवों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। गड्ढों और टूटे मार्ग के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सड़क निर्माण का कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ, तो वे बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि बरसों से अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कार्रवाई न होना बेहद निराशाजनक है। इस संबंध में धर्मेंद्र चौहान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी है। ज्ञापन देने वालों में भू. प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र चौहान, महेंद्र सिंह वाल्मीकि, उपदेश सिंह, राजवीर सिंह, दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंर्तराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर आयोजित की गई भव्य इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस के अवसर पर रविवार को माउन्टेनियर रविकुमार फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से टीएमयू सभागार में भव्य इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एवं अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। विश्वविख्यात पर्वतारोही स्व. रवि कुमार की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आए पर्वतारोहण एवं एडवेंचर से जुड़े दिग्गज व्यक्तित्व शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ जैन , संयुक्त सचिव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार; जिलाधिकारी अनुज सिंह; वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल; टीएमयू कुलाधिपति सुरेश जैन; कार्यक्रम अध्यक्षा पद्मश्री पर्वतारोही संतोष यादव और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक अमित कुमार घोष (IAS), अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, तथा डॉ. पल्लवी जैन गोविल, सचिव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

उन्होंने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में एडवेंचर स्पोर्ट्स का हब मुरादाबाद को बनाया जाएगा, जिसके लिए युवा एमआरएफआई से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त करें।मुख्य वक्ता नेपाल से पधारीं प्रसिद्ध पर्वतारोही शर्मिला लामा रहीं, जिन्होंने पर्वतारोहण के तकनीकी पक्ष, कठिनाइयों और उससे मिलने वाले जीवन प्रेरणा के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीके पंडित, पंडित धनंजय दुबे, राजेश रस्तोगी सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे।इस अवसर पर माउंटेनियर रवि कुमार एडवेंचर अवॉर्ड से 16 विभूतियों को सम्मानित किया गया। लैंड एडवेंचर में चोयोंजिन अंगमो, ज्योति रात्रे, स्कलजंग रिंगजिंग सहित कई पर्वतारोहियों को सम्मान मिला। वाटर एडवेंचर में अर्चना सरदाना, एयर एडवेंचर में अनामिका शर्मा तथा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड पद्मश्री सोनम वांगयल को प्रदान किया गया।फाउंडेशन के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को पर्वतारोहण के प्रति जागरूक करना है।

अध्यक्ष सरदार गुरबिंदर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन माधव शर्मा ने किया।

# मढ़ी मंदिर की भूमि कब्जाए जाने को लेकर अधिकारियों का षड्यंत्र धर्म प्रेमियों में आक्रोश, मंदिर सेवकों को धमकाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** योगी आदित्यनाथ सोमवार को जनपद मुरादाबाद के दौरे पर आ रहे हैं, इस दौरान वह जनपद की विभिन्न विकास एवं जन समस्याओं पर मंथन कर सकते हैं। मुरादाबाद जनपद का एक बड़ा मुद्दा ठाकुरद्वारा स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध शिव मढ़ी मंदिर का भी है। इस मामले में ठाकुरद्वारा से लेकर मुरादाबाद तक के प्रशासनिक अधिकारियों का रवैया बेहद नाटकीय एवं संदिग्ध नजर आता है। मढ़ी मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से भूमि का सत्यापन किए बिना ही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण के प्रयास किया जा रहे हैं, जिसको लेकर हिंदू धर्म प्रेमी श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट के साथ भाजपा के मुरादाबाद मेयर विनोद अग्रवाल, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह, ठाकुरद्वारा भाजपा के दिग्गज नेता शिवेंद्र बंधु गुप्ता, ठाकुर अजय प्रताप सिंह आदि द्वारा यह मामला एक सप्ताह पूर्व मुरादाबाद मंडल की समीक्षा बैठक के दौरान सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री अनिल कुमार के समक्ष उठा था, तब प्रभारी मंत्री अनिल कुमार सिंह ने भरी सभा में मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय न बनाए जाने के स्पष्ट निर्देश जिला अधिकारी अनुज कुमार सिंह को दिए थे। जिस पर कुछ दिनों के लिए निर्माण कार्य को रोक दिया गया था किंतु शनिवार को अचानक निर्माण पुनः शुरू कर दिया गया। जिस पर पुनः विरोध शुरू हुआ एवं उप जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को शनिवार की दोपहर बाद रुकवा दिया। यह निर्माण कार्य रूकने एवं शिकायत करने का दौर काफी लंबे समय से चल रहा है एवं लगभग पांच बार से अधिक निर्माण कार्य को शिकायत के बाद रुकवाया गया है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंडलायुक्त एवं जिला अधिकारी आदि से दर्जनों बार की जा चुकी है किंतु ठाकुरद्वारा के स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी मुरादाबाद जनपद के अधिकारियों को गुमराह कर पुनः इस स्थान पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए राजी कर लेते हैं। इस खेल में लिप्त अधिकारी मंदिर की भूमि पर भगवान के स्वामित्व को नकारने तक में पीछे नहीं हट रहे हैं। इसके पीछे बड़े आर्थिक अपराध की भी महक की चर्चा पूरे जनपद में है।मढ़ी मंदिर की फ्रंट की जमीन कब्जाने के प्रयास में अधिकारी बड़ा आर्थिक खेल-खेलकर मुरादाबाद के अधिकारियों को भी गुमराह कर रहे हैं एवं मढ़ी मंदिर की भूमि को अपने नियंत्रण में लेकर सरकारी समिति बनाते हुए करोड़ों की भूमि को खुर्द बुर्द करने का षड़यंत्र रच रहे हैं। इसके लिए अधिकारियों द्वारा साम - दाम दंड भेद की नीति अपनाई जा रही है। तत्कालीन अपर जिलाधिकारी, सहायक रजिस्ट्रार चिट्स व चकबंदी अधिकारी द्वारा झूठे तथ्यों पर आधारित भ्रामक रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई। जिसमें श्री शिव मढ़ी मंदिर की जमीन को मंदिर की जमीन मानने से स्पष्ट इनकार कर दिया गया तथा श्री शिव मढ़ी मंदिर की भूमि को खुर्द बुर्द होने से बचाने के लिए प्रयासरत श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों को झूठे मामलों में फंसाए जाने, धमकाने एवं अन्य निम्न स्तर की बड़ी योजना बनाई जा रही है किंतु इसके बावजूद हजारों धर्म प्रेमी एवं श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, देखना है कि ऊंट किस करवट बैठता है। यदि योगी सरकार में भी मढ़ी मंदिर की भूमियां सुरक्षित नहीं रही तब योगी सरकार से बड़ी संख्या में हिंदू धर्म प्रेमियों का भ्रम टूट जाएगा। सूत्र बताते हैं कि मढ़ी मंदिर से मेढ़ मिलान कृषक भी मढ़ी मंदिर की फ्रंट की भूमि से रास्ता प्राप्त करने की जरूरत के तहत इस षड्यंत्र में लगे हैं जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों को भी सम्मिलित किया गया है। यह लोग मढ़ी मंदिर की भूमि पर सरकारी नियंत्रण लेकर कमेटी बनाने का षड्यंत्र को पूरा करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि मढ़ी मंदिर के पास फ्रंट पर करोड़ों की गाटा संख्या 595 मिनजुमला की भूमि है जिसका विधिक बंटवारा अभी तक राजस्व अभिलेखों में नहीं हुआ है।



# सिद्ध हॉस्पिटल पर गंभीर आरोप महिला के मंगलसूत्र गायब होने का मामला थाना सिविल लाइन्स पहुंचा

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइन्स क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें सिद्ध सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कांठ रोड के स्टाफ पर महिला के कीमती मंगलसूत्र चोरी करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, संदीप भटनागर एडवोकेट निवासी सिविल लाइन्स ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बुआ सरोज भटनागर को हार्ट अटैक आने पर वह उन्हें कार से सिद्ध सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लेकर पहुँचे। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में स्टाफ ने उन्हें स्टेचर पर लिटाकर पर्दा कर दिया और कुछ देर बाद बताया कि मरीज की मृत्यु हो चुकी है।संदीप भटनागर के अनुसार, अस्पताल में भर्ती कराते समय उनकी बुआ के गले में सोने की मंगलसूत्र चेन और उस पर हीरे का पेंडेंट मौजूद था, लेकिन जब वह उनका शव लेकर घर पहुँचे, तो मंगलसूत्र और पेंडेंट गायब मिले। इस पर संदेह होने पर उन्होंने अपने भाई अक्षत भटनागर और विनय भटनागर को तत्काल हॉस्पिटल भेजा, जहां उनके अनुसार अस्पताल स्टाफ ने साफ इनकार कर दिया कि मरीज के गले में कोई मंगलसूत्र नहीं था।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि इमरजेंसी वार्ड में ही अस्पताल कर्मचारियों ने उनके गले से सोने की मंगलसूत्र चेन और डायमंड पेंडेंट उतार लिया, जो दिवंगत महिला की महत्वपूर्ण निशानी थी। मामले को गंभीर बताते हुए संदीप भटनागर ने थाना सिविल लाइन्स प्रभारी से सिद्ध हॉस्पिटल स्टाफ के खिलाफ चोरी का मुक. दमा दर्ज करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नगर में बैट्रा चोर गिरोह सक्रिय, पुलिस चोरी की वारदातों से बनी अंजान

## छह दिन बाद भी अखबार के दफ्तार से चोरी हुए बेट्रो का नहीं हुआ खुलासा

**ठाकुरद्वारा।** पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगातार प्रश्न लग रहे है। नगर मे बैटरी चोरी के मामले थमने के नाम नही ले रही हैं।एक सप्ताह के भीतर एक ट्रक,एक बस व एक अखबार के कार्यालय से बैटरी चोरी की वारदात के बाद हड़कंप मच गया है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बाद एक तरफ जहां लोगों की निगाहे पुलिस की कार्यवाही पर टिकी हैं तो वहीं दूसरी तरफ एक वारदात को छोड़कर पुलिस अन्य वारदातों को संज्ञान में होने से इनकार कर रही है,जबकि पीड़ितों के मुताबिक उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बैटरी बरामदगी व चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पूर्व नगर की हीरो एजेंसी के सामने स्थित सभासद राजेंद्र कुमार के घर के बाहर उनकी बस रजि संख्या यूके 18 पी.ए 0128 खड़ी थी,शिकायतकर्ता के मुताबिक देर रात किसी समय अज्ञात चोरों ने बस से दो बैटरी चुरा ली और फुर्र हो गए । वहीं दूसरी घटना दिनांक 6 दिसंबर की रात लगभग 2 बजे की है। जहां नगर के वार्ड नंबर 18 स्थित बिलाल मस्जिद के निकट की है। नगर के मौहल्ला बहेड़ावाला वार्ड 18 निवासी सलमान पुत्र हबीब ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि बिलाल मस्जिद के निकट उसके बहनोई का ट्रक रजि संख्या यूपी 81 सी. टी 2006 खड़ा था,जिस पर पेंट का काम चल रहा था,तभी सफेद रंग की स्विफट कार सवार अज्ञात चोर ट्रक से बैटरी चुरा ले गए। सलमान ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र मे चोरी हुई बैटरियों की बरामदगी व अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। वहीं एक अखबार के कार्यालय से बैटरी चोरी होने के मामले को छोड़कर पुलिस ने अन्य किसी बैटरी चोरी की घटना को संज्ञान मे होने से इनकार कर दिया। पुलिस ने नगर में बढ़ती चोरी वारदातों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित नजर आ रही है। लोगों का कहना है कि चोरियों की वरदातों का खुलासा करने का सायद पुलिस की पकड़ से बाहर है। जबकि कोतवाली पुलिस का कहना है कि हर पुलिस कर्मी को काफी काम लगे है, वह केवल इन चोरों के मामलें में उलझी रहे क्यों, ये कोतवाली पर सोच, हर अखबार के दफ्तार से 3 दिसंबर की रात चोरी हुए बैटरे में पुलिस अभी खुलासा नही कर पायी है, जबकि कोतवाली पुलिस को पत्रकार साथियों द्वारा कुछ साक्ष्य भी उपलब्ध करा दिए गए है , इसके बाद कोतवाली पुलिस चोरी की वारदात करने वालों को सुराग नही जुटा पा रही है।



**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कोर्ट नं०-1, महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल रिवीजन सं.** 31/2024
**तारीख पेशी:** 12.12.2025
**वहीद बनाम अफसान**
**बनाम**

1. नाजरा पत्नी तहसीन निवासी शकरपुर सोत असमौली जिला सम्भल, 2. फुरकान पुत्र मौ0 हुसैन निवासी ग्राम मैनाठेर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद, 3. श्रीमती शबीना नाज पत्नी नौशाद निवासी अहमदनगर जैतवाड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद, 4. इकबाल, 5. आसिम, 6. इकरार, 7. जाने आलम पुत्रगण स्व. रफीक निवासीगण ग्राम मैनाठेर तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादी द्वारा इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 12.12.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपए अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहते है तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 06.12.2025 दिवस को निकाली गई।

**न्यायालय की आज्ञा से- लिपिक**
**प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 08.12.2025
**उत्तरा० वाद सं०:**23 सन् 2024
**आसिफा बनाम महक निशा आदि।**
आसिफा आयु 18 वर्ष पुत्री स्व. ताहिर हुसैन निवासनी ग्रा महलकपुर माफी तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**
**बनाम**

1. महक निशा उम्र 42 वर्ष पुत्री स्व. ताहिर हुसैन पत्नी मौ. राशिद निवासनी गांव रसूलपुर चौहरा पो. सदरपुर तहसील कांठ जिला मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम ग्राम महलकपुर माफी तहसील व जिला मुरादाबाद-प्रतिवादीगण।**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा आसिफा हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा आसिफा मुसबफा ताहिर हुसैन अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई. बकत रू.3,00,000/-हरगाह मुसम्मा आसिफा ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 08 मास 12 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप सम्पन्न, न्यू डेल्स मांटेसरी और सेंट मेरी स्कूल बने ओवरऑल चैंपियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रामगंगा विहार स्थित आरएसडी स्पोर्ट्स अकादमी में आरएसडी अकादमी द्वारा आयोजित 5वीं इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिला ओ. लिंपिक संघ के तत्वावधान में हुई इस प्रतियोगिता में जिले के 15 स्कूलों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेश ओलिंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से पहले यह अवश्य देखें कि आयोजन किस संस्था द्वारा किया जा रहा है और सभी गतिविधियाँ सही दिशा-निर्देशों के अनुसार हों। आयोजन सचिव शाहवेज अली ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता दो वर्गों़ बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की गई। बालक वर्ग में न्यू डेल्स मांटेसरी स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वी. पैंथर स्कूल दूसरे और शिरडी साईं विंग-1 तीसरे स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में सेंट मेरी स्कूल ने बाजी मारी और प्रथम स्थान प्राप्त किया।आरएसडी अकादमी दूसरे स्थान पर रही तथा शिरडी साईं विंग-2 ने तीसरा स्थान हासिल किया।प्रतियोगिता के समापन पर आरएसडी अकादमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी. कुमार, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. अजय शर्मा और डॉ. गरिमा शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. जी. कुमार ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साथ ही उन्होंने अभिभावकों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।आयोजन मंडल में शाहवेज अली, संजय मेहरोत्रा, मोहित चौधरी, मयंक कश्यप और कुनाल सैनी शामिल रहे।निर्णायक मंडल में अफजल हुसैन, सुरेश चिल्लर, खेतान सैनी, यश अग्रवाल, अक्षय, वरुण दीक्षित, हिना सैनी और हिमालय सैनी ने अपनी सेवाएँ दीं।



## मुख्यमंत्री योगी का दौरा आज, अधिकारियों में हलचल तेज

**मुरादाबाद।** जनपद में कल सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन प्रस्तावित है। उनके दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। सीएम सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सर्किट हाउस में उच्चस्तरीय बैठक करेंगे, जिसमें कानून-व्यवस्था, विकास कार्यों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की जाएगी।मुख्यमंत्री की बैठक में जिले के पुलिस विभाग व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर पुलिस ने रूट चार्ट और डिप्लॉयमेंट की प्राथमिक तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही, सर्किट हाउस और आस-पास के क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी जिले के जनप्रति. निधियों से भी मुलाकात करेंगे और क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था समय से पहले सुनिश्चित करें। सीएम के आगमन को देखते हुए पूरे प्रशासनिक तंत्र में सक्रियता बढ़ गई है और विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की जा रही है।दौरे को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं।



# अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बनाई जाएगी दो पुलिस चौकी: सीओ आशीष प्रताप सिंह

**ठाकुरद्वारा।** वार्षिक कोतवाली के निरीक्षण के दौरान एक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। रविवार को पुलिस क्षेत्रा अधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया जिसमें दस्तावेजों का रख रखाव, मैस का निरीक्षण, व असहलो का निरीक्षण प्रभारी निरीक्षक को लंबित विवेचनाओ को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए । बाद में संवाद गोष्ठी में पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि ठंड का मौसम शुरू हो गया है । अक्सर देखा गया है कि ठंड के मौसम में अपराधिक गतिविधियां बढ़ जाती है इन्हें रोकने के लिए क्षेत्र में दो पुलिस चौकिया ठाकुरद्वारा सुरजन नगर मार्ग पर स्थीत शरीफ नगर व ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रोड पर सुल्तानपुर दोस्त के निकट पुलिस चौकियां बनवाने की कावायदा शुरू कर दी है। इसी के साथ-साथ ठाकुरद्वारा कमलापुरी रोड पर स्थित किशनपुर गावंडी के निकट स्थित पेट्रोल पंप पर एक रात्रि पिकेट लगाई जाएगी । ताकि आपराधिक गति. विधियों पर अंकुश लग सके । इसी के साथ-साथ नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया जाएगा । साथी उन्होंने ग्राम पहरियो को निर्देश दिए कि वह हर गतिविधि पर ध्यान रखें । किसी भी तरह की कोई घटना होने पर इसकी तत्काल सूचना कोतवाली पुलिस को दें । किसी के साथ-साथ संबाद गोष्ठी में क्षेत्र से आए संभ्रात नागरिकों से कहा कि वह संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें। सधिकताकता पाए जाने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें । सावधान और सतर्क रहें । और पुलिस का सहयोग करें । ताकी अपराधी गति. विधियों पर अंकुश लग सके । इस दौरान भाजपा उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान , फरीदनगर निवासी समाजसेवी तहसीम रजा व अन्य वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र से आये संभ्रांत नागरिकों से कहा कि वह जिस तरह से पहले से पुलिस का सहयोग करते आ रहे हैं उसी तरीके से सहयोग करें।

संदिग्ध लोगों की आशंका होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार, क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार, उप निरीक्षक विजेंद्र पाल सिंह, बलराम दीक्षित, शहनवाज खान, अकील अहमद,सरताज अहमद, आदी मौजूद रहे।



# पूर्व छात्र परिषद ने किया समर्पण निधि कार्यक्रम आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित लक्ष्मी देवी हरप्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को पूर्व छात्र परिषद चन्दौसी द्वारा समर्पण निधि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता परिषद के संरक्षक सचिन शर्मा एडवोकेट ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व छात्र परिषद के प्रान्त सह संयोजक अंकित राणा तथा मुख्य वक्ता के रूप में विद्या भारती के सह मंत्री अक्षी अग्रवाल शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने परिषद के गठन एवं उसके उद्देश्यों पर सभी को मार्गदर्शन दिया।

जबकि मुख्य वक्ता ने समर्पण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संच. ालन जिला संयोजक हृदेश यादव एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भोपाल शास्त्री, रामपत, सुरेशचंद्र, मुकेश बाबू गुप्ता, सौरव मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएमआर अस्पताल में आयोजित हुआ सम्मान समारोह कार्यक्रम, 31 हस्तियों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चन्द्रवती फिल्म्स मुंबई एवं डीएमआर ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में सिविल लाइन्स स्थित डीएमआर अस्पताल के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट डॉ. मदन पाल सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता दिलबाग सिंह राठी ने की। संचालन का दायित्व डॉ. प्रदीप शर्मा ने निभाया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी सतपाल अंतिला उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में नरेंद्र कुमार, एसपी मलिक, प्रमोद कुमार, डॉ मंजेश राठी, सुषमा राठी,डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, एसपी ग्रामीण,डॉ. बृजपाल सिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 31 महानुभावों को स्मृति चिन्ह और शाल देकर सम्मानित किया गया।वहीं कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 22 हस्तियों को स्मृतिचिह्न और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इनमें आर्थिक सेवाओं, न्यायिक क्षेत्र, उच्च शिक्षा, प्रशासन, पर्यावरण संरक्षण, चिकित्सा सेवा तथा सामाजिक सेवा से जुड़े व्यक्तियों को विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन में बताया गया कि सम्मान न केवल प्रेरणा देता है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है।मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि सम्मान पाने वाले इन पलों को जीवनभर याद रखते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को समाज और अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहते हुए समस्याओं का शांत दिमाग से समाधान करना चाहिए ताकि वे समाज के लिए प्रेरणा बन सकें।आयोजक डॉ. मदन पाल सिंह ने सभी अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में अतुल जौहरी, नवीन चौधरी, चंद्र भान सिंह, नरेश चन्देल,अनिल वर्मा, पूजा राणा, संगीता चौधरी और पूनम चौहान का विशेष योगदान रहा।



# पुलिस लाइन में आयोजित हुआ वेलनेस कैम्प, 225 पुलिसकर्मियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**मुरादाबाद।** पुलिस लाइन में रविवार को वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयुष विभाग की सहभागिता से "वामा वेलनेस कैम्प" सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और उपचार उपलब्ध कराना था।कार्यक्रम के तहत सुबह से ही पुलिस लाइन सहित विभिन्न इकाइयों 09वीं पीएसी, 24वीं पीएसी, 23वीं पीएसी, पुलिस अकादमी, पीटीसी, पीटीएस, जीआरपी, पुलिस पेंशनर्स और आरटीसी पुलिस लाइन से आने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ. अवनीश कुमार अग्निहोत्री और उनकी टीम ने उपस्थित लोगों की जांच कर आवश्यक दवाएँ भी वितरित कीं।आयोजकों के अनुसार स्वास्थ्य शिविर में कुल 225 कर्मियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कैम्प में ब्लड प्रेशर, शुगर जांच, सामान्य रोगों का परीक्षण, आयुर्वेदिक परामर्श और दवा वितरण जैसी सेवाएँ प्रदान की गईं। पुलिस कर्मियों ने ऐसे कैंपों को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक यातायात एवं लाइन अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार, क्षेत्राधिकारी हाईवे/ लाइन राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया और प्रतिसार निरीक्षक रकम सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने चिकित्सा टीम और आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस बल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है, क्योंकि पुलिसकर्मी लगातार दबाव में काम करते हैं और ऐसे शि. विर उनके स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान करते हैं।वामा सारथी द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन और आयुष विभाग की टीम की सराहना की गई।

भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही गई।



## सूने घरों पर चोरों की नजर, ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही चोरी की वारदातें

**चन्दौसी।** क्षेत्र में चोर सूने घरों को लगातार निशाना बना रहे हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। अधिकांश मामलों में ग्रामीण अपने कीमती सामान को घर में रखकर ताला बंद कर मेहमानों, रिश्तेदारों के यहाँ जाने या मजदूरी के लिए बाहर चले जाते हैं। इसी का फायदा उठाते हुए चोर पहले रैकी करते हैं और फिर रात के समय अपने गिरोह के सदस्यों के साथ पहुंचकर ताले तोड़कर कमरों में रखा सामान समेट ले जाते हैं। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सीओ मनोज कुमार सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों को लंबे समय तक सूना न छोड़ें तथा आवश्यक सावधानी बरतें, जिससे ऐसी वारदातों को रोका जा सके।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हिन्दी साहित्य संगम द्वारा रामदत्त द्विवेदी के आवास पर आयोजित की गई मासिक काव्य-गोष्ठी

**मुरादाबाद।** साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम की ओर से संस्था के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ रचनाक. ार श्री रामदत्त द्विवेदी के आवास पर मासिक काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया।

राजीव प्रखर द्वारा प्रस्तुत माँ शारदे की वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामदत्त द्विवेदी ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन राजीव प्रखर ने किया। इस संक्षिप्त कार्यक्रम में उपस्थित कवियों द्वारा विभिन्न सामाजिक विषयों को आधार बनाकर रचनाएं प्रस्तुत की गईं। काव्य-पाठ करते हुए राजीव प्रखर ने कहा - गाड़ी-गाड़ी खेल रहे हैं, कॉलोनी के बच्चे सारे। जैसे नभ में चमक रहे हों, नन्हें-नन्हें झिलमिल तारे। कवि मनोज मनु का कहना था - खूबतर तो है मगर ये फैसाला दोनो पे है, किस तरह की चाहिए आवो-हवा दोनो पे है। पंडित रवि चतुर्वेदी का कहना था - दुआ मां-बाप की जिसके खजाने में नहीं होती, उस इंसान की इज्जत जमाने में नहीं होती। वरिष्ठ रचनाकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने अपने भावों को शब्द देते हुए कहा - ये शजर जाने क्या क्या कमाल रखता है, छाँव में अपनी सौ-सौ सवाल रखता है। झूठ, मक्कारी, धोखा, फरेब, अय्यारी शख्स वो खुद में क्या क्या बवाल रखता है। वरिष्ठ रचनाक. ार ओंकार सिंह ओंकार ने अपनी अभिव्यक्ति इस प्रकार की - कोई भी बलवंत नहीं है। होता जिसका अंत नहीं है।। हर मन दुखता है पीड़ा से,कभी दुखा क्या कंत नहीं है ? कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री रामदत्त द्विवेदी ने कहा - स्वप्न देखा है मैंने रात खुदा खध्रै करे। हो गए कष्ट के हालात, खध्दा खध्रै करे। श्री रामदत्त द्विवेदी द्वारा आभार-अभिव्यक्ति के साथ कार्यक्रम समापन पर पहुँचा।



# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**चन्दौसी।** मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान कपिल देव, द्वितीय स्थान पुनीत गिरी एवं तृतीय स्थान नितिन ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पूजा, द्वितीय स्थान सोनी तृतीय स्थान प्रतीक्षा ने प्राप्त किया। वहीं भाला फेंक पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्रिंस, द्वितीय स्थान मनीष गिरी एवं तृतीय स्थान रोहित चौधरी ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान आरती, द्वितीय स्थान माया कश्यप एवं तृतीय स्थान साधना ने प्राप्त किया। 200 मी पुरुष वर्ग दौड़ में अभय कुमार ने प्रथम सतीश ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान सोनू ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में आरती ने प्रथम, शिखा ने द्वितीय एवं रचना ने तृतीय के स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद पुरुष वर्ग में अमित कुमार प्रथम, सतीश द्वितीय एवं अभय कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में आरती प्रथम आफिया द्वितीय स्थान पर एवं रंजना तृतीय स्थान पर रही। वहीं डेढ़ हजार मी पुरुष वर्ग दौड़ में मनीष गिरी प्रथम, कपिल देव द्वितीय एवं विष्णु तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में अदिति शर्मा प्रथम, शिखा द्वितीय अनुराधा तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद पुरुष वर्ग में अर्जुन ने प्रथम, अभय कुमार ने द्वितीय एवं प्रियांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में यशी चौधरी ने प्रथम, रश्मि बघेल ने द्वितीय एवं रंजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मी0 रिले दौड़ पुरुष वर्ग में अभय, मनीष गिरी, प्रशांत एवं सतीश ने प्रथम स्थान, सोनू विष्णु पुनीत हेमंत ने द्वितीय स्थान, रोहित राजन नितिन कपिल देव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में पूजा प्रियंका शिखा एवं अदिति ने प्रथम स्थान, वैष्णवी अंशी रचना एवं आरती ने द्वितीय स्थान, सोनी तनुजा शिल्पी महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर हर्डल पुरुष वर्ग में हेमंत ने प्रथम, राजन ने द्वितीय एवं विष्णु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग का शंखनाद

## टीएमयू एयरवे अवेंजर्स और टीएमयू टोरेंडो के बीच 15 ओवर के मैच में अवेंजर्स टीम पांच विकेट से जीती, अभय प्रताप सिंह 22 बॉल्स पर 54 रन बनाकर मैन ऑफ दी मैच

### डीएम और कप्तान ने जड़े शॉट

**मुरादाबाद।** टीएमयू के क्रिकेट मैदान पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी खूब शॉट जड़कर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने पहले बो. लिंग की, तो वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शॉट जड़े। इसके बाद विवि के जीवीसी श्री मनीष जैन की बोलिंग पर जिलाधिकारी ने शानदार बैटिंग की।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी , मुरादाबाद में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग- टीएमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट का शंखनाद हो गया। इस नौ दिनी टीएमपीएल का शुभारंभ एसएसपी श्री सतपाल अंतिल ने टॉस करके किया। पंद्रह ओवर के टीएमयू एयरवे अवेंजर्स और टीएमयू टोरेंडो के बीच हुए मैच में टीएमयू एयरवे अवेंजर्स के कप्तान डॉ. अंकुर सिंह ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। ओपनिंग मौके पर डीएम श्री अनुज सिंह, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. शोभित जैन के अलावा कुलाधिपति श्री सुरेश जैन,जीवीसी श्री मनीष जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर और ट्रॉफी का अनावरण भी किया और खिलाड़ियों का परिचय लिया। टीएमयू टोरेंडो ने छह विकेट गंवाकर 132 रनों का लक्ष्य दिया,लेकिन टीएमयू एयरवे अवेंजर्स टीम ने पांच विकेट खोकर तीन ओवर पहले ही 132 का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया। इस जीत का श्रेय एमएमबीएस के स्टुडेंट अभय प्रताप सिंह के सिर बंधा। अभय ने 22 बॉल्स पर 54 रन बनाकर अपनी टीम को विजयश्री दिला दी। उन्होंने उत्कृष्ट बल्लेबाजी करके दो चक्के और छह छक्के मारे और मैन ऑफ दी मैच घोषित किए गए। अंततः टीएमयू एयरवे अवेंजर्स टीम पांच विकेट से जीत गई।





## संक्षिप्त खेल समाचार

### 2026 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेगी सोराना

**रोमानिया, वार्ता।** रोमानिया की महिला टेनिस खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया ने सोशल मीडिया मंच पर कहा है कि वह 2026 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेगी। 35 साल की रोमा. नियाई खिलाड़ी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि डब्लयूटीए टूर पर उनका 20वां सीजन का आखिरी साल होगा। सिर्स्टिया ने लिखा, ष्मुझे टेनिस बहुत पसंद है। मुझे इसका अनुशासन, रूटीन, कड़ी मेहनत पसंद है। मुकाबला और एड्रेनालाईन मेरी आत्मा को एनर्जी देते हैं। लेकिन जिदगी में हर चीज की तरह, इसका भी अंत होना है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी इतने लंबे समय तक खेलने की उम्मीद नहीं की थी, लेकिन पिछले कुछ साल कोर्ट पर मेरे सबसे खुशहाल साल रहे हैं और उन्होंने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### हम दबाव का सामना नहीं कर पाए हैं: बेन स्टोक्स

**ब्रिसबेन, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली आठ विकेट से करारी हार पर कहा कि हम दबाव का सामना नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि हम कमजोर नहीं है और वापसी के लिए जरूरत पड़ने पर जोश दिखाना होगा। मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि हम मैच में दबाव का सामना नहीं कर पाये। उन्होंने कहा इंग्लैंड को सीरीज में बने रहे के लिए और अधिक संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि उनकी टीम मुश्किल हालात से वापसी कर सकती और अब 3-2 का नतीजा ही एशेज वापस जीतने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि कैच छोड़ना टीम की मुख्य खामी रही जिसने लाइट्स में पिंक बॉल से उनकी वापसी के प्रयास को कमजोर कर दिया।

# जायसवाल वनडे शैली से तालमेल बैठा लेंगे: गंभीर




**वनडे क्रिकेट में जरूरी चीज यह है कि आपको पता होना चाहिए आप किस शैली में क्रिकेट खेलना चाहते है**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तीसरे एकदिवसीय में यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के बाद कहा कि जिस समय उन्हें यह पता लग गया कि एकदिवसीय प्रारुप में किस शैली से बल्लेबाजी करनी है तब फिर उनके पास अनंत संभावनाएं होगी।

जायसवाल भारतीय टेस्ट दल का नियमित हिस्सा हैं लेकिन उन्होंने अब तक केवल चार एकदिवसीय मैच ही खेले हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीजी में उन्हें अवसर नियमित सलामी बल्लेबाज और कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण मिला। दक्षिण अफ्रीका पर भारत की नौ विकेट से जीत के बाद गंभीर ने कहा, ष्वनडे क्रिकेट में जरूरी चीज यह है कि आपको पता होना चाहिए कि आप किस शैली में क्रिकेट खेलना चाहते हैं। जब आप लाल गेंद क्रिकेट खेलकर एकदिवसीय क्रिकेट खेलने आते हैं तो आपको लगता है कि यहां आपको आक्रामक शैली में खेलना है लेकिन आपको वनडे क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी करने की जरूरत नहीं है। आप इसे 30 और 20 ओवर में भी विभाजित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप 30 ओवर एकदिवसीय क्रिकेट की तरह खेलते हैं तो जो क्षमता जायसवाल के पास है वह तब तक शतक के पास होंगे। इसके बाद भी आपके पास 20 ओवर बचे होंगे और आप इस चरण में टी-20 क्रिकेट की तरह खेल सकते हैं। केवल शैली का अनुसरण जरूरी है। यह जायसवाल का चौथा मैच था। जिस समय उन्हें यह पता लग गया कि एकदिवसीय क्रिकेट में किस शैली से बल्लेबाजी करनी है तब फिर उनके पास अनंत संभावनाएं होंगी। जायसवाल ने पूरी पारी में बल्लेबाजी की, पहले उन्होंने रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 155 रन जोड़े और फिर विराट कोहली के साथ 116 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए अंत तक डटे रहे। इस सीरीज में इससे पहले ऋतुराज गायकवाड़ ने भी शतक जड़ा, जो कि स्वयं भी वनडे दल का नियमित हिस्सा नहीं हैं और उन्होंने ऐसे स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा जिस स्थान पर वह अमूमन बल्लेबाजी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि ऋतु ने अपने नियमित स्थान से दूसरे क्रम पर बल्लेबाजी की। हम सभी जानते हैं कि वह बेहरतीन बल्लेबाज हैं। जिस तरह वह इंडिया ए के लिए प्रदर्शन कर रहे थे उसे देखते हुए हम उन्हें इस सीरीज में अवसर देना चाहते थे और उन्होंने मौके को अच्छी तरह से भुनाया। हमने 40 पर दो विकेट गंवा दिए थे और उस स्थिति में बल्लेबाजी करने आने के बाद शतक लगाना वाकई प्रशंसनीय था। उन्होंने कहा कि देखिए, हमें जब भी अवसर मिलता है हम नए खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने की कोशिश करते हैं। क्योंकि हम आगामी विश्व कप के लिए 20-25 खिलाड़ियों का एक ग्रुप चाहते हैं। लेकिन जब आपके कप्तान व उपकप्तान (वनडे में अय्यर) वापस आ जाते हैं तो आपको उन्हीं से शुरुआत करनी होगी। लेकिन जिस तरह का उन्होंने (यशस्वी व गायकवाड़) प्रदर्शन किया है, जब संभव होगा हम उन्हें मौका जरूर देंगे। यह उन कारणों में से एक है कि हम क्यों हर्षित जैसे खिलाड़ियों को विकसीत करना चाहते हैं जो कि आठवें नंबर पर बल्लेबाजी कर टीम के लिए योगदान दे सके।

### एसएमएटी में मुंबई के लिए खेलेंगे यशस्वी जायसवाल

**मुम्बई, वार्ता।** विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरी एकदिवसीय मुकाबले में नाबाद शतक बनाने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) में अपनी घरेलु टीम मम्बई के लिए खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल ने राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप में घरेलू टीम के लिए खेलने की सहमति दे दी है। जायसवाल की उपलब्धता की पुष्टि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने की है। अधिकारी ने रविवार को क्रिकबज को बताया कि उन्होंने एसएमएटी अभियान के लिए स्वयं को उपलब्ध कराया है। जायसवाल आखिरी बार एसएमटी में 2023-24 क्वार्टर-फाइनल में खेले थे और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के कारण पिछले एडिशन में हिस्सा नहीं ले पाए थे। 23 साल के इस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में 28 मैच खेले हैं, जिसमें 26 पारियों में 27 की औसत और 136-42 के स्ट्राइक रेट से 648 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में उनके नाम तीन हाफ-सेंचुरी हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि रोहित शर्मा एसएमएटी में खेलेंगे या नहीं। हालांकि उनकी भागीदारी के बारे में खबरें आई हैं, लेकिन एमसीए के अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं की। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इससे पहले, टीम के सूत्रों ने संकेत दिया था कि रोहित टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगे, लेकिन रविवार सुबह तक भी कोई निश्चितता नहीं थी। जायसवाल की तरह, रोहित भी भारत की एकदिवसीय टीम का हिस्सा थे।

## कोहली ने परिवार के साथ सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किए

**● आलरांडर वाशिंगटन सुंदर भी साथ थे, इसी साल अयोध्या-वृंदावन भी गए थे**

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** इंडियन बैटर विराट कोहली ने अपने परिवार और आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के साथ रविवार को विशाखापट्टनम स्थित सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किए। 2 मिनट 36 सेकंड के वीडियो में विराट कोहली मंदिर में पूजा-पाठ करते नजर आ रहे हैं।

उनके साथ सुंदर भी हैं। विराट ने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्रा स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि को. हली पूरे परिवार के साथ दर्शन करने आए थे, लेकिन फोटो-वीडियो में कहीं भी अनुष्का और बच्चे नजर नहीं आए। विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दो शतकों के सहारे 151.00 की एवरेज से 302 रन बनाए। विराट ने तीसरे वनडे में नाबाद 66 रनों की पारी खेली। इस मैच को भारत ने 9 विकेट से जीता। पुजारियों ने वेद आशीर्वाद पाठ किया दर्शन के बाद पुजारियों ने नादस्वरम की ध्वनि के साथ वेद आशीर्वाद का पाठ किया। पुजारियों ने खिलाड़ियों को मंदिर का पवित्रा वस्त्रा दिया और देवस्थानम की ओर से उन्हें भगवान का चित्रा और प्रसाद भेंट किया। मई में अयोध्या गए थे, रामलला-हनुमान गढ़ी में दर्शन किए विराट कोहली और अनुष्का शर्मा 25 मई को अयोध्या गए थे। दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। हालांकि, राम मंदिर में विराट-अनुष्का की तस्वीरें सामने नहीं आई। उसके बाद दोनों ने हनुमानगढ़ी मंदिर में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की।

## स्मृति-पलाश की शादी कैंसिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और सिंगर पलाश मुछाल की शादी कैंसिल हो गई है। स्मृति और पलाश ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर इसकी जानकारी दी। दोनों की शादी 23 नवम्बर को होनी थी। संगीत से लेकर हल्दी के कार्यक्रम हो चुके थे।

बारात की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में 23 नवम्बर की सुबह स्मृति के पिता को हार्ट अटैक आने के बाद शादी पोस्टपोन कर दी गई थी। शादी टलने के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें फैलने लगीं। दावा किया गया कि पलाश ने स्मृति के साथ धोखा किया है और उनका नाम वेडिंग कोरियोग्राफर से जोड़ा गया। इसी बीच, स्मृति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शादी से जुड़ी सभी तस्वीरें हटा दी थीं। स्मृति ने पोस्ट में लिखा- पिछले कुछ हफ्तों से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई

**● भारतीय महिला क्रिकेटर ने लिया कि मामले को यही खत्म करना चाहती हूं, अब आगे बढ़ने का वक्त**

जा रही हैं, इसलिए मुझे लगा कि इस समय मुझे खुद इस बारे में बात कर देनी चाहिए।

मैं बहुत निजी स्वभाव की इंसान हूं और अपनी प्राइवेसी बनाए रखना चाहती हूं, लेकिन यह साफ करना जरूरी है कि शादी अब कैंसिल हो गई है। मैं चाहती हूं कि यहीं इस मामले को खत्म कर दिया जाए और आप सभी से भी यही अनुरोध है कि इस विषय को आगे न बढ़ाएं। कृपया इस समय दोनों परिवारों की निजी जिंदगी का सम्मान करें और हमें थोड़ा समय दें, ताकि हम अपनी भावनाओं को संभाल सकें और आगे बढ़ सकें। पलाश ने इंस्टा स्टोरी में लिखा कि मैंने अपने जीवन में आगे बढ़ने और अपनी निजी रिश्ते से पीछे हटने का फैसला किया है। मेरे लिए यह बहुत मुश्किल स्थिति रही है, खासकर तब जब लोग बिना किसी आधार के फैल रही अफवाहों पर इतनी आसानी से रिएक्ट करते हैं। जो चीज मेरे लिए सबसे पवित्रा थी, उसी पर ऐसी बातें होना बेहद दुखद है। यह मेरे जीवन का सबसे कठिन दौर है, और मैं इसे अपनी मान्यताओं पर टिके रहते हुए शांत और सम्मानजनक तरीके से संभालूंगा। मैं सच में उम्मीद करता हूं कि हम एक समाज के रूप में यह सीखें कि किसी के बारे में बिना सत्यापित खबरों और अनजान सोर्स वाली गासिप पर भरोसा करके तुरंत फैसला न करें। हमारे शब्द कभी-कभी ऐसे घाव दे सकते हैं जिनकी गहराई हम समझ भी नहीं पाते। मेरी टीम उन लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी जो झूठी और बदनाम करने वाली बातें फैला रहे हैं।

## नामीबिया ने गैरी कर्स्टन को सलाहकार किया नियुक्त

**विडहोक, वार्ता।** नामीबिया क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओपनर और मशहूर अंतर्राष्ट्रीय कोच गैरी कर्स्टन को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम का सलाहकार नियुक्त किया है। नामीबिया क्रिकेट ने यह नियुक्ति ऐसे समय की है जब टीम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी तैयारियां कर रही है। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, कर्स्टन ने 101 टेस्ट में 7,289 रन और 185 एकदिवसीय में 6,798 रन के साथ एक शानदार खेल करियर का आनंद लिया, वह मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह बहुत अनुभव रखते हैं।

एक भरोसेमंद शीर्षक्रम के बल्लेबाज की पहचान के अलावा, उन्होंने घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में एक शानदार कोचिग करियर बनाया है। 56 साल के कर्स्टन पहले

**● अब टीम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी तैयारियां कर रही है**

भारतीय टीम के भी मुख्य कोच रह चुके हैं और उन्होंने 2011 में भारत को अपना दूसरा पुरुष क्रिकेट विश्व कप खिताब जिताया था। बाद में उन्होंने अपने देश दक्षिण अफ्रीका को कोचिग दी और हाल ही में पाकिस्तान की नेशनल टीम के साथ काम किया। कर्स्टन ने नामीबिया क्रिकेट के साथ जोड़ने को लेकर एक बयान में कहा कि क्रिकेट नामीबिया के साथ काम करना वाकई में एक गर्व की बात है। मैं एक हाई-परफॉर्मेंस क्रिकेट माहौल बनाने के उनके डेडिकेशन और पक्के इरादे से पूरी तरह इम्प्रेस हुआ हूं। उनका नया स्टेट-ऑफ-द-आर्ट क्रिकेट स्टेडियम इस बात का सबूत है कि वे यह पक्का करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सीएम साहा ने त्रिपुरा में किया पहले गोल्फ टूर्नामेंट शुभारंभ

**● त्रिपुरा में खेल और व्यवसाय के लिए एक नए युग की शुरुआत है**

**अगरतला, वार्ता।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. माणिक साहा ने रविवार को त्रिपुरा गोल्फ एसोसिएशन (टीजीए) और बीएसएफ फंटियर मुख्यालय द्वारा भारत गोल्फ महोत्सव के तहत यहां पूर्वोत्तर में आयोजित पहले गोल्फ टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट में देशभर विभिन्न क्षेत्रों के 30 से अधिक गोल्फर शामिल हुए। आज यहां त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. माणिक साहा ने खेल मंत्री टिकू रॉय, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) के महासचिव आर्यवीर आर्य, टीजीए के अध्यक्ष डेविड देबबर्मा और सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के पुलिस महानिरीक्षक ए-के-चक्रवर्ती के साथ यहां शालबगान में बीएसएफ गोल्फ क्लब में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर त्रिपुरा की पहचान को बढ़ाने के लिए राज्य में एक अंतर्राष्ट्रीय-मानक गोल्फ कोर्स स्थापित करने की घोषणा की, जिससे अधिक पर्यटन और निवेश के अवसर मिलेंगे। डा. साहा ने कहा कि यह त्रिपुरा में खेल और व्यवसाय के लिए एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा , ष्मैं भारत गोल्फ महोत्सव के तहत पूर्वोत्तर में पहले गोल्फ टूर्नामेंट का उद्घाटन करके बहुत खुश हूं। यह त्रिपुरा के लिए एक गर्व का क्षण है क्योंकि हम टीजीए द्वारा आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से 30 से ज्यादा गोल्फ खिलाड़ियों की मेजबानी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अप्रत्याशित उड़ान व्यवधानों के कारण लगभग 25 गोल्फ खिलाड़ी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए, लेकिन कई बाधाओं के बावजूद, कार्यक्रम में अच्छी खासी उपस्थिति रही।

### ऐश्वर्य तोमर ने वर्ल्ड कप फाइनल में थ्री पोजीशन में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी स्पोर्ट फेडरेशन आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल में 50 मीटर थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। दोहा के लुसैल शूटिंग कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में दो बार के ओलंपियन, पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन, मौजूदा एशियाई चैंपियन और पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने चेकिया के जिरी प्रिव्रात्स्की के बाद दूसरा स्थान हासिल किया, जिन्होंने नए आईएसएसएफ फॉर्मेट के 40-शॉट के फाइनल में 414.2 का स्कोर किया, जिससे वह 0-9 पीछे रह गए। ओलंपिक चैंपियन लियू युकुन ने कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्य ने क्वालिफिकेशन में 595 का स्कोर किया और चीन के टियान जियामिंग के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

# माइकल नीसर के पंजे से ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** माइकल नीसर (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को इंग्लैंड को दूसरी पारी में 241 के स्कोर पर समेटने के बाद जीत के लिए मिले 65 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में हासिल कर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम करने के साथ पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

मिचेल स्टार्क को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। जेक वेदरॉल्ड और ट्रेविस हेड की जोड़ी ने 65 रनों के लक्ष्य के लिए ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत की और टीम जीत की ओर बढ़ रही थी कि इसी दौरान छठें ओवर में गस ऐटकिसन ने ट्रेविस हेड को बोल्डकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 22 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रनों की पारी खेली। आठवें ओवर में गस ऐटकिसन मार्नस लाबुशेन (तीन) को आउटकर अपना दूसरा शिकार किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान स्टीव स्मिथ ने जेक वेदरॉल्ड के साथ संभलकर खेलते



**● माइकल नीसर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए**

अपनी टीम को 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दिला दी। स्मिथ ने ऐटकिसन की गेंद पर छक्का उड़ाते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। स्मिथ ने नौ गें. दों में नाबाद 23 रन बनाए। वहीं जेक वेदरॉल्ड ने 23 गेंदों में नाबाद 17 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए गस ऐटकिसन ने दो विकेट झटके। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरु किया। इंग्लैंड का सातवां विकेट विल जौक्स के रूप में 224 के स्कोर पर गिरा। विल जौक्स ने 92 गेंदों में दो चौकों की मदद से 41 रन बनाए। उन्हें माइकल नीसर ने आउट किया। इसके बाद नीसर ने कप्तान बेन स्टोक्स का भी शिकार कर लिया। बेन स्टोक्स ने 152 गेंदों में चार चौकों की मदद से 50 रनों की पारी खेली। गस ऐटकिसन (तीन) रन बनाकर आउट हुए। नीसर ने 76वें ओवर में ब्राइडन कार्स (सात) को आउट कर इंग्लैंड की दूसरी पारी को 241 के स्कोर पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में जीत के लिए 65 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नीसर ने पांच विकेट लिए। मिचेल स्टार्क और स्टॉक बोलैंड को दो-दो विकेट मिले। ब्रेंडन डॉगेट ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 334 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 511 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर 177 रनों की बढ़त हासिल की।

### मणिपुर ने 12वीं बार जीता डा. तालिमेरेन एओ जूनियर गर्ल्स एनएफसी का खिताब

**आंध्र प्रदेश, वार्ता।** मणिपुर ने रविवार को बंगाल को 9-0 से हराकर अपना 12वां डा. तालिमेरेन एओ जूनियर गर्ल्स' नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप टियर 1 का खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ ही मणिपुर ने खिताबों की शानदार हैट्रिक भी पूरी की। यहां अनंतपुर के आरडीटी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में मणिपुर के लिए, चिगखामयुम रेडिमा देवी (आठवें, 41वें, 65वें) मिनट और लोंगजाम नीरा चानू ने (29वें, 55वें, 59वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक लगाई, जबकि याइफबी थोकचोम ने (68वें, 76वें) मिनट में दो गोल किए। मोंगजाम पुष्पाराणी देवी ने (75वें) मिनट में एक गोल किया। चैंपियनशिप के फाइनल में मणिपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाफ टाइम तक मणिपुर 3-0 से बढत बनाई।

# प्रथमेश ने तीरंदाजी को जीते दो स्वर्ण



**जयपुर, वार्ता।** सावित्री ज्योतिबाई फुले यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रथमेश फुगे ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कंपाउंड तीरंदाजी में दो स्वर्ण पदक जीते। आर्थिक चुनौतियों को पार करते हुए 22 वर्षीय तीरंदाज प्रथमेश ने व्यक्तिगत फाइनल में मिहिर नितीन को परफेक्ट 10 स्कोर करते हुए हराया और महक पाठन के साथ मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में भी स्वर्ण जीता।

दोहरे स्वर्ण पदक जीतने के बाद प्रथमेश ने साई मीडिया से कहा कि मैं जीतने के बारे में नहीं सोचता, मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देने और बाकी ऊपर छोड़ने में विश्वास करता हूं। हर 10-पॉइंटर शॉट के लिए मैं सिर्फ अपने मसल मेमोरी पर निर्भर करता हूं, न प्रतिद्वंद्वी की परवाह करता हूं और न हवा की। उन्होंने कहा, ष्मैं हर दिन और कठिन अभ्यास करता था ताकि साई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई), सोनीपत में चयन हो जाए, जिससे मेरे माता-पिता पर खर्च का बोझ न पड़े। 22 साल की उम्र में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं परिवार पर बोझ न बनूं। प्रथमेश ने याद किया, ष्कोविड के बाद पिता का काम लगभग बंद हो गया था और स्थिति बेहद खराब थी। आर्चरी के सामान के लिए वे रिश्तेदारों और दोस्तों से उधार लेते थे। मुझे पता था कि मुझे कड़ी मेहनत करके परिवार की मदद करनी है, कर्ज चुकाने में उनका साथ देना है और अपनी आर्चरी को भी आगे बढ़ाना है।

# फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल 52वां संस्करण संपन्न

**नई दिल्ली/वाराणसी, वार्ता।** फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 52वें संस्करण का मुख्य कार्यक्रम सांस्कृतिक रूप से जीवंत शहर वाराणसी में हुआ। आज सुबह आयोजित हुए इस कार्यक्रम में भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी का अधिकार मिलने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर फिटनेस, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव का शानदार संगम देखने को मिला। इस एडिशन में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स को विशेष रूप से शामिल किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया की अगुवाई में, यह आंदोलन अपने पहले वर्षगांठ एडिशन में प्रवेश कर रहा है, जो 21 दिसम्बर को पुडुचेरी में होने वाला है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, ष्सिर्फ एक साल में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल पहल 10 हजार से अधिक जगहों पर आयोजित की जा रही है, जिससे हर हफ्ते एक लाख से अधिक लोग जुड़ रहे हैं। एथलीटों और कलाकारों से लेकर अभिनेताओं और नागरिकों तक, हर कोई इस आंदोलन में शामिल हुआ है। डा. मांडविया ने कहा, ष्आज बनारस हिदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) में यह मेगा इवेंट उस गौरवपूर्ण उपलब्धि का भी जश्न है कि भारत 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है। साथ ही, आज पहली बार संगीत और संस्कृति की जानी-मानी हस्तियां वाराणसी में इस कार्यक्रम में शामिल हुई हैं। प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड, जो समाज को सुरक्षित रखने के लिए अथक प्रयास करते हैं, वे भी खास पार्टनर हैं जो हमारे एथलीटों के साथ शामिल हुए हैं, जो हमारी खेल संस्कृति को तेजी से आगे बढ़ाने में हर दिन योगदान दे रहे हैं। बीएचयू में सुबह के कार्यक्रम ने काशी की गलियों को स्वास्थ्य, सद्भाव और भारत की बढ़ती खेल प्रतिष्ठा के एक ऊर्जावान उत्सव में बदल दिया। नागरिक, एथलीट, सांस्कृतिक हस्तियां, प्राइवेट सिक्योरिटी कर्मी और छात्र बीएचयू में एकत्र हुए, जिससे कार्यक्रम में लोगों की संख्या 1000 हो गई। साइकिलिग के अलावा, आज सुबह जुम्बा, योग और रस्सी कूद जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों का एक खास जमावड़ा हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन राज्य मंत्री दया शंकर मिश्रा, पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित और बनारस घराने के मशहूर गायक पंडित साजन मिश्रा, जाने-माने संगीतकार और बनारस घराने के तबला वादक संजू सहाय, संकट मोचन मंदिर के महंत विश्वंभर नाथ मिश्रा, काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रधान अर्चक शशि भूषण त्रिपाठी (गुड्डू महाराज), और भारत के टॉप एथलीट, जिनमें बॉक्सर अमित पंघाल, वेटलिफ्टर सुनीलसिंह और फ्रीस्टाइल पहलवान पूजासिंहाग शामिल थे। श्री दया शंकर मिश्रा ने इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ष्मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने परोपकारी और दूरदर्शी फिट इंडिया मूवमेंट शुरू किया, जिसने फिटनेस को देशव्यापी जन आंदोलन में बदल दिया है। मैं केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मंडाविया जी का भी तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने आज का ष्शुरू किया और लगातार इनोवेटिव और समावेशी पहलों के माध्यम से इस आंदोलन को मजबूत कर रहे हैं। आज का यह उत्सव सच में एक स्वस्थ, सक्रिय और सशक्त नए भारत की भावना को दर्शाता है। पद्म भूषण साजन मिश्रा ने राष्ट्रमंडल खेलों 2030 के उत्साह को और बढ़ाया कि यह बहुत गर्व का क्षण है। हमने यहां एशियाई खेल भी आयोजित किए हैं, और 5 साल से भी कम समय में यहां राष्ट्रमंडल खेल होने जा रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी हमेशा कहते हैं कि जब तक आप स्वास्थ्य के लिहाज से फिट नहीं रहेंगे, तब तक आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकते। साइकिलिग भी फिट इंडिया का हिस्सा है, इसलिए हमें ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए। संकट मोचन मंदिर के महंत विश्वंभर नाथ मिश्रा ने कहा, ष्शहर में ऐसी गतिविधियां नियमित रूप से होनी चाहिए। लोग आलसी होते जा रहे हैं।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मायके पक्ष ने लगाया जहर देकर हत्या करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा क्षेत्र के बुद्ध बाजार निवासी सलमान अली ने अपनी बहन शाइस्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, शाइस्ता की शादी 24 नवंबर 2020 को संभल जनपद के नखासा थाना क्षेत्र के युवक नदीम के साथ हुई थी। सलमान का दावा है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज के लिए उसका उत्पीड़न कर रहा था। आरोप है कि परिवार वाले 30 लाख रुपये की लगातार मांग कर रहे थे और कई बार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित भी किया जाता था।सलमान अली ने बताया कि 4 दिसंबर की सुबह करीब 4:30 बजे शाइस्ता का फोन आया, जिसमें उसने रोते हुए बताया कि ससुरालवालों ने नदीम के साथ मिलकर उसे जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया है। कॉल कटने के बाद परिजन तत्काल उसकी ससुराल पहुंचे, जहां शाइस्ता बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़ी मिली। परिजनों के अनुसार, उन्होंने तुरंत उसे स्थानीय चिकित्सक को दिखाया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद के साई हॉस्पिटल ले जाया गया। बाद में उसे ब्राइट स्टार हॉस्पिटल, थाना में भर्ती कराया गया।उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष ने ससुरालवालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मुरादाबाद क्लब में आयोजित हुई सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन बैठक

**मुरादाबाद।** सीनियर सिटीजन वेल फेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक मुरादाबाद क्लब में उत्साह के साथ आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत गायत्री मंत्र के तीन बार उच्चारण तथा ईश वंदना से हुई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिकता से भर गया। इसके बाद गत माह की बैठक की कार्यवृत्त का वाचन महासचिव द्वारा किया गया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। बैठक का संचालन सुभाष चन्द्र वार्ष्णेय तथा विपिन अग्रवाल ने किया।वही डॉ. जी. कुमार ने दयाराम सागर और पी.के. जैन को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएँ दीं। इसके पश्चात गीता जयंती के उपलक्ष्य में सरिता अग्रवाल और विजय अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। दोनों ने गीता के महत्व, उसके जीवन-प्रबंधन संबंधी सूत्रों और अध्यात्मिक संदेशों की व्याख्या करते हुए उपस्थित जनों को मार्गदर्शन प्रदान किया। एस.पी. सिंह ने भी गीता जयंती पर विस्तार से अपने विचार रखते हुए इस पवित्र ग्रंथ के जीवनोपयोगी संदेश और इसकी आधुनिक जीवन में प्रासंगिकता के बारे में बताया।कार्यक्रम में मनोरंजन का भी विशेष प्रबंध किया गया। योगेश गुप्ता ने गीत और गजलों की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी सदस्यों का मन मोह लिया, जिससे सभा में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।बैठक के साथ ही राजकीय अस्पताल की स्वास्थ्य परीक्षण टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक दवाइयाँ भी प्रदान की गईं। सदस्यों ने इस पहल की सराहना की।

# आजमनगर-भीकनपुर मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** शनिवार देर शाम आजमनगर चौपड़ा-भीकनपुर बघा मार्ग पर रामदास त्यागी ट्यूबवेल के निकट दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों परिवारों में को. हराम मच गया।

जानकरी के अनुसार शाहपुर चमारन निवासी मनोज (24) पुत्र जशवंत अपनी बहन को बुलाकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। मनोज की बहन की शादी आजमनगर चौपड़ा गांव में हुई है, मनोज की ससुराल भी वहीं है। उधर आजमनगर चौपड़ा निवासी रेहान (16) पुत्र बन्ने अपने दोस्त रजत पुत्र राजू के साथ महमूदपुर माफी से मोबाइल ठीक कराकर वापस लौट रहा था। रास्ते में दोनों मोटरसाइकिलें आमने-सामने भिड़ गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि रेहान की मौके पर ही मौत हो गई। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मनोज को गंभीर अवस्था में कुन्दरकी ब्ब्ब लाया गया जहाँ उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे में मनोज के साथ बैठी उसकी बहन तथा रेहान के साथ उसकी बाइक पर सवार रजत घायल हो गए। दोनों का उपचार जारी है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में मातम छा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। परिजनों के अनुसार मनोज भट्ठे पर ईंट बनाने का काम करता था। चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था और उसकी शादी एक वर्ष पूर्व आजमनगर चौपड़ा की युवती से हुई थी।

## एक नजर

### चन्दौसी के शफीक सलमानी उर्फ माइकल बड़े परदे पर चमके, कई फिल्मों में किया अभिनय



**चन्दौसी।** मोहम्मद शफीक सलमानी उर्फ माइकल छोटे परदे से बड़े परदे तक अपनी पहचान बनाकर चन्दौसी का नाम रोशन कर रहे हैं। शफीक अब तक कई वीडियो एल्बम, गानों, मॉडलिंग प्रोजेक्ट और फैशन शो में काम कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि छोटे शहर से निकलकर अभिनय की दुनिया में पहचान बनाना आसान नहीं होता, लेकिन कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार अपने सपने पर काम करते रहे। शफीक यूपी और हरियाणा की क्षेत्रीय फिल्मों में भी अभिनय कर चुके हैं। बॉलीवुड में उन्हें डायरेक्टर नारायण सिंह की फिल्म बत्ती गुल मीटर चालू में शाहिद कपूर के साथ काम करने का अवसर मिला, जिसके बाद उन्होंने स्त्री-2 में भी अभिनय किया। इसके अलावा करन जौहर की धड़क-2 में भूमिका निभाने का मौका मिला। लोकप्रिय वेब सीरीज कोटा फैक्ट्री में भी उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई। अभी हाल ही में वह 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली कपिल शर्मा की फिल्म किस-किस को प्यार करूं-2 में भी नजर आएंगे। शफीक ने चन्दौसी से मुंबई तक का सफर तय करते हुए कई बड़े प्रोजेक्ट में काम कर अपनी मेहनत और लगन से अपनी अलग पहचान बनाई है।

### काली मंदिर मार्ग पर नाले का निर्माण शुरू



**चन्दौसी।** नगरपालिका द्वारा स्वीकृत नाले का निर्माण कार्य अब आधिकारिक रूप से शुरू हो चुका है, जिससे कॉलोनीवासियों में राहत की उम्मीद बढ़ गई है। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने शनिवार को सभासद उमेश सैनी और संजय सैनी के साथ आवास विकास काली मंदिर क्षेत्र में पहुँचकर नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर नाले की लंबाई की मैपिंग की गई, जो लगभग 715 मीटर पाई गई। सभासदों ने बताया कि नाले के निर्माण से क्षेत्र में वर्षों से बनी जलभराव की समस्या समाप्त होगी और दोनों ओर स्थित मकानों तथा कॉलोनीवासियों को साफ और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा। बताया जा रहा है कि इस नाले के निर्माण पर लगभग 1 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत आएगी। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि कार्य तेजी से चल रहा है और निर्धारित समय के भीतर पूरा कर क्षेत्रवासियों को इसका लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

### भाकियू महात्मा टिकैत ने सौरभ शर्मा को युवा जिला उपाध्यक्ष बनाया



**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारी का वितरण किया है। जिलाध्यक्ष संभल कुंवरपाल सिंह यादव की संस्तुति पर सौरभ शर्मा पुत्र सुरेश. चंद्र शर्मा, निवासी ग्राम फरीदपुर, जिला संभल को युवा जिला उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि सौरभ शर्मा युवाओं को जोड़कर किसान आंदोलन को मजबूत करेंगे और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाकर समाधान के लिए निरंतर कार्य करेंगे। भाकियू महात्मा टिकैत का कहना है कि संगठन में नई ऊर्जा और नई सोच वाले युवाओं की भागीदारी जरूरी है, ताकि किसानों के हक की लड़ाई और प्रभावी ढंग से लड़ी जा सके।

### नगरपालिका ने शुरू की अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया, सड़कों पर लगाए जा रहे लाल निशान

**चन्दौसी।** नगरपालिका जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करने जा रही है, जिसके लिए रोड मैप तैयार किया जा रहा है। नगर क्षेत्र की गलियों और सड़कों पर नगरपालिका कर्मी लाल पेंट से निशान लगा रहे हैं। इसके बाद अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस के बाद भी यदि दुकानदार या भवन स्वामी स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो नगरपालिका पुलिस की मौजूदगी में बुल्डोजर की मदद से इसे हटाएगी और जुर्माना भी वसूला जाएगा। शनिवार, रविवार और सोमवार को कर्मचारी लाल निशान लगाने का कार्य करेंगे। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि लोग स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लें, और यदि किसी को कोई समस्या है तो कार्यालय में आकर समाधान कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण के कारण आमजन को रोजाना जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुछ दुक. ानदार सड़क पर सामान फैलाकर रखते हैं, जिससे जाम जैसी स्थिति उत्पन्न होती है। इधर निशान लगने के बाद कई लोगों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाना भी शुरू कर दिया है, जो नगरपालिका के लिए सकारात्मक संकेत है।



# अखंड दीप एवं मातृ जनशताब्दी समारोह को लेकर हुई संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्री राम मैरिज हॉल में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सौजन्य से गायत्री परिवार शाखा बिलारी के गायत्री परिजनों ने अखंड दीप एवं माता भगवती देवी के जनशताब्दी समारोह के निमित्त एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें साधना, उपासना, आराधना, समयदान पर विस्तार से चर्चा हुई। संगोष्ठी से पूर्व गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ,राजपाल सिंह, चौधरी विजय सिंह ने अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य आदि शक्ति मां गायत्री शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। रविवार को श्री राम मैरिज होम बिलारी में आयोजित गायत्री परिवार की संगोष्ठी में बोलते हुए आचार्य विजय पाल सिंह राघव ने गायत्री साधकों को जनशताब्दी समारोह की तैयारी पर शांतिकुंज द्वारा निर्धारित रचनात्मक अभियानों पर कार्य करने के लिए संकल्पित किया। कहा कि गुरु माता जनशताब्दी की तैयारियां जोरों पर है। गुरु माता को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए परिजनों को हर दिन उनके बताए गए अभियानों को लेकर कार्य करना है। स्वयं की साधना, उपासना, आराधना और समयदान में पूर्व में किए गए प्रयासों मैं वृद्धि कर और अधिक मिशन के कार्य करें। गायत्री परिवार का हर एक छोटा कार्यकर्ता किसी राम भक्त हनुमान से काम नहीं, इसलिए इस महोत्सव की तैयारी के लिए पूज्य गुरुदेव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव-गांव गली-गली संपर्क अभियान चलाएं। व्यसन मुक्त भारत बनाने के लिए युवाओं को जागृत करें। गोष्ठी में मुख्य रूप से राम सिंह यादव, चौधरी विजय सिंह, विजयपाल सिंह, महेंद्र सिंह यादव, यशपाल सिंह, रमेश यादव, सुरेश यादव, सुखबीर सिंह, नेत्रपाल, चौधरी मनोहर सिंह, राजपाल सिंह, आदित्य राघव, सुमन चौधरी, गुड़िया रानी आदि सहित अनेकों कार्यकर्ता ने भाग लिया। संगोष्ठी का संचालन सुखबीर सिंह ने किया।

# मानवता की रक्षा में निर्धनों को लिहाफ वितरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नारायण कुमार लोहिया की स्मृति में लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में आर्य समाज के माध्यम से 1000लिहाफो का वितरण किया गया। आयोजन के प्रारंभ में पं लाल किशौर शास्त्री, भूपेंद्र शास्त्री एवं वीरेंद्र आर्य के पुरोहित्य विनय लोहिया -भारती लोहिया की यजमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर रणविजय सिंह रहे। कार्यक्रम में महानगर में मानवता की सच्ची सेवा में लगे राजेश भटनागर आर की टेक्ट, निर्यातक हेमंत जुनेजा, शताधिक रक्तदाता संजीव गोयल एवं लावा. रिशो मरीजों के इलाज कराने की सेवा करने वाले नीरज कुमार को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, लोहिया परिवार की ओर से लिहाफ वितरण का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है लोहिया परिवार और आर्य समाज की यह सतत् सेवा सराहनीय है। विनय कुमार लोहिया ने बताया कि हमारे पिता नारायण कुमार लोहिया की प्रेरणा है जो आज हम सेवा में है। हमारा पूरा परिवार स्व पिता की प्रेरणाओं का ऋणि है। ज्ञानेंद्र गांधी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर विभौर लोहिया राहुल रस्तौगी,मेजर योगेश गुलेरिया, नितिन रस्तौगी, डा मंजू , जितेंद्र आर्य, प्रदीप विश्नोई, लोकेश आर्य यशपाल आर्य राकेश कुमार आर्य प्रभा आर्य, रमाशंकर आर्य,लक्ष्मी यादव,विनय गुलाटी , पार्षद गीता कौशिक, डा राममुनि, मयंक आर्य, संजीव वर्मा,रवि टंडन गरीमा सिंह, गीतांजलि पाण्डेय,रीतिक आर्य,पूनम शास्त्री, निर्मल आर्य विजय कौशिक उमेश आर्य वी के अग्रवाल,नीरज सोनी, निर्यातक प्रेमवीर सिंह, सुदेश आर्य, नरेश कुमार,उत्तम सिंह आर्य आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मानवाधिकार संघ द्वारा इंटर कॉलेज छात्रों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**चन्दौसी।** रविवार को मानवाधिकार संघ संस्था के तत्वावधान में चन्दौसी के सभी हिन्दी माध्यम के इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं की एक निबन्ध प्रतियोगिता मौहल्ला महाजन चन्दौसी स्थित सोहनलाल सरस्वती शिशु मन्दिर में आयोजित की गयी। जिनमें से किसी एक पर प्रतिभागी को निबन्ध लिखना था। प्रतियोगिता में रामप्यारी इंटर कॉलेज की 03 छात्राएं, सनातन धर्म इंटर कॉलेज की 03 छात्राएं, बी. एम.जी इंटर कॉलेज की 03 छात्राएं, एफ.आर. इंटर कॉलेज से 02 छात्राएं और 01 छात्र, जगदीश सरन सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज से 03 छात्राएं, आर.एस. इंटर कॉलेज की 04 छात्राएं, बाबूराम इंटर कॉलेज से 01 छात्रा एवं 02 छात्रों, राजेश कुमार विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से 03 छात्रों, चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी से 03 छात्रों, अक्रूरजी इंटर कॉलेज से 2 छात्राओं नें प्रतिभाग किया। कक्ष निरिक्षक का कार्यभार त्रिमोहन सिंह यादव, जगदीश राना, बृजगोपाल गुप्ता, जयशंकर दुबे ने संभाला, परीक्षा प्रमुख अश्वनी कुमार रहे। पवन गुप्ता, संजीव कुमार सिंह नें केंद्र पर्वेक्षण का कर्यभार देखा तथा कवेन्द्र गौड़, नीलेन्द्र सिंह, आदि का विशेष सहयोग रहा। डॉ. दीपचंद अग्रवाल परीक्षा संयोजक रहे।

# कैथल के तीन युवाओं का अग्निवीर चयन, गांव में मनाया गया जश्न

**चन्दौसी।** युवाओं का सपना होता है कि वे सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करें, और इसके लिए कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। निकटवर्ती गांव कैथल के युवाओं ने भी इसी मेहनत के बल पर शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर फौज में चयन हासिल किया। वर्ष 2024 में चयनित हुए अग्निवीर प्रशिक्षण पूरा कर जब गांव लौटे तो कैथल में जश्न जैसा माहौल देखने को मिला। गांव का शहीद भगत सिंह अखाड़ा संचालित करने वाले पहलवान घमंडी सिंह यादव इन युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे हैं और उन्होंने इनकी दौड़ व फिजिकल तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार को अरविंद पुत्र हरी. सिंह निवासी कैथल, अनूप सिंह पुत्र चंद्रपाल निवासी आदमपुर और सुहैल पुत्र सलीम निवासी कैथल, इन तीनों युवाओं के अग्निवीर चयन के बाद जैसे ही वे ट्रेनिंग पूरी कर घर पहुंचे, पहलवान घमंडी यादव ने उन्हें अखाड़े पर बुलवाकर फूलमालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेक युवा भी फौजियों से मिलने और उनकी सफलता का जश्न मनाने पहुंचे। अग्निवीर अरविंद ने कहा कि उनका सपना था कि वे बड़े होकर देश की सेवा करें और आज वह सपना पूरा हुआ है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक दक्षता पर भी ध्यान देना चाहिए तथा दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

# भगवान राम ने सदैव दीन हीनों को गौरव प्रदान किया: बृजेश पाठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कुमार कार्तिकेय सभागार में चल रही श्री राम कथा के छठवें दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा संसार में लोग उन्हीं लोगों से संबंध बनाते हैं जिनसे संबंध बनाकर उनका गौरव बड़े जबकि प्रभु राम ने सदैव दीन हीनों से संबंध बनाकर उन्हें गौरव प्रदान किया !रामायण में प्रभु राम ने शवरी और गीधराज जटायु को वह सम्मान और गौरव प्रदान किया जो सम्मान माता कौशल्या और महाराज दशरथ को भी प्राप्त नहीं हुआ! क्योंकि लिखा हुआ है जब प्रभु राम बनके लिए निकले थे तो भूखे निकले थे और जब तक वनवास काल में माता शवरी नहीं मिली प्रभु राम भूखे ही, रहे प्रभु राम को तृप्त करने का गौरव माता शबरी को प्राप्त है! इसी प्रकार हमारी संस्कृति में बड़े पुत्र के हाथों पिता के अंतिम संस्कार का विधान है !पर यह सौभाग्य महाराज दशरथ को नहीं मिला क्योंकि श्री राम उनके पास नहीं थे उनका अंतिम संस्कार श्री भरत ने किया !जबकि जटायु जी का अंतिम संस्कार प्रभु राम ने अपने हाथों से किया। इतना ही नहीं जब प्रभु रामबन से लौट करके आए और उनके मित्रों ने उनके संस्मरण पूछे तो भगवान राम ने किसी ऋषि मुनि का नाम नहीं लिया बल्कि बार-बार गीधराज जटायू और माता शबरी का स्मरण किया, अपनी इसी विशेषता के कारण श्री राम लोगों के हृदय में भगवान के रूप में विराजमान हो गए! आज श्री राम कथा के प्रारंभ में व्यास पीठ का पूजन एवं प्रसाद की व्यवस्था विजेंद्र चौहान एवं सुधीर कुमार गुप्ता के द्वारा की गई कथा में सहयोग किया संजय जैन शिव ओम गुप्ता दुष्यंत चौहान अखिलेश श्रीवास्तव सुरेश कुमार गुप्ता फाइन सुरेंद्र चुग नरेश कुमार गुप्ता अलंकार विजेंद्र चौहान राकेश कुमार गुप्ता नवल किशोर गुप्ता पंकज चौहान आदि मौजूद रहे।

# बाजार में अवैध मुर्गे के मीट की दुकानों को बंद करने की मांग

- **मैनाठेर की बाजार में अवैध मीट की दुकाने लगाई जा रही हैं**
- **ग्रामीणों ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर दुकानों को बंद करने की मांग की**
- **पुलिस थाना मैनाठेर को आदेश देने की मांग की गई है।**
- **प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि मीट की दुकानों से दुर्गंध आती है और विवाद हो सकता है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** तहसील दिवस में ग्रामीणों ने एक प्रार्थना पत्र देकर मैनाठेर की बाजार में अवैध मुर्गे के मीट की दुकानों को बंद करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाजार में अवैध रूप से मुर्गे के मीट की दुकाने लगाई जा रही हैं, जिससे दुर्गंध आती है और विवाद होने की संभावना है। ग्रामीणों ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि मैनाठेर थाने के सामने बाजार लगती है, जिसमें शिव मंदिर और मजार भी है। पहले यहां कोई मीट की दुकान नहीं लगती थी, लेकिन अब अवैध रूप से मुर्गे के मीट की दुकाने लगाई जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मीट की दुकानों से दुर्गंध आती है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसके अलावा, कुत्तों के काटने का भी खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने पुलिस थाना मैनाठेर को आदेश देने की मांग की है कि वह अवैध मुर्गे की मीट की दुकानों को कोतवाली प्रभारी से बंद कराएं। प्रार्थना पत्र देने वालों में मुख्य रूप से शमीम अहमद, राविक हुसैन, महताब, राजपाल सिंह व नेपाली सिंह आदि शामिल हैं।

## नोएडा स्टेडियम के आसपास आज वाहनों के लिए रास्ते बदले रहेंगे

**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम के आसपास सोमवार को वाहनों के लिए रास्तों में बदलाव रहेगा। वाहनों की संख्या बढ़ने पर वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से निकाला जाएगा। यह व्यवस्था दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक रहेगी। स्टेडियम के फुटबॉल मैदान में सोमवार को सांसद डॉ. महेश शर्मा की माता का तेहरवीं कार्यक्रम है। इसमें कई वीवीआईपी के आने का अनुमान है। इसके अलावा काफी संख्या में लोग भी पहुंचेंगे।

# 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म-शिव पार्वती रसोई' हर रविवार-निःस्वार्थ सेवा, निश्छल समर्पण




**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार प्रत्येक रविवार की भांति आज भी शिव पार्वती रसोई का आयोजन मानव सेवा के संकल्प के साथ किया गया। आज की रसोई में निःशुल्क अरहर की दाल, चावल एवं जल का वितरण किया गया। आज की रसोई का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर, कुमार रणविजय सिंह जी द्वारा किया गया। वरिष्ठ अतिथि सीओ सिविल लाइंस, कुलदीप कुमार गुप्ता सम्मानपूर्वक उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों का पटका पहनाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्री कुमार रणविजय सिंह जी ने रसोई की व्यवस्था, कार्यप्रणाली और सेवा-भाव की विशेष सराहना की। इसके उपरांत संस्था के अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री पुष्प यादव ने बताया कि शिव पार्वती रसोई परिवार प्रत्येक रविवार जरूरतमंदों को निःशुल्क, स्वच्छ एवं प्रेमपूर्ण भोजन उपलब्ध कराता है और यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। आज की रसोई में संस्था के निम्न सदस्य ससम्मान उपस्थित रहे।

दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी के अध्यक्ष श्री आनंद मोहन गुप्ता, प्रत्यूष यादव, आशुतोष त्यागी, सुमित टंडन, अर्जुन सिंह, डॉ. सतवीर चौहान, अंकुर यादव, योगेश भारती, बंटी गुप्ता, विनय कश्यप, ओमप्रक. ाश सिंह, सुनीत अग्रवाल, हरिओम शर्मा, पारस त्यागी, विशेष यादव आदि मौजूद रहे।



# सम्पादकीय

सोमवार, 8 दिसम्बर 2025

## केवल चार दिन शेष

चुनाव आयोग ने हालांकि साफ कर दिया कि एसआईआर फार्म समय पर नहीं भरने पर किसी तरह की सजा या जुर्माने का कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन इससे आपका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाएगा, यदि कोई निर्धारित अवधि के तहत एसआईआर फार्म यानी एन्युमरेशन फार्म नहीं भरा, तो उसका नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया जा सकता है। एसआईआर की प्रक्रिया यूपी, एमपी, बंगाल, राजस्थान समेत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही है और अब एसआईआर फार्म भरने के लिए केवल चार दिन बचे हैं। एसआईआर फार्म भरने का काम 4 नवम्बर को शुरू हुआ था और अब 11 दिसम्बर तक चलेगा। जैसे-जैसे निर्धारित समय नजदीक आ रहा है, यह सवाल उठ रहा है कि यदि समय रहते एसआईआर फार्म नहीं भरे तो क्या होगा, क्या एसआईआर फार्म भरना जरूरी है, मतदाता सूची की स्क्रूटनी के लिए एसआईआर फार्म भरने की डेडलाइन 11 दिसम्बर है। इस तारीख तक एसआईआर फार्म भरने से चूकने पर क्या-क्या नुकसान होंगे। मतदाता सूची में नाम न रहने पर आप मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। लोकसभा, विधानसभा चुनाव या पंचायत या नगरपालिका चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगे। इसके अलावा भविष्य में ऐसे लोग कई योजनाओं के लाभ से भी वंचित रह सकते हैं, जो केंद्र सरकार की ओर से चलाई जाती हैं। आगामी विधानसभा या लोकसभा चुनावों में मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना बहुत ही जरूरी है। मतदान करना वोटर या नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। मतदाधिकार का प्रयोग कर आप अपनी सरकार का चुनाव करते हैं। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि जिनका नाम पिछली एसआईआर वोटर लिस्ट में पहले से है या फिर उनके माता-पिता या दादा-दादा या नाना-नानी का नाम दर्ज हैं। उन्हें फार्म भरना जरूरी है। यूपी में 2003 और पश्चिम बंगाल में 2002 की वोटर लिस्ट से उन्हें मिलान करना होगा और उन्हें 11 दिसम्बर तक एसआईआर फार्म भरना होगा। इसके अतिरिक्त जिन मतदाताओं के नाम एसआईआर में नहीं है। वे भी फार्म भर सकते हैं। चुनाव आयोग ने ऑनलाइन भी फार्म भरने की सुविधा जारी की है। वैसे ठस्ब्के घर पर तीन बार आने की बात है, लेकिन अगर वे किसी वजह से बीएलओ का आपसे संपर्क नहीं हो पाता है या आपको फार्म नहीं मिला, तो अभी भी समय है, आप अवजमते।मबप।हवअ।पद पर ऑनलाइन फार्म जमा कर दें, अन्यथा आपका नाम 16 दिसम्बर को जारी होने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं होगा। किसी गलती को सही करने के लिए थ्वतउ 8 भरने का चुनाव आयोग ने विकल्प दिया है। अगर आपका नाम पिछली वोटर लिस्ट में था और आपका नाम 2002 या 2003 वाले एसआईआर रिकार्ड में नहीं है, फिर भी एसआईआर फार्म भरें, हालांकि इसके लिए सत्यापन के लिए आपको नोटिस जारी किया जा सकता है, अगर आप फार्म नहीं भर पाएं हैं या आपके माता-पिता का 2003 एसआईआर की सूची में नहीं हैं, तो आपका नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं होगा, लेकिन इसके बावजूद आप दावा आपत्ति अवधि के दौरान जनवरी 2026 तक अपनी जानकारी जमा करने का विकल्प है। मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए म्ब्प् वेबसाइट पर उपलब्ध थ्वतउ 6 का प्रयोग करें। इसके लिए एक दस्तावेज जैसे आधार, बर्थ सर्टिफिकेट या पुराना एपिक कार्ड देना होगा, यदि ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद आपने फार्म भरा, तो आपको चुनाव अधिकारी के सामने सुनवाई में उपस्थित होना होगा, सुनवाई में नहीं पहुंचे और अपनी पात्रता साबित नहीं कर पाए, तो आपका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।

## कश्मीर इश्यू का नाम लेना अब गुनाह



केंद्र सरकार की नीतियां पूरी तरह से फेल हो गई है, जिसके चलते डाक्टर सुसाइड बॉम्बर बना, कश्मीर इश्यू का नाम लेना अब गुनाह समझा जाता है, लेकिन मुल्क में जो समझदार लोग हैं, वे समझेंगे कि एक पढ़ा-लिखा डाक्टर अपने ऊपर बम बांधकर बेगुनाह लोगों को मारकर खुद भी जान देता है, ये कोई अच्छी बात है क्या, हम तो गांधी के देश से मिले, बस अपनी जिंदगी इज्जत से जीने के लिए, हम यह तो नहीं कहते कि हमें उठाकर पाकिस्तान को दे दो या यहां-वहां फेंक दो, हमें इज्जत दो, हमारे पढ़े-लिखे युवाओं को इज्जत दो, आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने राजधानी दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है। **-महबूबा मफ्ती, पूर्व सीएम, जम्मू कश्मीर**

# लोकतंत्र में बंदों को गिना करते हैं तौला नहीं करते



**तनवीर जाफरी**




नवनिर्वाचित बिहार विधानसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण के दौरान गत 1 दिसंबर को भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था की वास्तविकता का एक अजीब दृश्य देखने को मिला जबकि राज्य की नवादा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित जनता दल (यूनाइटेड) विधायक विभा देवी को हिंदी में भी शपथ पत्र पढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा।

अनपढ़ होने के कारण ही वह ठीक से शपथ नहीं पढ़ पा रही थीं। इस संबंध में वायरल हुई वीडियो में देखा गया कि शपथ लेने के दौरान वे बार-बार रुक गईं और उन्होंने पास में बैठी एक अन्य जेडीयू विधायक मनोरमा देवी से शपथ पूरी करने में मदद मांगीं, जिन्होंने उन्हें शब्दों का उच्चारण बताया। स्वयं स्पीकर महोदय ने बार-बार शपथ लेने में मनोरमा देवी की सहायता की जिसके बाद ही विभा देवी किसी तरह शपथ लेने की औपचारिकता निभा सकीं।

विभा देवी का परिचय व उनकी योग्यता केवल यह है कि वे पूर्व विधायक और विवादित बाहुबली राजबल्लभ यादव की पत्नी हैं। वे आरजेडी के प्रत्याशी कौशल यादव को 27,594 वोटों से हराकर विजई घोषित हुई हैं। गोया अब बिहार का भाग्य लिखने वालों में एक नाम विधायक विभा देवी का भी शामिल होगा। राज्य के नेतृत्व में ऐसे और भी कई उदाहरण हैं।

इसी बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देश के प्रसिद्ध चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर शायद यह सोचकर जन सुराज नामक अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे होंगे कि जब वे दूसरे दलों व उनके नेताओं को चुनावी जीत दिला सकते हैं तो स्वयं अपने गृह राज्य में अपनी पार्टी बनाकर विजई क्यों नहीं हो सकते? सुख और विलासता के जीवन को त्याग कर गत तीन वर्षों तक पूरे बिहार की खाक छानने के बाद अपनी ही कमाई के करोड़ों रुपये पानी में बहाकर जो मुद्दे वे जनता के सामने रख रहे थे निश्चित रूप से वही मुद्दे आज की राजनीति विशेषकर बिहार की जरूरत हैं। जैसे शिक्षा, पलायन, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को ही उन्होंने अपने चुनाव के सर्वप्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया।

इतना ही नहीं बल्कि जितने शिक्षित, अनुभवी, सज्जन, योग्य व दूरदर्शी लोगों को प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी का प्रत्याशी बनाया शायद राज्य के किसी अन्य दल ने नहीं बनाया परन्तु भारतीय राजनीति व देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का आज का सच यही है कि नवादा की जिस नवनिर्वाचित विधायक विभा देवी के अनपढ़ होने के कारण उनका मजाक उड़ाया गया उनके मुकाबले में जन सुराज पार्टी ने जिस अनुज सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था वे संसाधन भूगोल Resource Geography में पीएचडी धारक थे परन्तु उन्हें कुल 19349 वोट हासिल हुए और वे तीसरे नंबर पर रहे, जबकि अनपढ़ विभा देवी ने कुल 87423 वोट पाकर जबरदस्त जीत दर्ज की।

अब एक नजर डालते हैं पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह प्रकरण पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह ने बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान ही बिहार की नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सरकार की नीतियों, भ्रष्टाचार और पार्टी नेताओं पर कुछ गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने बिहार सरकार व अदानी पावर लिमिटेड के मध्य रु. 62,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुए यह दावा किया था कि यह अडानी को फायदा पहुंचाने की साजिश है। उन्होंने इस विषय पर सीबीआई जांच की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने भाजपा नेताओं जैसे भाजपा के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर 1995 हत्या मामले आरोपी होने, अपनी आयु व शिक्षा छिपाने जैसे प्रशांत किशोर के गंभीर आरोपों का समर्थन किया था।

आरके सिंह ने अनंत सिंह जैसे एनडीए उम्मीदवारों को अपराधी बताते हुए लोगों से उन्हें वोट न देने की अपील भी की थी परन्तु बलिहारी हो इस लोकतंत्र की कि सम्राट चौधरी भी चुनाव जीतकर पुन: राज्य के उप मुख्यमंत्री बन गए और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अनंत सिंह भी विजई हो गए, जबकि दूसरी ओर इनको आइना दिखाने वाले आर के सिंह जैसे ईमानदार व शिक्षित नेता के आरोपों को भाजपा ने अनुशासनहीनता व पार्टी-विरोधी गतिविधियां मानते हुए उल्टे उन्हें ही पार्टी से निलंबित कर दिया। उधर अपने निलंबन के कुछ ही घंटों बाद सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने अपने इस्तीफे में भी साफ कहा कि यह कार्रवाई भ्रष्ट लोगों के साथ साठगांठ को साबित करती है। उन्होंने भाजपा आलाकमान से यह भी पूछा कि भ्रष्टाचार व अपराधियों के विरुद्ध आवाज उठाना क्या भाजपा की नजरों में अनुशासनहीनता है? परन्तु लोकतंत्र में तथ्य व आरोप से भी बड़ा है जनमत या बहुमत। यानी जो जीता वही सिकंदर। अब एक नजर राहुल गांधी की बिहार में की गई पदयात्रा पर भी डालिए। राहुल गांधी ने बिहार में कभी पलायन रोकने के विषय को मुद्दा बनाकर तो कभी वोट अधिकार यात्रा के नाम पर बिहार के लोगों को जागरूक करने की पूरी कोशिश की। राजनीति व राज्य के विकास के बुनियादी मुद्दों पर उन्होंने जनता को जागृत करने का प्रयास किया। परन्तु चुनाव नतीजों ने उन सभी बुनियादी मुद्दों पर भी पानी फेर दिया।

गोया मतदाताओं को न तो शिक्षित व चरित्रवान राजनीतिज्ञ समझ आए न ही भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम। न ही राहुल गांधी, आर के सिंह व प्रशांत किशोर जैसे स्पष्ट बोलने व राजनैतिक दूरदृष्टि रखने वाले संघर्षशील नेता। बल्कि राज्य की जनता जनार्दन ने मुफ्त राशन, बैंक खातों में मुफ्त पैसा, धर्म-जाति, परिवारवाद, अनपढ़, अपराधी जैसे मुद्दों व प्रत्याशियों के पक्ष में अपनी राय जाहिर की। दरअसल आज के चतुर व शातिर राजनेता यह समझ चुके हैं बहुमत हासिल करने के लिए क्या क्या हथकंडे अपनाए जाने चाहिए और किस तरह मतदान में बहुमत को अपने पक्ष में करना चाहिए। शायद लोकतंत्र की इसी त्रासदी से प्रभावित होकर ही अल्लामा इकबाल ने लिखा था कि जम्हूरियत वह तर्ज-ए-सियासत है कि जिसमें। बन्दों को गिना करते हैं, तौला नहीं करते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजधानी दिल्ली का भविष्य खतरे में!

**खनन अरावली की प्रकृति और संस्कृति कृ दोनों के विरुद्ध है। इससे हमारी पारिस्थितिकी बिगड़ती है। हां, कुछ खनन-मालिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है, परंतु अधि. कतर लोगों को सिलि. कोसिस जैसी भयानक बीमारियां हो जाती हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ता है और फिर बीमारी के कारण आर्थिक स्थिति भी खराब होने लगती है। अरावली की हरियाली ही हमारी अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का आधार है। जैसे हमारे शरीर का आधार हमारी रीढ़ है, वैसे ही अरावली भारत की रीढ़ है, इसलिए इसकी सुरक्षा आवश्यक है। अरावली को खनन-मुक्त करना ही भारत की समृद्धि का मार्ग है।**



**विनीत नारायण**

सर्वोच्च न्यायालय के ताजा आदेश ने दिल्लीवासियों और उनकी भविष्य की पीढ़ियों का जीवन खतरे में डाल दिया है। इस आदेश के अनुसार दिल्ली की सीमा से सटी अरावली पर्वत शृंखला की हरियाली पर दूरगामी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के नए फैसले ने अरावली पर्वतमाला को 100 मीटर की ऊंचाई के आधार पर परिभाषित कर दिया है, जिससे इसके विशाल भाग को कानूनी संरक्षण से बाहर रखा जा रहा है। यह फैसला उत्तर-पश्चिम भारत, खघसकर दिल्ली एनसीआर के पर्यावरण के लिए खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि अरावली न केवल रेगिस्तानीकरण की एकमात्र रोक है, बल्कि यह जल संवर्धन क्षेत्र, प्रदूषण के लिए सिंक, वन्यजीवों के आवास और जन स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अरावली दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। यह थार मरुस्थल से आने वाली धूल और प्रदूषण को रोकती है। अगर अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण से बाहर रखा गया, तो दिल्ली-एनसीआर में धूल तूफान, वायु प्रदूषण और जल संकट बढ़ सकता है। अरावली की चट्टानों में दरारें प्राकृतिक जल संवर्धन के लिए अहम हैं। यहां प्रति हेक्टेयर दो मिलियन लीटर जल संवर्धन की क्षमता है, जिससे पूरे क्षेत्र का भूजल स्तर बना रहता है। इसके अलावा, अरावली विविध वन्यजीवों का आवास है, जिसमें सैकड़ों प्रजातियां शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अरावली को केवल उन्हीं भू-आकृतियों तक सीमित कर दिया है जो स्थानीय स्तर से 100 मीटर ऊंचाई पर हैं। इससे अरावली के लगभग 90: भाग को संरक्षण से बाहर रखा गया है, जिसमें छोटे टीले, ढलानें और बफर क्षेत्र शामिल हैं। यह निर्णय खनन, निर्माण और रियल एस्टेट गतिविधियों के लिए दरवाजे खोल देगा, जिससे जैव विविधता, जल संवर्धन और वायु गुणवत्ता पर गंभीर खतरा होगा। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न्यायिक संरक्षण के सिद्धांतों के खिलाफ भी जा सकता है। अदालतें पर्यावरणीय न्याय के लिए जानी जाती हैं। लेकिन इस निर्णय से ऐसा लगता है कि व्यावसायिक और विकासात्मक हितों को पर्यावरणीय और सामाजिक हितों पर प्राथमिकता दी जा रही है। यह भविष्य में अन्य पर्यावरणीय मामलों में भी खराब उदाहरण साबित हो सकता है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की लूट को और बढ़ावा मिल सकता है।विशेषज्ञों का कहना है कि यह निर्णय भारत के पर्यावरणीय संतुलन को गहराई से प्रभावित करेगा। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण का मुद्दा न केवल पर्यावरणीय और आर्थिक है, बल्कि यह नैतिक और न्यायिक भी है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 48 A और 51A में पर्यावरण संरक्षण का अधिकार और कर्तव्य शामिल है, जिसके तहत राज्य और नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करें। जानकारों के अनुसार इस नए निर्णय से यह जिम्मेदारी और अधिकार कमजोर हो रहा है, क्योंकि अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण से बाहर रखकर इसकी प्राकृतिक संपदा का दोहन आसान हो जाएगा। अरावली के आसपास रहने वाले स्थानीय समुदाय, आदिवासी, किसान और ग्रामीण इस पर्वतमाला की सुरक्षा के लिए सबसे ज्यादा आवाज उठा रहे हैं। उनका तर्क है कि अरावली न केवल उनकी आजीविका का स्रोत है, बल्कि उनकी संस्कृति और पहचान का हिस्सा भी है। अगर इसकी सुरक्षा नहीं होगी, तो इन समुदायों की जीवन शैली, आस्था और भावनाएं भी खतरे में पड़ेंगी। यह निर्णय न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि सामाजिक असमानता और विस्थापन को भी बढ़ावा देगा। राजस्थान में जहां बादल उठते थे, वहीं अरावली के जंगल उन्हें बरसाते थे। खनन के कारण अरावली का तापमान 3 से 5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पहले जयपुर की झालाना डूंगरी में खनन के कारण दोपहर बाद, जयपुर के अन्य हिस्सों की तुलना में, वहां का तापमान 1 से 3 डिग्री अधिक रहता था। सर्दियों में भी झालाना का तापमान जयपुर से अलग रहता था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूस-भारत साझेदारी- पुतिन की यात्रा के व्यापक प्रभाव



रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की इस हफ्ते दिसंबर 2025 में हुई भारत यात्रा को अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति के महत्त्वपूर्ण क्षणों में से एक माना जा रहा है। यह यात्रा यूक्रेन संघर्ष के बाद उस समय हुई जब वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और ऊर्जा सुरक्षा, भू-रणनीतिक संतुलन, रक्षा सहयोग तथा आर्थिक स्थिरता जैसे मुद्दे वैश्विक एजेंडे के केंद्र में हैं। भारत और रूस पिछले 25 वर्षों से विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में जुड़े हुए हैं, और यह यात्रा उस साझेदारी को नए आयाम देने वाली साबित हुई है।

**प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन की भारत यात्रा को दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक और सकारात्मक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह दौरा केवल औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि भारत-रूस रिश्तों को नई ऊर्जा, स्थिरता और बहुआयामी विकास देने वाला कदम है। मोदी ने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि रक्षा, ऊर्जा, आर्थिक और तकनीकी सहयोग के सभी क्षेत्र राष्ट्रीय हितों के अनुरूप मजबूत किए जा रहे हैं, और यह साझेदारी भविष्य में दुनिया में भारत की भूमिका को और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**भारत-रूस संबंधों में नई दिशा**

पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ा है और वर्तमान में यह 60-70 बिलियन डॉलर के आसपास पहुंच चुका है। दोनों देशों ने इसे 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अब यह साझेदारी केवल ऊर्जा और रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विनिर्माण, कृषि-तकनीक, दवाइयों, परिवहन-लॉजिस्टिक्स, निवेश और नवाचार जैसे कई नए क्षेत्र शामिल हो रहे हैं। इसका उद्देश्य व्यापार को अधिक संतुलित, टिकाऊ और बहुआयामी बनाना है।

**ऊर्जा और आपूर्ति सुरक्षा का भरोसा**

भारत की ऊर्जा सुरक्षा इस यात्रा का प्रमुख केंद्र रही। रूस ने भारत को दीर्घकालिक, स्थिर और निरंतर ऊर्जा आपूर्ति का भरोसा दिया है। वैश्विक अस्थिरता, पश्चिमी प्रतिबंधों और बदलते बाजार भावों के बीच यह आश्वासन भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे भारत न केवल प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर ऊर्जा प्राप्त कर सकेगा, बल्कि अपनी घरेलू ऊर्जा-नीति को स्थिर रखने में भी सक्षम होगा।

**रक्षा व लॉजिस्टिक्स साझेदारी का विस्तार**

भारत-रूस रक्षा संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहे हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रक्षा उत्पादन में सहयोग, तकनीक साझा करने, संयुक्त विकास और लॉजिस्टिक सपोर्ट को बढ़ाने पर जोर दिया। इससे न केवल भारत की रक्षा क्षमता मजबूत होगी, बल्कि मेक इन इंडिया के तहत रक्षा-उद्योग को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। पारंपरिक खरीदार-विक्रेता संबंध के स्थान पर अब सह-निर्माण और तकनीकी साझेदारी को प्राथमिकता दी जा रही है।

**आर्थिक अवसरों का विस्तार**

भारत और रूस दोनों ने निवेश, तकनीकी सहयोग और व्यापार को नए क्षेत्रों में विस्तारित करने का रोडमैप तय किया है। रूस की कंपनियां अब भारतीय बाजार में ऊर्जा, खनिज, लोहे-इस्पात, इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मा और आईटी क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के लिए इच्छुक हैं। वहीं भारत रूस को कृषि-उत्पाद, औषधि, दूरसंचार उपकरण, मशीनरी और सेवाओं का निर्यात बढ़ाने पर ध्यान देगा। यह परिवर्तन भारत के लिए नए रोजगार, तकनीकी प्रगति और आर्थिक विविधीकरण की राह खोलता है।



**एम. फहीम तन्हा**

**कूटनीतिक जीत: संतुलित विदेश नीति का संकेत**

पुतिन की यह यात्रा बताती है कि भारत अपनी विदेश नीति में संतुलन और स्वायत्तता बनाए रखने में सफल रहा है।

पश्चिमी देशों और रूस के बीच तनाव के बावजूद, भारत ने अपनी राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी और दोनों पक्षों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखे। यह भारत की परिपक्व, बहुध्रुवीय और स्वतंत्र विदेश नीति की स्पष्ट सफलता है। पुतिन की भारत यात्रा केवल एक औपचारिक शिष्टाचार यात्रा नहीं थी, बल्कि भारत-रूस संबंधों में नए युग की शुरुआत थी। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग, आर्थिक साझेदारी और तकनीकी सहयोग, इन सभी क्षेत्रों में व्यापक प्रगति का मार्ग तय हुआ है।

यदि भारत इन अवसरों का पूरी क्षमता से उपयोग करता है, तो आने वाले वर्षों में यह साझेदारी भारत की आर्थिक मजबूती, रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक प्रभाव को और अधिक बढ़ाएगी।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं टिप्पणीकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं )**



तिरुवनंतपुरम। आगामी केरल स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच एक घर की दीवारों पर पार्टी के बैनर लगाए गए।

## मिजोरम में म्यांमार, बांग्लादेशी शरणार्थियों का पंजीकरण अभियान तेज

**एजल।** मिजोरम में शरण लिए हुए म्यांमार के लगभग दो-तिहाई नागरिकों का पंजीकरण फॉरेनर्स आइडेंटिफिकेशन पोर्टल पर अब तक पूरा हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार तक मिजोरम में इस समय मौजूद 30893 म्यांमार शरणार्थियों में से 65.82 प्रतिशत का बायोमेट्रिक नामांकन किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि एजल और लुंगलेई जिलों में सभी शरणार्थियों का नामांकन पूरा कर लिया है, जिनकी संख्या क्रमश: 4100 के करीब और लगभग 1600 है। खावजॉल (94.19 प्रतिशत) और सेरछिप (92.87 प्रतिशत) जिलों ने भी इस अभ्यास में अच्छी प्रगति की है। म्यांमार से लगते खुली और लंबी सीमा वाले चम्फाई जिले में शरणार्थियों की सबसे अधिक संख्या है।

## पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत नाजुक लंदन रवाना होने की तैयारी फिर टली

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन बार देश का नेतृत्व कर चुकीं खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। लंदन ले जाने की तैयारी कई दिनों से चल रही थी, लेकिन डाक्टरों ने एक बार फिर उनकी यात्रा टाल दी है। शनिवार को मेडिकल बोर्ड ने साफ कहा कि इस समय खालिदा जिया का विदेश जाना सुरक्षित नहीं है। इसी वजह से लंदन रवाना करने की योजना अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई। डाक्टरों के मुताबिक, खालिदा जिया को फिलहाल ढाका के एवरकेयर अस्पताल के सीसीयू में रखा गया है। 80 साल की जिया को पिछले महीने सीने में गंभीर संक्रमण होने के बाद भर्ती कराया गया था। उनकी हालत लगातार उठ-बैठ रही है, इसलिए मेडिकल बोर्ड ने यात्रा को 'जोखिम भरा' बताया।

# इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं

### पीटीआई ने की सेना की टिप्पणियों की निंदा, संविधान संशोधनों के बाद कमजोर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी चेतावनी दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सेना के प्रवक्ता की पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ टिप्पणियों की आलोचना की और कहा कि इमरान खान 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं।

पार्टी ने हाल ही में संविधान संशोधनों के बाद कमजोर होती लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर भी चेतावनी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि इमरान खान 'सेना-विरोधी' रुख अपना रहे हैं और उनकी बयानबाजी राजनीति से आगे बढ़कर 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बन गई है। पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम राजा ने इस आरोप पर कहा पाकिस्तान के लोगों को दूर मत भगाइए, वे इमरान खान और पीटीआई के साथ हैं। इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने लोगों को एकजुट रखा। राजा ने कहा कि पाकिस्तान में जातीय और सांप्रदायिक जैसे कई दृष्टिकोण हैं, लेकिन इमरान ने सभी को ठुकराकर पाकिस्तान की विचारधारा के साथ खड़े रहने का विकल्प चुना। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में चुनी हुई सरकार को कमजोर करने की कोशिशों के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने आईएसपीआर की प्रेस कान्फ्रेंस को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया और कहा कि पीटीआई अपने संस्थापक के खिलाफ लगाए गए आरोपों का जवाब नहीं देगी। उन्होंने कहा कि आज हमें बताया जा रहा है कि देश के सबसे लोकप्रिय नेता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, जो कि हास्यास्पद है। राजा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने के प्रयासों का इतिहास पाकिस्तान में कई बार देखा गया है। उन्होंने कहा कि सैन्य शासन कभी भी समृद्धि नहीं ला सका और लोकतंत्र, कानून और संविधान के खिलाफ कथित तर्क हमेशा गलत साबित हुए। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली ने भी आईएसपीआर की टिप्पणियों की निंदा की और कहा कि यह लोकतंत्र के लिए 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने कहा कि मौजूदा माहौल बदलना चाहिए, वरना नुकसान केवल इमरान खान का नहीं बल्कि सभी का होगा। गोहर ने कहा कि पीटीआई हमेशा लोकतंत्र, शांति और कानून के शासन के पक्ष में रही है और इमरान हमेशा कहते रहे हैं कि पाकिस्तान और उसकी सेना जनता की हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मौजूदा हालात जारी रहे तो लोकतंत्र को सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा।



- पाक के लोगों को दूर मत भगाइए, वे इमरान खान और पीटीआई के साथ हैं
- इमरान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं: सलमान

## संक्षिप्त समाचार

### बेनिन में तख्तापलट के प्रयास के बाद अनिश्चितता

**पोर्टो-नोवो।** पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र बेनिन में रविवार को लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री के नेतृत्व में एक सैन्य समूह द्वारा राष्ट्रपति पैट्रिस तालोन को पद से हटाने की घोषणा के बाद देश में संवैधानिक संकट और अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तख्तापलट के प्रयास की शुरुआत राजधानी पोर्टो-नोवो में राष्ट्रपति तालोन के आधिकारिक आवास पर तड़के हुए हमले से हुई। इसके तुरंत बाद, खुद को 'पुनर्निर्माण के लिए सैन्य समिति' कहने वाले सैनिकों ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कब्जा कर लिया।

### पोलैंड ने सुरक्षा के लिए तैनात किए जेट

**वारसॉ।** यूक्रेन पर रूसी हवाई हमलों के बाद पोलैंड ने अपने एयरस्पेस की सुरक्षा के लिए जेट विमानों को तैनात कर दिया है। पोलैंड के सशस्त्र बलों की ऑपरेशनल कमांड ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उसने जरूरी सुरक्षात्मक उपायों को सक्रिय कर दिया है। लड़ाकू विमान हवा में गश्त पर थे और जमीन पर मौजूद वायु-रक्षा और रडार प्रणाली को सजग रखा गया था। इन कदमों को बचाव के तौर पर उठाया गया था। कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इसका मकसद एयरस्पेस, खासकर संभावित खतरे वाले इलाकों के पास की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### नाव डूबने से 18 प्रवासियों की मौत

**एथेंस।** यूनान में क्रेते के दक्षिणी तट पर प्रवासियों से भरी एक नाव के पलट जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। यूनान के सार्वजनिक प्रसारक ईआरटी ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह नाव द्वीप के दक्षिणी तट पर स्थित इरापेट्रा शहर से लगभग 26 समुद्री मील (48.2 किमी) दक्षिण में डूब गई। हेलेनिक तटरक्षक बल के अनुसार, दो जीवित बचे लोगों को पानी से बचा लिया गया। बचाव दल क्षेत्र में अभियान जारी रखे हुए हैं और गश्ती नौकाएं समुद्र से शव बरामद कर रही हैं। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और तटरक्षक बल ने जांच शुरू कर दी है।

### अमेरिका का नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान 'एक ढोंग': क्यूबा

**हवाना।** क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने कहा कि होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को दी गई माफी यह दर्शाती है कि अमेरिकी सरकार द्वारा घोषित नशीले पदार्थों के विरुद्ध युद्ध 'एक ढोंग' है। नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य आरोपों में संयुक्त राज्य अमेरिका में 45 साल जेल की सजा पाने वाले हर्नांडेज को ट्रम्प प्रशासन से आधिकारिक माफी मिलने के बाद सोमवार को रिहा कर दिया गया था।

# पुतिन की भारत यात्रा ट्रम्प की नाकामी

### पेंटागन के पूर्व अधिकारी का बड़ा बयान, अमेरिकी नीति को बताया पाखंड, पाकिस्तान को गले लगाने पर भी उठाए सवाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रूबिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे को बहुसंख्य अमेरिकी नागरिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोर नाकामी के रूप में देख रहे हैं। अमेरिकी नागरिक ट्रम्प को पसंद नहीं करते। रूबिन ने दावा किया कि हालिया सर्वे में पाया गया है कि अमेरिका के 65 प्रतिशत लोग ट्रम्प को नापसंद करते हैं। अमेरिकी पूर्व अधिकारी ने कहा कि रूस से रियायती तेल खरीदने पर भारत को लेक्चर देकर अमेरिका पाखंड कर रहा है क्योंकि वाशिंगटन खुद मास्को के साथ व्यापार में शामिल है। उन्होंने नई दिल्ली की अपनी जरूरतों को प्राथमिकता देने की स्थिति को सही ठहराया। पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने अमेरिका की कड़ी आलोचना तब की जब उनसे नई दिल्ली दौरे के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उस टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि मास्को बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की बिना रुकावट आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है और उसकी अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं। उन्होंने अगस्त में भारतीय आयात पर अमेरिका की तरफ से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की आलोचना की। वाशिंगटन का दावा है कि यह तेल यूक्रेन में मास्को के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देता है। रूबिन ने खास बातचीत में कहा, जो बात अमेरिकियों को समझ नहीं आती, वह यह है कि भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। अमेरिका पाखंड कर रहा है क्योंकि हम रूस से खरीदते हैं। हम ऐसे सामान और मटीरियल खरीदते हैं जिनके लिए हमारे पास कोई दूसरा बाजार नहीं है। उन्होंने कहा अगर हम नहीं चाहते कि भारत रूसी तेल खरीदे तो हमें भारत को सस्ती कीमत पर और जितनी मात्रा में उसे जरूरत है उतनी मात्रा में ईंधन देने के लिए हम क्या करने वाले हैं? पूर्व पेंटागन अधिकारी ने पाकिस्तान को गले लगाने के लिए अमेरिका के पास कोई रणनीतिक तर्क नहीं होने का दावा करते हुए कहा कि इस्लामाबाद को आतंकवाद का स्टेट स्पान्सर घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने जून में पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के व्हाइट हाउस दौरे पर भी आपत्ति जताई और कहा कि मुनीर को अमेरिका में गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वहीं अमेरिका की अंडर सेक्रटरी ऑफ स्टेट फार पालिटिकल अफेयर्स एलिसन हुकर 7 से 11 दिसम्बर तक भारत के दौरे पर रहेंगी। अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार, उनका यह दौरा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, रक्षा और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है। इस दौरे के दौरान एलिसन हुकर नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। वह विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ 'फारेन आफिस कंसल्टेशन' में हिस्सा लेंगी, जिसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा, आपसी हितों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।



भारत के पांच दिन के दौरे पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक हूकर, रणनीतिक साझेदारी, तकनीकी सहयोग पर होगा

## अमेरिका में और सख्त हुई वीजा जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने अपने 'अमेरिका फर्स्ट' एजेंडे के तहत इमिग्रेशन नियमों को और सख्त कर दिया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प काम से जुड़े वीजा नियमों को कड़ा कर रहे हैं और जांच प्रक्रिया को और मजबूत बना रहे हैं। इसके तहत अमेरिका की ट्रम्प सरकार ने घोषणा की है कि 15 दिसम्बर से एच-1बी वीजा और उनके परिवार (एच-4) आवेदकों की जांच और कड़ी होगी। इसके लिए बनाए गए नए नियमों के तहत सबसे पहले सभी वीजा आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'पब्लिक' करना होगा, ताकि अधिकारी उनकी आनलाइन गतिविधियों की जांच कर सकें। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वीजा पाना एक अधिकार नहीं, बल्कि एक विशेष अनुमति है। हर वीजा जांच राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। मामले में अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी उपलब्ध जानकारी देखकर ही फैसला लें कि आवेदक को वीजा दिया जाए या नहीं। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन के इस नए और सख्त कदम के बाद अमेरिका में वीजा पर काम करने वाले भारतीयों के लिए थोड़ी-बहुत चिंता बढ़ने की बात कही जा रही है।

## चीन ने ताइवान के करीब बढ़ाई सैन्य गतिविधियां

**ताइपे (ताइवान)।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने रविवार को बताया कि उसके क्षेत्र के आस-पास चीनी सेना (पीएलए) के दो विमान उड़ान भरते हुए और सात नौसैनिक (पीएलएएन) जहाज गतिविधि करते हुए दिखाई दिए। इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी देखा गया। मंत्रालय ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा, आज सुबह छह बजे (स्थानीय समयानुसार) तक ताइवान के आसपास पीएलए के दो विमानों और पीएलएएन के सात जहाजों की गतिविधि दर्ज की गई।

इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी पाया गया। ताइवान के रक्ष बलों ने स्थिति की निगरानी और प्रतिक्रिया दी। शनिवार को ताइवान के आसपास चीनी सैन्य गतिविधियां बढ़ गईं। उस दिन चीन के 29 लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई। इस बीच, जो बाइडन प्रशासन के पूर्व रक्षा अधिकारी एलि रैटनर ने जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के बयान को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि ताइवान की रक्षा में जापान के शामिल होने की संभावना पर चीन की प्रतिक्रिया अनुचित है। ताइपे टाइम्स के मुताबिक, एलि रैटनर 2021 से इस वर्ष तक हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए सहायक रक्षा सचिव थे। उन्होंने कहा कि ताइवान पर टिप्पणी कर ताकाइची ने केवल जापान की आधिकारिक नीति दोहराई है। सात नवम्बर को जापानी प्रधानमंत्री ने संसद में कहा था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो इसे 'जापान के अस्तित्व के लिए खतरा' माना जा सकता है और जापान को कदम उठाना पड़ सकता है। ताकाइची दशकों में पहली जापानी नेता हैं, जिन्होंने खुलकर कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य में संकट के समय जापान की सेना शामिल हो सकती है। उनके बयान से चीन नाराज हुआ और उसने जापान की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें जापान की यात्रा और शिक्षा पर चेतावनी और जापानी समुद्री भोजन के आयात को रोकना शामिल है।

- गश्त करते दिखे दो विमान और सात नौसैनिक जहाज
- उस दिन चीन के 29 लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई

## बल प्रयोग कर सकते हैं राष्ट्रपति ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कथित ड्रग कार्टेल से जुड़ी नावों पर सैन्य हमलों का बचाव किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास देश की सुरक्षा के लिए 'जैसा वह उचित समझें' कार्रवाई करने का अधिकार है। हेगसेथ ने कहा कि ट्रम्प अपनी इच्छानुसार बल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी में बोलते हुए हेगसेथ ने हमलों की आलोचनाओं को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि इन सैन्य हमलों में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इन हमलों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के संभावित उल्लंघन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीट हेगसेथ ने तर्क दिया कि अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा के लिए ये ऑपरेशन वाजिब था। उन्होंने इसकी तुलना 11 सितम्बर 2001 के हमलों के बाद लिए गए फैसलों से की। हेगसेथ ने कहा कि अगर आप किसी घोषित आतंकी संगठन के लिए काम कर रहे हैं और देश में नाव के जरिये ड्रग्स लाते हैं तो हम आपको ढूंढ लेंगे और डुबो देंगे। इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प देश के हितों की रक्षा के लिए जैसा सही समझेंगे, वैसी निर्णायक सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं और करेंगे।



- कथित ड्रग तस्करी से जुड़ी नावों पर हमलों को लेकर बोले अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ

# रूस को खतरा नहीं कहेगा अमेरिका

### ट्रम्प प्रशासन ने अपनी नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी (एनएसएस) में बड़ा बदलाव किया

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने अपनी नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी (एनएसएस) में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अमेरिका अब रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा। यह ट्रम्प की अमेरिका फर्स्ट नीति पर आधारित है। रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि अमेरिका ने शुक्रवार को 29 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया।

अब अमेरिका रूस के लिए 'डायरेक्ट थ्रेट' और दुश्मन कहने वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। रूस ने इस बदलाव का स्वागत किया है। क्रीमिया को 2014 में रूस में मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता रहा है। अब नई नीति में रूस के तरफ नरमी बरती गई है और कुछ मुद्दों पर सहयोग करने की बात कही गई है। वहीं ट्रम्प प्रशासन ने यूरोप की आलोचना करते हुए कहा कि उसका वजूद खत्म हो रहा है। यह नया अमेरिकी दस्तावेज ट्रम्प के 'लचीले यथार्थवाद' के सिद्धांत पर आधारित है। इसके मुताबिक अब अमेरिका की विदेश नीति बस उसके हितों पर बेस्ड होगी। इसका एकमात्र मापदंड होगा अमेरिका के लिए जो सबसे ज्यादा फायदेमंद है, वहीं करो। दस्तावेज में यूक्रेन जंग को जल्द से जल्द खत्म करने की बात कही गई है। इसे अमेरिका का खास ऐजेंडा बताया गया है। साथ ही रूस के साथ फिर से रणनीतिक स्थिरता बहाल करने की इच्छा जताई गई है, ताकि परमाणु हथियारों की होड़ और यूरोप में बड़े युद्ध का खतरा कम हो। अमेरिका का फायदा: एक्सपर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प हमेशा से मानते हैं कि रूस से दुश्मनी करके अमेरिका को कुछ नहीं मिला। वे पुतिन की तारीफ करते रहे हैं और कहते हैं कि पुतिन के साथ डील करके यूक्रेन युद्ध 24 घंटे में खत्म कर दूंगा। ट्रम्प नहीं चाहते कि अमेरिका यूक्रेन को हथियार देकर अरबों डालर खर्च करता रहे।

वे चाहते हैं कि जल्दी समझौता हो जाए। चीन को ताकत दिखाने के लिए-ट्रम्प की नई रणनीति में चीन को बार-बार 'सबसे बड़ा और लंबे समय का खतरा' कहा गया है। उनका मानना है कि रूस से लड़ते रहने से चीन को फायदा हो रहा है। यूरोप को सबक सिखाना-ट्रम्प नाराज हैं कि यूरोपीय देश अमेरिका से सुरक्षा मांगते हैं लेकिन खुद कम खर्च करते हैं। वे कहते हैं कि अगर यूरोप को यूक्रेन की इतनी चिंता है तो खुद लड़ लो। व्यापारिक लाभ-कई विश्लेषकों का कहना है कि ट्रम्प प्रशासन के कई लोग (खासकर जेरेड कुशनर ट्रम्प के दामाद) रूस और खाड़ी देशों के साथ बड़े व्यापारिक सौदे करना चाहते हैं।

- ट्रम्प बोले: यूरोप का वजूद खत्म हो रहा
- क्रीमिया को 2014 में रूस से मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता है

## हमारी रक्षा प्रणाली को चीन ने दो बार बनाया 'निशाना': जापान

**टोक्यो।** चीनी जे-15 लड़ाकू विमानों के दो बार जापान की वायु-रक्षा प्रणाली को निशाना बनाने के बाद चीन और जापान के बीच जारी तनाव गहरा गया। जापान के रक्षा मंत्री शिनजिरो कोइजुमी ने रविवार तड़के यह दावा किया। कोइजुमी ने यहां एक आपातकालीन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लियाओनिंग एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरने वाले एक चीनी जे-15 लड़ाकू विमान ने शनिवार दोपहर और शाम को ओकिनावा द्वीप के दक्षिण-पूर्व में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में वायु रक्षा-प्रणाली के एफ-15 लड़ाकू विमानों पर दो बार 'रडार से निशाना' साधा। मंत्रालय के अनुसार, पहली घटना स्थानीय समय के अनुसार शाम 4:32 और 4:35 बजे के बीच दर्ज की गई।

# रूस ने यूक्रेन पर 700 हवाई हमले किए

### गलती से अपने शहर पर गिराया 1000kg का बम, जंग रोकने यूएस-यूक्रेन बातचीत बेनतीजा

**कीव/मास्को।** यूक्रेन में आर्म्ड फोर्सेज डे से पहले रूस ने शनिवार को बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। यूक्रेन एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइल दागीं। इनमें से 585 ड्रोन और 30 मिसाइल मार गिराई गईं।

इससे 8 लोग घायल हुए। कई एनर्जी स्टेशन और रेलवे ढांचे को नुकसान पहुंचा। जापोरेजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट कुछ समय के लिए ऑफ-साइट पावर से कट गया, हालांकि रिएक्टर बंद होने के कारण कोई बड़ा खतरा नहीं हुआ। रूस ने भी यूक्रेन पर हवाई हमले करने का आरोप लगाया है। रूस ने यूक्रेन पर हमले के दौरान गलती से अपने ही एक शहर बेल्गोरोड (यूक्रेन सीमा से करीब 40 किमी दूर) पर एफएबी-1000 (हाई- एक्सप्लोसिव बम) गिरा दिया। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बम का कुल वजन लगभग 1000 किलो के करीब था। बम पूरी तरह फटा नहीं, लेकिन जमीन पर जोरदार धमाका हुआ और एक बहुत बड़ा गड्ढा बन गया। हमले के बाद यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच तीन दिनों की वार्ता बिना किसी सफलता के खत्म हो गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने ट्रम्प के शांति दूत स्टीव विटकाफ और अमेरिकी राष्ट्रपति के दामाद जेरेड कुशनर के साथ फोन पर बातचीत की थी। वहीं, यूरोपीय नेता सोमवार को लंदन में मिलने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अमेरिका की नीयत को लेकर आशंका जता चुके हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका, यूक्रेन को धोखा दे सकता है। रूस ने भी दावा किया कि उसने रातभर में 116 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। साथ ही यूक्रेन ने रूस के रयाजान तेल रिफाइनरी पर लंबी दूरी के ड्रोन से हमला किया। यूक्रेनी सेना और रूसी क्षेत्रीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। पिछले कुछ महीनों से यूक्रेन रूस के तेल रिफाइनरियों पर लगातार हमले कर रहा है, ताकि रूस का तेल निर्यात आय कम हो।



- बम पूरी तरह फटा नहीं, लेकिन जमीन पर जोरदार धमाका हुआ और एक बहुत बड़ा गड्ढा बन गया

